RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 348 ■ मुंबई, बुधवार 9 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



अवैध घुसपैठियों के साथ क्यों खड़े हुए विपक्षी दल
पेज-4



SDG इंडेक्स में यूपी की ऐतिहासिक छलांग
पेज-6



बारिश के मौसम में गलती से भी न खाएं ये साग
पेज-8



भारत की तरफ से ऑस्कर में गईं थीं ये फिल्में
पेज-10

# ट्रम्प ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया, भारत शामिल नहीं

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ का बम एक बार फिर से फोड़ना शुरू कर दिया है। टैरिफ हॉल्ट की 90 दिन की मियाद अब खत्म हो गई है। सोमवार को ट्रंप ने 14 देशों पर नए शुल्क का ऐलान कर दिया। अमेरिका के करीबी माने जाने वाले जापान और दक्षिण कोरिया को भी नहीं छोड़ा गया है। यहां तक कि पहले 2 लेटर इन्हीं देशों को भेजे गए। इन पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाया गया है। इसके अलावा साउथ अफ्रीका, कजाक्सतान, मलेशिया, म्यांमार और यहां तक कि बांग्लादेश पर भी यूएस ने तगड़ा टैरिफ ठोक दिया है। बांग्लादेश उन देशों में से एक है जिन पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाया गया है। लेकिन लोगों के लिए हैरानी की बात यह है कि यूएस ने भारत और चीन को अभी तक नहीं छुआ है।



### बांग्लादेश पर 35% टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बांग्लादेश पर 35% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के शेयरों में 8% तक की तेजी है। ऐसा इसलिए क्योंकि 35% टैरिफ से बांग्लादेश की निर्यात लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिकी बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। इसका फायदा भारत को मिल सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ के लागू होने की तय तिथि में कोई बदलाव न करने का एलान कर दिया है। अब सभी देशों पर यह टैरिफ 1 अगस्त से लागू हो जाएंगे। कोई एक्सटेंशन नहीं दिया जाएगा। कल कई देशों को भेजे गए पत्रों के अनुसार और आज, कल या अगले कुछ समय में भेजे जाने वाले पत्रों के साथ टैरिफ का भुगतान 1 अगस्त, 2025 से शुरू होगा। इस तिथि में कोई बदलाव नहीं हुआ है और कोई बदलाव नहीं होगा।

## आज 25 करोड़ कर्मचारियों की हड़ताल!



**नई दिल्ली।** 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चे ने आज यानी 9 जुलाई, 2025 को 'भारत बंद' का आह्वान किया है, जिसमें बैंकिंग, कोयला खनन, डाक, बीमा और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी शामिल होंगे। यूनियनों का आरोप है कि सरकार की 'कॉर्पोरेट-परस्त, मजदूर-विरोधी और किसान-विरोधी' नीतियों के खिलाफ यह हड़ताल जरूरी हो गई है। स्कूल, कॉलेज और निजी दफ्तर खुले रहेंगे, लेकिन यातायात व्यवधान की वजह से कुछ जगहों पर समस्याएं आ सकती हैं।

**हड़ताल का असर: क्या-क्या बंद रहेगा?**

**बैंक और बीमा:** पब्लिक सेक्टर बैंकों और बीमा कंपनियों के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे, जिससे लेन-देन और चेक क्लीयरेंस प्रभावित हो सकता है। बता दें बैंक यूनियनों ने अलग से सेवाएं बाधित होने की पुष्टि नहीं की है, लेकिन हड़ताल आयोजकों का कहना है कि पब्लिक सेक्टर और कोऑपरेटिव बैंकों के कर्मचारी शामिल हैं।

ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अमरजीत कौर ने कहा- 25 करोड़ से ज्यादा वर्कर इस हड़ताल में शामिल होने वाले हैं। किसान और ग्रामीण मजदूर भी इस प्रदर्शन का समर्थन करेंगे। रेलवे और टूरिज्म जैसे सेक्टरों को इस हड़ताल से बाहर रखा गया है।

# पुलवामा अटैक के लिए अमेजन से खरीदा गया विस्फोटक

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किया गया विस्फोटक पदार्थ ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है।

FATF ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर हमले का भी जिक्र किया है। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं।

रिपोर्ट में यह बताया गया है कि किस तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। FATF ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

### FATF की रिपोर्ट; गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को PayPal से पेमेंट हुआ



इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतरराष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। 14 फरवरी 2019 को CRPF का एक काफिला श्रीनगर-जम्मू हाईवे से गुजर रहा था। ट्रक पुलवामा के पास पहुंचा था, तभी एक सुसाइड अटैकर 200 किलो विस्फोटक लदी मारुति ईको कार लेकर घुस गया। विस्फोट इतना तेज था कि सुरक्षाबलों को लेकर जा रही 2 बसों के परखच्चे उड़ गए। इसमें 40 जवान शहीद हुए थे।

भारत सरकार की जांच में यह सामने आया कि यह हमला पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (JeM) ने करवाया था।

**आतंकवाद की फंडिंग को समझने में आ रही मुश्किलें**

FATF की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं, और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे।

**Short News एक नजर**

### अमरनाथ यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह



**जम्मू।** बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए पहले छह दिन में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन कर लिए हैं। पिछले साल पहले पांच दिन में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस तरह से यात्रा को लेकर पिछले साल की तरह ही भारी उत्साह नजर आ रहा है। इस साल की यात्रा तीन जुलाई से शुरु है जो 38 दिन की होगी और 9 अगस्त को रक्षा बंधन वाले दिन संपन्न होगी।

### प्लेन के इंजन में फंसने से व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** इटली के एक एयरपोर्ट पर मंगलवार को रनवे पर विमान के इंजन में फंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, वो व्यक्ति रनवे पर दौड़ रहा था और ए319 विमान के रास्ते में आ गया। विमान के इंजन ने उसे खींच लिया। ये हादसा सुबह करीब 10 :20 बजे हुआ, जब प्लेन स्पेन के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। घटना के बाद एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें रोक दी गईं। एयरपोर्ट संचालक कमेटी ने एक बयान जारी कर कहा कि मामले की जांच जारी है।

### नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में बाढ़

**काठमांडू।** नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में मंगलवार सुबह करीब 3 बजे अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 18 लोग लापता हैं, जिसमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक हैं। 12 नेपालियों में 3 पुलिसकर्मी, 9 नागरिक हैं। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। घटना चीनी सीमा पर नेपाल के रसुवा जिले में रसुवागढ़ी बॉर्डर पॉइंट की है। बाढ़ में नेपाल को चीन से जोड़ने वाला मेन पुल 'मितेरी ब्रिज' ढह गया।

### यूरोपीय देश के सैन्य विमान पर चीन का लेजर अटैक

**नई दिल्ली।** चीन की चालबाजी उसी पर भारी पड़ गई। यूरोपीय सुरक्षा मिशन के दौरान चीन की सेना ने यूरोपीय देश जर्मनी के एक सैन्य विमान को लेजर से टारगेट किया है। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय हलकों में हड़कंप मचा दिया है। जानकारी मिली है कि यह ऑपरेशन समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा था। घटना के बाद जर्मनी ने सीधे-सीधे चीन को घेर लिया है। चीनी राजदूत को बर्लिन तलब किया गया है। इस गंभीर घटना की जानकारी जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी।

## कभी 'मुर्मा' तो कभी 'कोविड' बुलाते हैं खड़गे

### भाजपा ने कहा – उन्हें माफी मांगनी चाहिए



**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव से पहले राजनीति चरम पर है। भाजपा ने अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दलित विरोधी, आदिवासी विरोधी करार दिया है, जबकि वह भी इसी समाज से आते हैं। दरअसल, हुआ ये कि मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को छत्तीसगढ़ में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां उनकी जुबान फिसल गई। खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मुरमा जी कह दिया।

हालांकि, गलती का अहसास होते ही उन्होंने उसे ठीक किया और मूर्मू कहा लेकिन कुछ सेकंड बाद उन्होंने फिर उसी तरह की गलती दोहरा दी। इस बार उन्होंने द्रौपदी मुर्मू के पूर्ववर्ती यानी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को कोविड कह दिया। अब भाजपा खड़गे की इस गलती पर हमलावर है। कांग्रेस और खड़गे को भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दलित विरोधी करार दिया है और कहा है कि उनकी भाषा उनकी इसी मानसिकता को उजागर कर रही है। भाटिया ने मांग की कि खड़गे राष्ट्रपति मुर्मू और कोविंद के खिलाफ 'अप्रिय और अपमानजनक' टिप्पणी करने के लिए माफी मांगें।

# मां आ रहा हूं खाने... फिर डॉक्टर ने अटल सेतु से लगा दी छलांग

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

देश की आर्थिक नगरी मुंबई में झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां के जे जे अस्पताल में काम करने वाले 32 वर्षीय डॉक्टर ओमकार भागवत कवितके ने सोमवार की देर रात शिवड़ी-न्हावा सी लिंक अटल सेतु से कथित तौर पर छलांग लगाकर जान दे दी। नवी मुंबई पुलिस इस घटना के बाद डॉक्टर की तलाश की कोशिश कर रही है। कवितके कलंबोली में रहते थे।

अटल सेतु से छलांग लगाने से थोड़ी ही देर पहले कवितके ने अपनी मां से फोन पर बात की थी और कहा था कि वह रात का खाना खाने घर आ रहा है। इसके बाद अचानक उसने अटल सेतु पर अपनी कार साइड करके रोक दी और रेलिंग पार कर वहां से छलांग लगा दी। नवी मुंबई पुलिस के अनुसार, कलंबोली निवासी डॉ. ओमकार कवितके को आखिरी बार सोमवार की रात अटल सेतु पर एक कार चालक ने देखा था, जिसने पुलिस कंट्रोल रूम को इस घटना की सूचना दी थी। पुलिस ने बताया कि डॉ. कवितके ने सी लिंक के नवी मुंबई-मुंबई खंड पर अपनी सफेद होंडा अमेज कार रोकी और पुल की रेलिंग पार कर नीचे छलांग लगा दी। इस घटना की सूचना मिलने पर, जब नवी मुंबई के उल्वा पुलिस स्टेशन के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, तो उन्हें कार और उसमें एक आईफोन मिला। फोन पर कुछ नंबरों पर कॉल करके पुलिसकर्मियों ने वाहन के मालिक की पहचान डॉ. कवितके के रूप में की। डॉ. कवितके पिछले छह वर्षों से मुंबई के जेजे अस्पताल में काम कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि डॉ. कवितके के परिवार को तुरंत इस बारे में सूचित कर दिया गया और उनकी तलाश शुरू कर दी गई। उलवा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अर्जुन राजने ने कहा, 'जब हमने फोन कॉल विवरण की जांच की, तो हमने पाया कि डॉक्टर ने आखिरी बार सोमवार को रात 9.11 बजे अपनी मां को फोन किया था।



## जिहाद के लिए 10 हजार फिदायीन मसूद अजहर ने फिर उगला जहर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने पिछले सप्ताह ही जैश ए मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर को लेकर बड़ा बयान दिया था। बिलावल ने कहा था कि पाकिस्तान मसूद अजहर को भारत को सौंपने को तैयार है, लेकिन पाकिस्तान को नहीं पता कि वो कहां है। इस बीच पाकिस्तान के एक मस्जिद से मसूद अजहर का एक ऑडियो सामने आया है। इस ऑडियो में मसूद अजहर को जमकर जहर उगलते हुए सुना जा सकता है। मसूद अजहर ने कहा है कि जैश के पास 10 हजार फिदायीन तैयार हैं, जो किसी भी मिसाइल का सामना कर सकते हैं।

एक रिपोर्ट में ऑडियो का हवाला देते हुए बताया गया है कि यह ऑडियो क्लिप बहावलपुर के मस्जिद में चलाया गया था। इसमें अजहर को यह कहते हुए सुना गया, मुजाहिद को दिए गए फंड का इस्तेमाल जिहाद के लिए किया जाएगा। पाकिस्तान को मुजाहिदों की जरूरत है। हमारे पास फिदायीन हैं, वे किसी भी मिसाइल का सामना कर सकते हैं।

**क्या है PAK की गंदी चाल?**



## अहमदाबाद प्लेन क्रैश- आई शुरुआती जांच रिपोर्ट

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने अहमदाबाद विमान हादसे के 26 दिन बाद प्राइमरी जांच रिपोर्ट मंगलवार को केंद्र सरकार को सौंपी। प्राइमरी रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है।

इससे पहले 28 जून को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, 3 महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है।



**AAIB ने सरकार को सौंपी, फाइनल रिपोर्ट में 3 महीने लगेंगे**


केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद CVR और FDR की जांच की जा रही है।

# 'X': केंद्र सरकार ने दिया सीधा जवाब

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत ने मंगलवार को एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के उन आरोपों का दृढ़ता से खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि उसने @रॉयटर्स और @ रॉयटर्सवर्ल्ड सहित अंतरराष्ट्रीय समाचार चैनलों को ब्लॉक करने का आदेश दिया था। भारत ने कहा कि उसका ऐसा करने का 'कोई इरादा' नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने तीखे खंडन में आगे स्पष्ट किया कि जैसे ही रॉयटर्स और रॉयटर्स वर्ल्ड ऑन एक्स के चैनल ब्लॉक हुए, मंत्रालय ने तुरंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को पत्र लिखकर उन्हें अनब्लॉक करने का आग्रह किया।




**सरकार की एक्स पर थी नजर**

मंत्रालय ने कहा कि सरकार 5 जुलाई 2025 की देर रात से लगातार 'एक्स' के साथ जुड़ी रही और सख्ती से उसको फॉलो करती रही। 'एक्स' ने अनावश्यक रूप से प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी बातों का फायदा उठाया और यूआरएल को अनब्लॉक नहीं किया। साथ ही कहा कि प्लेटफॉर्म ने आखिरकार 6 जुलाई को रात 9 बजे के बाद पहुंच बहाल कर दी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि रॉयटर्स को अनब्लॉक करने में उन्हें 21 घंटे से अधिक का समय लगा। इससे पहले एक्स अकाउंट की तरफ से सरकार पर कई आरोप लगाए गए थे।

**सरकार ने एक्स से मांगी सफाई**

सरकार की तरफ से आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जिस क्षण भारत में एक्स प्लेटफॉर्म पर रॉयटर्स और रॉयटर्स वर्ल्ड को ब्लॉक किया गया, तुरंत सरकार ने 'एक्स' को उन्हें अनब्लॉक करने के लिए लिखा।' जबकि भारत में रॉयटर्स के हैंडल को कुछ समय के लिए ब्लॉक किया गया था, सरकार ने कहा कि उसने ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की और एक्स से स्पष्टीकरण मांगा था। अधिकारी ने कहा कि MeitY की तरफ से 'प्रति घंटे' फॉलो-अप के बावजूद, एक्स के खातों का एक्ससेस बहाल करने में 21 घंटे से अधिक का समय लगा।

## देश में अब तक 15% ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली/भोपाल।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15% ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6mm बारिश होनी थी, लेकिन 254mm हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई। इसमें पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में बीते 6 दिन में तेज बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लापता हैं। हालांकि, अब मौसम सामान्य हो गया है। वहीं, उत्तराखंड के पीपलकोटी में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया है। देहरादून में घरों में पानी घुस गया है। छत्तीसगढ़ में पिछले 3 दिनों से जोरदार बारिश हो रही है।

### पटना खेमका हत्याकांड

# बिल्डर अशोक साह ने कराया खेमका का मर्डर

### 4 लाख में डील, जमीन को लेकर था विवाद; डेढ़ महीने पहले रची गई साजिश

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार के कारोबारी गोपाल खेमका का मर्डर बिल्डर अशोक साह ने कराया था। इसके लिए उसने उमेश नाम के शूटर से संपर्क किया। 4 लाख में हत्या की डील हुई। 50 हजार एडवांस दिए गए थे। इन पैसों से शूटर उमेश ने अपने बच्चों की फीस भरी।

उमेश ने गोपाल खेमका की रेकी की। उमेश ने अपने ही इलाके के रहने वाले शूटर विकास उर्फ राजा को खेमका के मर्डर की सुपारी दी, लेकिन विकास ने हत्या के लिए ज्यादा पैसों की डिमांड कर दी। इसके बाद उमेश ने खुद ही खेमका की हत्या कर दी। DGP विनय कुमार ने मंगलवार शाम खेमका मर्डर केस का खुलासा किया।



**CCTV ने दिया बड़ा क्लू**

DGP ने बताया- 'पूरे शहर के CCTV कैमरे देखे गए। आरोपी के कपड़ों से पहचान की गई। जहां तक वो CCTV में दिखा उसे ट्रेस किया गया।'


'CCTV से हम बाइक को ट्रेस करते हुए आरोपी के घर तक पहुंचे। घर में जाने के बाद हमने वो कपड़े, जूते अंदर से बरामद किए। इसके बाद हमने उमेश यादव को गिरफ्तार किया। उसके घर से ही 59 राउंड गोलियां भी मिली थीं 'घटना में इस्तेमाल हथियार भी उमेश के घर से मिला था।'

**उमेश ने लिया अशोक साह का नाम**

'पूछताछ में उमेश ने अशोक साह का नाम लिया। उसने बताया कि सुपारी अशोक साह ने ही दी थी। दोनों नालंदा के थे। शादी में दोनों की मुलाकात हुई थी।' 'डेढ़ महीने पहले हत्या की प्लानिंग हुई थी। अशोक साह के मोबाइल में जमीन विवाद की बातचीत की कई रिकॉर्डिंग मिली है। पुलिस का कहना है कि खेमका की हत्या जमीन विवाद में ही हुई है। अशोक साह के घर से ढेरों जमीन के कागजात मिले हैं।'

## कांवड़ रूट पर शराब की दुकानें ढकी जाएंगी

**नई दिल्ली।** 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। यूपी, हरियाणा, दिल्ली से कांवड़िए हरिद्वार पहुंचेंगे। हरिद्वार और गोमुख से जल उठाएंगे। वहीं, 4 करोड़ कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर मेरठ के कमिश्नर ऑफिस में मंगलवार को 4 राज्यों यूपी, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड के अफसरों की बैठक हुई। इसमें यूपी DGP राजीव कृष्ण और मुख्य सचिव मनोज सिंह मौजूद रहे।



यूपी DGP राजीव कृष्ण ने बताया- 11 जुलाई से पूरे कांवड़ रूट की शराब की दुकानों को ढका जाएगा। दुकानें खुलेंगी, लेकिन पर्दे से ढकी रहेंगी। पूरे कांवड़ रूट की ड्रोन से निगरानी होगी। ट्रैफिक पुलिस ने नया प्लान पेश किया है, जो 10 जुलाई की रात से लागू हो जाएगा। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। शहर में एक लेन में कांवड़िए और दूसरी लेन में छोटे वाहन चलेंगे।

# घरेलू वेज थाली 8% सस्ती

### आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर, नॉन-वेज थाली की कीमत में भी 6% गिरावट

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8% घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून -2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी।

क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट (RRR) रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3% बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6% घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4% बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।








'हमारा महानगर' और बीआयएस की निदेशिका गीता सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर बीआयएस मुख्यालय एवं 'हमारा महानगर' कार्यालय में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया और उनके दीर्घायु की कामना की गई। बीआयएस मुख्यालय में उन्हें बधाई देनेवालों में मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह, बीआयएस निदेशक जीएस भदोरिया, संजू सिंह, अंतेश सिंह, विशाल सिंह, आदित्य अमरजीत सिंह सहित बीआयएस के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इसी तरह 'हमारा महानगर' के कार्यालय में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और लंबे स्वस्थ जीवन की कामना की। मंगलवार सुबह से ही उन्हें बधाई देने के लिए परिजनों-शुभचिंतकों का तांता लगा रहा।

# छह डिब्बों की होगी 'मेट्रो 1'



**मुंबई।** 'घाटकोपर-अंधेरी-वर्सोवा मेट्रो 1'रूट पर सभी मेट्रो स्टेशनों पर सुबह और शाम यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। यात्रियों के बढ़ते रिस्पॉन्स के कारण चार कोच वाली मेट्रो ट्रेन अपर्याप्त सीबित हो रही है। इसलिए पिछले कुछ वर्षों से चार कोच वाली मेट्रो ट्रेनों की संख्या बढ़ाकर छह करने की मांग की जा रही है। यात्रियों की यह मांग जल्द ही पूरी होने की संभावना है। मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट लिमिटेड (एमएमओपीएल) ने 'मेट्रो 1' रूट पर मेट्रो ट्रेनों के कोचों की संख्या बढ़ाकर छह कोच करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, इंडिया डेब्ट रेजोल्यूशन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एनएआरसीएल) को एक प्रस्ताव सौंपा गया है। यदि यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है तो 'मेट्रो 1' पर छह कोच वाली मेट्रो चलेगी और भीड़भाड़ नियंत्रित होगी।

**मेट्रो 1 वर्ष 2014 से सेवा में है**

मुंबई की पहली मेट्रो के रूप में जानी जाने वाली मेट्रो 1 वर्ष 2014 से सेवा में है। चालू होने के बाद से यह मेट्रो चार कोच की रही है। शुरुआत में इस मेट्रो को मुंबईकरों से ज्यादा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। इसलिए, मेट्रो स्टेशनों या मेट्रो ट्रेनों में कोई भीड़ नहीं थी। हालांकि, 'मेट्रो 1' को धीरे-धीरे प्रतिक्रिया मिली और आज हर दिन पांच लाख से अधिक यात्री 'मेट्रो 1' में यात्रा कर रहे हैं। व्यस्त घंटों के दौरान, घाटकोपर, अंधेरी और अन्य मेट्रो स्टेशनों पर सुबह और शाम को बहुत भीड़ हो रही है। चार कोच वाली मेट्रो ट्रेन की क्षमता एक बार में 1750 से अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए, मेट्रो कोच की संख्या बढ़ाकर छह कोच वाली मेट्रो ट्रेन करने की मांग कुछ वर्षों से यात्रियों द्वारा की जा रही थी। एमएमओपीएल भी इस बारे में सकारात्मक था। अब एमएमओपीएल ने कोचों की संख्या बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

**ट्रेन की कुल क्षमता 1750**

'मेट्रो 1' मार्ग पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, कोचों की संख्या बढ़ाकर छह कोच वाली मेट्रो ट्रेन करने के लिए इंडिया डेब्ट रेजोल्यूशन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी को एक प्रस्ताव सौंपा गया है, फिलहाल 'मेट्रो 1' रूट पर चार कोच चल रहे हैं और इस ट्रेन की कुल क्षमता 1750 है।


# मिल मज़दूरों का घरों को लेकर आज मोर्चा

**शिवसेना और मनसे को भी आई मिल मजदूरों की याद**

**मोर्चे में शामिल हो सकते हैं उद्धव ठाकरे**

**मुंबई।** मिल मज़दूरों के घरों को लेकर आज आजाद मैदान पर मोर्चा निकलेगा। मिल मजदूर घर की मांग को लेकर लगभग डेढ़ लाख मिल मजदूर इस मोर्चे में शामिल होंगे। मोर्चे में पहली बार राजनीतिक पार्टियां भी अपनी राजनीति की रोटी सेकते नजर आएंगी। मिल मज़दूरों के घरों को लेकर शिवसेना (ठाकरे गुट) और मनसे ने इस मोर्चे को समर्थन दिया है। शिवसेना (ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे के इस मोर्चे में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। मिल मज़दूरों के इस मोर्चे का आयोजन राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ सहित 14 संगठनों ने किया है। मुंबई और महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से बुधवार सुबह 11 बजे मिल मजदूर और उनके वारिस इस आंदोलन में हिस्सा लेंगे। म्हाडा को मिल मजदूरों और उनके वारिसों से लगभग 1.75 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, लेकिन अब तक केवल 25 हजार मजदूरों को ही मुंबई में घर मिल पाए हैं। सरकार का कहना है कि मुंबई में स्थान की कमी के कारण अब मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के बाहर घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत शेलू और वांगणी में दो निजी विकासकर्ताओं के माध्यम से 81 हजार घरों का निर्माण किया जा रहा है।

# कल होगा सिंदूर उड्डाणपुल का सीएम के हाथों उद्घाटन



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के पूर्व और पश्चिम भागों को जोड़ने वाला सिंदूर (पूर्व में कर्नाक) उड्डाणपुल गुरुवार, 10 जुलाई को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों उद्घाटित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,उपमुख्यमंत्री अजित पवार और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन के पास पी. डि' मेलो मार्ग से जुड़ने वाले इस पुल का निर्माण बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने किया है। 150 साल पुराना कर्नाक पुल खतरनाक घोषित होने के बाद अगस्त 2022 में हटा दिया गया था। इसके स्थान पर नए सिंदूर पुल का निर्माण, मध्य रेलवे द्वारा स्वीकृत आराखड़े के अनुसार,बीएमसी ने निर्धारित समयसीमा में 10 जून 2025 तक पूरा किया। इस पुल की कुल लंबाई 328 मीटर है, जिसमें 70 मीटर हिस्सा रेलवे सीमा में आता है, और शेष 230 मीटर बीएमसी क्षेत्र में है। पूर्व में 130 मीटर और पश्चिम में 100 मीटर का संपर्क मार्ग शामिल है। पुल के निर्माण में आरसीसी आधारस्तंभों पर 550 मीट्रिक टन वजनी, 70 मीटर लंबी, 26.5 मीटर चौड़ी और 10.8 मीटर ऊँची दो लोहे की गर्डरों को स्थापित किया गया है। दक्षिण दिशा की गर्डर 19 अक्टूबर 2024 को और उत्तर दिशा की गर्डर 26 व 30 जनवरी 2025 को रेल पटरियों पर सफलतापूर्वक रखी गई। रेलवे के विशेष ब्लॉक अवधि में गर्डरों को 8-9 मीटर ऊँचाई पर सरकाकर 58 मीटर की दूरी तय कर आरसीसी आधार पर स्थापित करना तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे विशेषज्ञों की निगरानी में संपन्न किया गया। पूर्वी हिस्से का कार्य मात्र 4 माह में पूर्ण हुआ। पुल की भार क्षमता और स्थिरता की जांच के लिए लोड टेस्ट किया गया है और रेलवे विभाग से आवश्यक अनुमति और संरचनात्मक स्थिरता प्रमाणपत्र भी प्राप्त हो चुके हैं। पुल के दोनों ओर संपर्क मार्ग, सड़क चिन्हांकन, रंगाई-पुताई, अपघात रोधी अवरोध और अन्य सभी कार्य पूर्ण कर पुल को यातायात के लिए तैयार किया गया है।

# ठाणे के कासारवडवली में उड्डाणपुल शुरू

**ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत**

**ठाणे।** घोड़बंदर रोड के कासारवडवली क्षेत्र में वर्षों से प्रतीक्षित उड्डाणपूल की एक लेन को आखिरकार मंगलवार दोपहर से यातायात के लिए खोल दिया गया। इस पुल से कासारवडवली और आनंदनगर क्षेत्र में होने वाली भारी ट्रैफिक समस्या से नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

बता दें कि मुंबई-नाशिक महामार्ग से लेकर ठाणे और मुंबई की ओर से प्रतिदिन हजारों वाहन वसई-विरार और बोरीवली की दिशा में जाते हैं। इसके अलावा उरण और जेएनपीटी से भारी वाहन गुजरात की ओर इसी मार्ग से गुजरते हैं। ऐसे में घोड़बंदर रोड पर ट्रैफिक का दबाव हमेशा अधिक रहता है। पिछले कई महीनों से कासारवडवली क्षेत्र में उड्डाणपूल का निर्माण कार्य चल रहा था। मंगलवार को इसके ठाणे से घोड़बंदर की ओर जाने वाले हिस्से का कार्य पूरा होने के बाद उसे आम जनता के लिए खोल दिया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने इस पुल का उद्घाटन किया।

# डोंबिवली में विदेशी ड्रग्स तस्कर धराया

**2.12 करोड़ की एमडी जब्त**



**ठाणे।** मानपाड़ा पुलिस ने एक विदेशी ड्रग्स तस्कर को 2.12 करोड़ रुपए मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर डोंबिवली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी की पहचान ईसा बाकायोका (उम्र 37 वर्ष) के रूप में हुई है,जो आइवरी कॉस्ट का नागरिक है और वर्तमान में निलजे गांव,डोंबिवली पूर्व में रह रहा था।

मिली जानकारी अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी निलजे गांव में झील के पास सार्वजनिक सड़क पर ड्रग्स के सौदे की तैयारी कर रहा है। इस सूचना के आधार पर 7 जुलाई की रात 10:50 बजे पुलिस टीम ने छापा मारते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.51 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत 2.12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि इससे पहले 27 जून को भी इसी प्रकार की कार्रवाई में 2.25 करोड़ की एमडी जब्त की गई थी। उस मामले में फरहान उर्फ मोहम्मद राहिब सलीम शेख नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

# विधवा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीनें वितरित की गईं




**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी और बेलीफ फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से विधवा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीनें वितरित की गईं। इस पुनीत कार्य के अवसर पर भाजपा मुंबई के उपाध्यक्ष एवं श्री सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बेलीफ फाउंडेशन के संस्थापक दीपक जायसवाल और वार्ड 82 की समस्त जनता का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा। विशेष रूप से धन्यवाद जय नारायण तिवारी को, जिनके अथक प्रयास, सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भावना ने इस आयोजन को संभव बनाया। समाज के लिए उनका योगदान प्रेरणादायी है।

# कलवा में पानी संकट पर फूटा जनाक्रोश

**प्रभाग समिति कार्यालय के सामने किया विरोध- प्रदर्शन**



**ठाणे।** कलवा क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत से परेशान नागरिकों का गुस्सा मंगलवार को सड़कों पर फूट पड़ा,जब राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद पवार गुट के कार्यकर्ताओं ने ठाणे महानगरपालिका की प्रभाग समिति कार्यालय के सामने मटके फोड़ते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। ठाणे शहर की प्यास बुझाने के लिए कलवा का पानी मोड़ा गया, लेकिन कलवा, विटावा, खारीगांव और आसपास के इलाकों को पर्याप्त पानी तक नहीं मिल रहा, जिससे नागरिकों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है। आंदोलन डॉ. जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन और शहराध्यक्ष सुहास देसाई, कार्याध्यक्ष प्रकाश पाटील, महिलाध्यक्ष सुजाताताई घाग व नताशा आव्हाड के नेतृत्व में किया गया। आंदोलनकारियों ने खाली हांडे लेकर जोरदार नारेबाजी की और गंदे व अपर्याप्त जल आपूर्ति पर प्रशासन को आड़े हाथों लिया।

बता दें कि ठाणे शहर की आबादी करीब 27 लाख है, और इसके लिए रोजाना 616 मिलियन लीटर पानी मंजूर है।


**छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना हाईकोर्ट बिल्डिंग, बिलासपुर (छ०ग०)**

E-mail-cgsisa@gmail.com cgslsa.cg@nic.in Website- http://cgslsa.cg.gov.in/

F.N./ 1933/II-16-01/2007 Bilaspur Date 08/07/2025

**स्थाई लोक अदालत (जनोंपयोगी सेवा) में अन्य व्यक्ति (सदस्यो) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22बी के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यालय बस्तर (जगदलपुर), बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, एवं सरगुजा, (अम्बिकापुर) में स्थापित स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) में पूर्व में प्राप्त आवेदनों को लंबित रखते हुए अन्य इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में **आवेदन पत्र दिनांक 31/07/2025** के शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है:-

**विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के वेबसाइट http://cgslsa.cg.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है, अथवा छ०ग० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर या संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त किया जा सकता है।**

टीप :- आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा छ०ग० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में निम्न पते पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है:-

पताः- छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
पुराना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन
बिलासपुर (छ०ग०)

हस्ता/-
सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
बिलासपुर

G-252602062/3


# गड्ढों की समस्या पर गंभीर मनपा

**युद्ध स्तर पर भरे जाएं गड्ढे: अनिता परदेशी**

**कल्याण।** कल्याण-डोंबिवली नगर निगम की सिटी इंजीनियर अनीता परदेशी ने बताया है कि प्रशासन ने कल्याण डोंबिवली में विभिन्न स्थानों पर, विशेष रूप से डामर सड़कों पर हुए गड्ढों को गंभीरता से लिया है और इन गड्ढों को भरने का काम युद्ध स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से कल्याण डोंबिवली में सभी सड़कों पर सीमेंट कंक्रीट के चरणबद्ध निर्माण में सहयोग करने की भी अपील की है।

इस वर्ष बारिश 10 मई से ही शुरू हो गई है। पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से कल्याण डोंबिवली में भारी बारिश हो रही है। परिणामस्वरूप,बिना सीमेंट वाली डामर सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे नागरिकों को भारी असुविधा हो रही है। कल्याण डोंबिवली नगर निगम की सिटी इंजीनियर अनीता परदेशी ने शहर की सड़कों पर गड्ढों की वास्तविकता को स्वीकार किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम प्रशासन ने इन डामर सड़कों पर पड़े गड्ढों को गंभीरता से लिया है तथा इन सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्रता से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में वर्षा में वृद्धि के कारण सड़कों पर गड्ढों को भरने के लिए कोल्ड मिक्स और स्टोन क्रशिंग जैसे तरीकों का उपयोग किया जा रहा है, और यह मरम्मत अस्थायी रूप से की जाएगी। इस बीच, कल्याण डोंबिवली शहर की सभी प्रमुख सड़कें सीमेंट कंक्रीट से बनाई जाएंगी और कुछ सड़क का काम पूरा हो चुका है।

# बेस्ट कर्मचारियों ने की समान काम, समान वेतन की मांग

**मुंबई।** बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम के वेट-लीज कर्मचारियों ने मतदान करके यह तय किया है कि उन्हें काम के दौरान `समान काम, समान वेतन` की मांग को लेकर हड़ताल पर जाना चाहिए या नहीं। संघर्ष मजदूर कर्मचारी संघ के शशांक शरद राव ने कहा, 'चूंकि बेस्ट उपक्रम के परिवहन विभाग में स्थायी/अस्थायी कर्मचारियों द्वारा किया जाने वाला कार्य कर्मचारियों के समान है, तो उन्हें कर्मचारियों के समान वेतन और भत्ते क्यों नहीं दिए जाने चाहिए? श्री मारुति ट्रैवल्स और अरहम ट्रांसपोर्टेशन प्राइवेट लिमिटेड, एसएमटीएटीपीएल एसोसिएट्स (डागा ग्रुप, मातेश्वरी अर्बन ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, बीवीजी इंडिया लिमिटेड और अन्य कंपनियों के संयुक्त उपक्रम सहित वेट-लीज ऑपरेटरों के कर्मचारी बिल्कुल उसी प्रकृति का काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें `समान काम, समान वेतन` के सिद्धांत के अनुसार बेस्ट उपक्रम में समकक्ष स्थायी और नियमित श्रमिकों के लिए लागू समान वेतनमान और सेवा की अन्य शर्तें नहीं दी जा रही हैं। यह निजी ठेकेदार और बेस्ट उपक्रम द्वारा कानून का उल्लंघन है।

# मराठी मोर्चा से शहर में तनावपूर्ण माहौल

**मीरारोड।** मराठी भाषा के मुद्दे पर मराठी एकीकरण समिति,मनसे एवं अन्य पक्षों द्वारा आयोजित मराठी मोर्चा के कारण शहर में तनावपूर्ण स्थिति बन गयी थी। व्यापारियों के प्रदर्शन के विरोध में मराठी एकीकरण समिति, मनसे एवं अन्य पक्षों ने 8 जुलाई को मोर्चा निकालने का आह्वान किया था। इस मोर्चे को पुलिस ने अनुमति देने से मना किया था,इसके बावजूद मनसे एवं अन्य संगठनों ने मोर्चा आयोजित किया था। इस मोर्चे के शुरू होने से पहले ही पुलिस ने कानुन व्यवस्था के तौर पर मनसे नेता अविनाश जाधव,मनसे शहर अध्यक्ष संदीप राणे एवं अन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मोर्चे मे शामिल सभी लोग बेकाबू हो गए थे,एवं वहां पर स्थिति तनावपूर्ण बन गयी थी। पुलिस ने मोर्चा में शामिल बहुत सारे लोगों को हिरासत में लिया था परन्तु वहां पर लगातार भीड़ बढ़ते जा रही थी। मोर्चे में शामिल लोग पुलिस प्रशासन एवं महाराष्ट्र सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगा रहें थें। इन लोगों का कहना था की जब व्यापारियों को मोर्चा निकालने की अनुमति दी तो हमें अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। मामलें की गंभीरता को देखते हुए आखिर में इनको मोर्चा निकालने की अनुमति दी गयी एवं हिरासत में लिए गए सभी लोगों को छोड़ दिया गया।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**विभाग : जल अभियंता विभाग**

**क्र. ई.ई.(एम.) एम.डब्ल्यू./2056/मेंटे. दिनांक : 03.07.2025**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभिक तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय बीएमसी की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग अंतर्गत और महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है.

| अ.क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1196763_1<br>आरंभिक तिथि :- 08.07.2025 को 11:00 बजे से<br>समाप्ति तिथि :- 17.07.2025 को 12:00 बजे तक | के/डब्ल्यू वार्ड, अंधेरी पश्चिम में अधिष्ठापित गझदर पम्पिंग स्टेशन पर पंप मॉडल यूपी 250/38, 180 एचपी मोटर एवं 250 एमएम एनआरवी के केबीएल रोटेटिंग असेम्बली की एसआईटीसी. |

इच्छुक निविदाकर्ता, निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए http://portal.mcgm.gov.in पर बीएमसी की वेबसाइट तथा http://mahatenders.gov.in पर महाटेंडर पोर्टल का अवलोकन करें.

पीआरओ/904/विज्ञा./2025-26

हस्ता./-
ई.ई. (एम.) एम. डब्ल्यू.

बुखार ? तत्काल कदम उठाईये, सही और सम्पूर्ण उपचार के लिये अपने डॉक्टर से संपर्क करिये


# वसई रोड को मिला टर्मिनल स्टेशन का दर्जा

**सांसद डॉ. हेमंत सवरा ने किया दौरा**



**वसई।** वसई रोड रेलवे स्टेशन को केंद्र सरकार द्वारा टर्मिनल स्टेशन का दर्जा मिलने के बाद, पालघर जिले के सांसद डॉ.हेमंत विष्णु सवरा ने मंगलवार को स्टेशन का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस ऐतिहासिक निर्णय से वसई-विरार क्षेत्र में यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद जगी है। डॉ. सवरा के साथ स्टेशन मास्टर, भाजपा वसई-विरार की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा पाटील, उपाध्यक्ष मनोज बारोट और कई अन्य भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद थे। सांसद ने इस अवसर पर नए प्लेटफॉर्म और पुलों सहित विभिन्न विकास कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को लेकर स्टेशन मास्टर से विस्तृत चर्चा की और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।टर्मिनल स्टेशन का दर्जा मिलने से वसई रोड स्टेशन पर आने वाले समय में ट्रेनों की संख्या में वृद्धि, बेहतर यात्री सुविधाएं और सुगम रेलवे संचालन की उम्मीद है। यह उपलब्धि वसई-विरार क्षेत्र के लाखों निवासियों के लिए एक बड़ी राहत और सुविधा लेकर आएगी, जिससे उनकी यात्रा और भी सुगम हो सकेगी।

# ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** वापी रेलवे स्टेशन पर उत्तर की ओर स्थित पुराने फुट ओवर ब्रिज की लॉन्चिंग तथा अतुल स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज के लिए गर्डरों की लॉन्चिंग हेतु गुरुवार को 11:25 बजे से 13:45 बजे तक ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक अप एवं डाउन मेन लाइनों पर लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के कारण प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

**10 जुलाई, 2025 को निरस्त होने वाली ट्रेनें:** 1.उमरगाम रोड से 14:10 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 69153 उमरगाम रोड- वलसाड मेमू 2.वलसाड से 12:00 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 69154 वलसाड-उमरगाम रोड मेमू

**10 जुलाई को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:** 1.10 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09724 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर स्पेशल 01 घंटा 30 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

2. 10 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस 01 घंटा 20 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

3. 10 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12471 बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्वराज एक्सप्रेस 50 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

4. 10 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस-उधना सुपरफास्ट स्पेशल 50 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

5. 09 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 2 घंटे 05 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

6. 10 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22954 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल गुजरात सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटा 35 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

7. 09 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 04711 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल 1 घंटा 35 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

8. 09 जुलाई को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12472 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - बांद्रा टर्मिनस स्वराज एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

# संविधान की वजह से कोई भी पहुंच सकता है सर्वोच्च पद पर: गवई

## महाराष्ट्र विधानमंडल की तरफ से महाराष्ट्र के सुपुत्र का सत्कार

महानगर संवाददाता

मुंबई

देश के मुख्य न्यायाधीश और महाराष्ट्र के सुपुत्र भूषण गवई ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और देश का संविधान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के देश को दिए संविधान की वजह से कोई भी व्यक्ति सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने यह बात मंगलवार को विधानमंडल की तरफ से अपने सत्कार समारोह में कही। सत्कार समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार,



केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रामदास आठवले, उपसभापति डॉ. नीलम गोरहे, उपाध्यक्ष अण्णासाहेब बनसोडे, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे सहित मंत्रिमंडल के सभी मंत्री और दोनों सदनों के सदस्य उपस्थित थे।

मुख्य न्यायाधीश गवई ने संविधान के इतिहास को याद करते हुए कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने एक देश और एक समावेशी संविधान के लिए दृढ़ रुख अपनाया। इससे देश को न्याय और सभी मामलों में जाति, पंथ और धर्म से अलग रहने में मदद मिली है। देश ने संविधान की अमृत जयंती पूरी कर ली है। पिछले 75 वर्षों में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ने संविधान के इच्छित कार्य को पूरा किया है। संविधान की वजह से ही सभी को समान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय मिला है।

### महाराष्ट्र का बेटा बना मुख्य न्यायाधीश: फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र का बेटा देश का मुख्य न्यायाधीश बन गया, यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश के स्वभाव में मानवता और संवेदनशीलता महत्वपूर्ण गुण हैं। जब वे राज्य में न्यायाधीश थे, तब उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों में व्यापक जनहित को देखते हुए रास्ता निकालने का प्रयास किया। यहां तक कि जब नागपुर में एक झुग्गी-झोपड़ी को तोड़ने का निर्णय लिया गया,

### कमजोर वर्ग को दिलाए अधिकार: शिंदे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई महाराष्ट्र के पुत्र ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के नायक भी हैं और देश की न्याय व्यवस्था के प्रमुख बन गए हैं। उन्होंने अपने अनेक निर्णयों के माध्यम से मानवता, संवेदनशीलता और संवैधानिक मूल्यों की गरिमा को बढ़ाने का काम किया। उन्होंने सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को न्याय और अधिकार दिलाए। उपमुख्यमंत्री

### यह महाराष्ट्र के लिए गौरव का क्षण: राम शिंदे

विधान परिषद से सभापति प्रो. राम शिंदे ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई का इस हॉल में किया गया सम्मान पूरे महाराष्ट्र के लिए गौरव का क्षण है। कार्यक्रम का सूत्र संचालन उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोरहे ने किया, जबकि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# "विकसित महाराष्ट्र 2047" के लिए सर्वेक्षण

## उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सर्वे में हिस्सा लेने का किया आग्रह

**मुंबई।** मंगलवार को उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में एक निवेदन के जरिए राज्य के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण को आकार देने के मकसद से चलाए जा रहे "विकसित महाराष्ट्र 2047" सर्वेक्षण में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने का आग्रह किया। राज्यभर में 18 जून से 17 जुलाई के बीच नागरिक सर्वेक्षण चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नागरिकों के विचार, अपेक्षाएं, आकांक्षाएं और प्राथमिकताएं जानना है।

अजित पवार ने इस सर्वेक्षण में सभी विधायकों, संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से अधिकतम जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने की अपील की। सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के सफल समापन



के बाद राज्य सरकार ने छह मई से दो अक्टूबर तक 150 दिन का अभियान शुरू किया, जिसमें एक व्यापक विकसित महाराष्ट्र @2047 दृष्टिकोण दस्तावेज का मसौदा तैयार करना शामिल है। इस दृष्टिकोण को तैयार करने के लिए सरकार ने महाराष्ट्र @2047 के तहत दीर्घकालिक लक्ष्य, महाराष्ट्र @75 के तहत मध्यम अवधि के लक्ष्य और अल्पकालिक उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार की है। चार प्रमुख स्तंभों : प्रगतिशील विकास, स्थिरता, समावेशिता और सुशासन पर आधारित मसौदा दस्तावेज तैयार करने के लिए कुल 16 क्षेत्रीय समूह गठित किए गए हैं।

### सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल करने की अपील

पवार ने विधायकों से सर्वेक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सार्वजनिक बैठकों, समारोहों और सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने सभी संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों तथा जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अपने-अपने प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से भागीदारी को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। नागरिक क्यूआर कोड को स्कैन करके या महाराष्ट्र सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके सर्वेक्षण में हिस्सा ले सकते हैं। उन्हें क्यूआर कोड से जुड़े व्हाट्सएप चैटबोट के जरिए भी विकसित महाराष्ट्र के लिए अपने दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# वन की जमीन पर अवैध धार्मिक स्थल का निर्माण करने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

## विधानसभा में वन मंत्री गणेश नाईक ने की घोषणा



**मुंबई।** धार्मिक स्थल का अवैध निर्माण कर वन की जमीन कब्ज़ा करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़क कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को वन मंत्री गणेश नाईक ने विधानसभा में यह घोषणा की। भाजपा सदस्य प्रवीण दटके ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से वन की जमीन पर बड़े पैमाने पर अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया था इसी के जवाब में मंत्री नाईक बोल रहे थे। वन मंत्री ने सदन को बताया कि वन की जमीन को अतिक्रमण कर अनधिकृत धार्मिक स्थल बनाए गए हैं। ऐसी कई शिकायत आ रही हैं। इसके लिए अगले दो महीनों में वन भूमि पर अतिक्रमण के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। अतिक्रमित भूमि पर अनधिकृत धार्मिक स्थलों के निर्माण के मामलों की जांच करने के बाद उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कर दोषियों के खिलाफ और कार्रवाई की जाएगी। गणेश नाईक ने कहा कि वन की जमीन पर अतिक्रमण कर धार्मिक स्थल बनाने वाली संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ निर्माण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अनधिकृत निर्माण पर कार्रवाई न करने वाले या सहयोग न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई के लिए संयुक्त समिति

## हर तीन महीनों में बैठक कर देगी रिपोर्ट

महानगर संवाददाता

मुंबई







उद्योग मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि मुंबई के अवैध धार्मिक स्थलों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मुंबई मनपा आयुक्त, मुंबई पुलिस आयुक्त और जिला कलेक्टर (शहर और उपनगर) की एक संयुक्त समिति बनाई जाएगी। यह समिति हर तीन महीने में बैठक करेगी और अवैध धार्मिक स्थलों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पेश करेगी। वे भाजपा विधायक योगेश सागर की तरफ से पेश ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। योगेश सागर ने मुंबई में अवैध धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई की मांग की थी। उदय सामंत ने कहा कि यदि वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यकता महसूस होगी तो वे जन प्रतिनिधियों को बैठक में आमंत्रित सदस्य के रूप में बुला सकेंगे। इसके पहले भाजपा विधायक सागर ने घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर म्हाडा की जमीन पर नूर-ए-इलाही मस्जिद के अनधिकृत निर्माण, गेट नंबर 5, न्यू कलेक्टर कंपाउंड, मालवणी, मालाड (प.), भूमि रजिस्ट्री नंबर 2841 में अनधिकृत धार्मिक स्थल, टुबा रेस्टोरेंट, पठानवाड़ी, साईं बाबा नगर, धारावी में अनधिकृत धार्मिक स्थल और नाइक नगर, धारावी में अवैध धार्मिक स्थल का मुद्दा सदन में उठाया।

### कार्रवाई में नहीं किया जाए भेदभाव: शेख

सपा विधायक रईस शेख ने कहा कि अवैध धार्मिक स्थलों के खिलाफ कार्रवाई करते समय किसी धर्म विशेष के खिलाफ चुनिंदा कदम नहीं उठाए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि अनधिकृत धार्मिक स्थलों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए गठित समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। शेख ने ब्रांदा गावठाण परिसर में 100 साल पुराने क्रिश्चियन क्रॉस का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा नेता और मंत्री आशीष शेलार बार-बार वहां की गई कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाते रहते हैं, लेकिन कार्रवाई की सुई सिर्फ कुछ खास समुदायों पर क्यों? इससे लोगों में डर और भेदभाव बढ़ता है।

# अनुदानित इंजीनियरिंग संस्थानों में भरे जाएंगे सभी रिक्त पद

## मुख्यमंत्री ने दिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना का सुझाव



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में रिक्त पदों की भर्ती के प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिसाद दिया है। उन्होंने शासकीय अनुदानित इंजीनियरिंग संस्थानों में 100 प्रतिशत पद भरने को भी मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि गैर कृषि विश्वविद्यालयों में शिक्षक एवं शिक्षकेतर पदों की संरचना शीघ्र तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना का सुझाव भी दिया। मुख्यमंत्री फडणवीस मंत्रालय में आयोजित उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में विश्वविद्यालयों की लंबित मांगों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, अपर मुख्य सचिव वेणुगोपाल रेड्डी, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव ओपी गुप्ता, अपर मुख्य सचिव रामगोपाल देवरा,लक्ष्मीनारायण इनोवेटिव टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अतुल वैद्य, उच्च शिक्षा संचालक शैलेंद्र देवलणकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में तकनीकी विश्वविद्यालयों की संख्या कम है और इन्हें पूरी क्षमता के साथ चलाना आवश्यक है। इससे विद्यार्थियों को अधिक अवसर मिलेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। उन्होंने लक्ष्मीनारायण इनोवेटिव टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में 105 अध्यापक पदों और एक समकक्ष पद को मंजूरी देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, अन्य विश्वविद्यालयों की तरह इस विश्वविद्यालय को 8 करोड़ रुपए का प्रशासनिक अनुदान भी मंजूर किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 788 अध्यापक पदों और 2,242 शिक्षकेतर पदों की भर्ती को भी मंजूरी दी गई है। उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत अनुदानित महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक संवर्ग के 5,012 पदों की भर्ती को भी स्वीकृति दी गई है। साथ ही वेजीटीआई मुंबई और श्री गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज, नांदेड सहित राज्य के अन्य अनुदानित अभियांत्रिकी संस्थानों में 100 प्रतिशत पद भरती को भी मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना का सुझाव देते हुए कहा कि इस विभाग की स्थापना कैसे हो सकती है, इसकी रूपरेखा तैयार की जाए।

### दिव्यांग कल्याण विभाग में भरे जाएंगे रिक्त पद

इधर दिव्यांग कल्याण मंत्री अतुल सावे ने विधान परिषद में कहा कि दिव्यांग कल्याण विभाग में अगले तीन महीने में सभी रिक्त पदों को भर लिया जाएगा। सदन में विधायक प्रसाद लाड ने दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर मुद्दा उठाया था। सावे ने कहा कि अब तक 33 पदों पर नियुक्तियां की गई हैं और शेष भर्ती प्रक्रिया चल रही है और अगले तीन महीनों में सभी रिक्त पदों को भर दिया जाएगा।

# नेशनल पार्क के आस -पास बनाई जाएगी सुरक्षा दीवार

## नागरिकों पर तेंदुए के बढ़ते हमले को रोकने ने लिए सरकार का निर्णय

## विधान परिषद में वन मंत्री गणेश नाईक ने दी जानकारी









**मुंबई।** संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के तेंदुए के हमलों से नागरिकों को बचाने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। तेंदुओं को मानव बस्तियों में घुसने से रोकने के लिए उद्यान के चारों तरफ सुरक्षा दीवार तैयार की जाएगी। मंगलवार को विधान परिषद में उबाटा के सदस्य मिलिंद नार्वेकर ने नेशनल पार्क में तेंदुओं की बढ़ती संख्या और उद्यान के आस-पास रह रहे रहीवासियों पर लगातार हो रहे तेंदुए के हमले का मुद्दा उपस्थित किया था,जिसके जवाब में वन मंत्री गणेश नाईक बोल रहे थे। वन मंत्री ने बताया कि संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में तेंदुओं की संख्या 54 है। इनके भोजन के लिए पशुओं की संख्या भी पर्याप्त है। छोटे जानवरों के पालन-पोषण के लिए पर्याप्त संख्या में फलदार वृक्ष लगाए जा रहे हैं। वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उद्यान के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सैटेलाइट की मदद लेने पर भी विचार किया जा रहा है। मंत्री नाईक ने बताया कि पिछले कुछ सालों में तेंदुए के हमले में तीन नागरिकों की मौतें हुई हैं और उनके परिजनों को 20-20 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है। नाईक ने कहा कि सरकार और सामाजिक संगठनों के माध्यम से बच्चों को अकेला न छोड़ने के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तेंदुआ स्वास्थ्य जांच केंद्र में 22 तेंदुए हैं और उनका वहां इलाज किया जा रहा है। नेशलन पार्क के नागरिको के पुनर्सवन पर वन मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय उद्यान के बाहर म्हाडा के माध्यम से आरे क्षेत्र में घर बनाकर नागरिकों का पुनर्वास किया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर विपक्ष आक्रामक

- विधानभवन परिसर की सीढ़ियों पर किया प्रदर्शन
- मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई को सौंपा गया ज्ञापन



**मुंबई।** विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति में हो रही देरी को लेकर विपक्षी दलों ने मंगलवार को यहां विधान भवन परिसर की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद यह मामला विधानसभा में भी उठाया। विधानसभा अध्यक्ष के जवाब से असंतुष्ट महाविकास आघाड़ी के विधायकों ने विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार किया और नारे लगाए। साथ ही मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई को ज्ञापन भी सौंपा।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर मंगलवार सुबह विधानभवन में बैठक हुई। इस बैठक में विधायक भास्कर जाधव, अजय चौधरी, जयंत पाटिल, जितेंद्र आव्हाड, विजय वडेट्टीवार, सतेज पाटिल मौजूद थे। इस बैठक के बाद विपक्ष के नेता पद का मुद्दा उठाने का निर्णय लिया गया। विपक्ष के नेता पद पर निर्णय कब होगा? यह सवाल सदन में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति के लिए मुझे पत्र सौंपे जाने में साढ़े तीन महीने लग गए। अगर निर्णय लेने में ढाई महीने लग जाएं तो कोई बात नहीं। विपक्ष उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। इस मुद्दे पर विरोधी पक्ष के विधायक आक्रामक हो गए थे। विधायकों ने यह भी मांग की कि विपक्ष के नेता पद का चयन जल्द से जल्द किया जाए।

# उल्हासनगर मनपा अतिरिक्त आयुक्त पद पर धीरज चव्हाण की नियुक्ति



**उल्हासनगर।** गत कुछ माह पूर्व मनपा के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर का तबादला कर दिया गया था,जिसके चलते उक्त पद खाली होने से शहरवासियों को विभागीय कामो को लेकर समस्याएं हो रही थी,मंगलवार को महाराष्ट्र शासन की उप सचिव प्रियंका कुलकर्णी छापवाले ने उल्हासनगर मनपा अतिरिक्त आयुक्त पद पर धीरज चव्हाण की नियुक्ति की है,इसके साथ ही उन्हें तत्काल उल्हासनगर मनपा अतिरिक्त आयुक्त का कार्यभार संभालने को कहा गया है, गौरतलब हो की गत 6 महीने के अंतराल में शासन द्वारा उल्हासनगर मनपा में 6 प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है,परन्तु शहर की बदहाली जस की तस बनी है।

# कुर्ला के जंगल में स्विमिंग पूल नहीं, खेल मैदान बन रहा: लोढ़ा

**मुंबई।** राज्य के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि कुर्ला स्थित महाराणा प्रताप शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) परिसर के जंगल को काटकर स्विमिंग पूल नहीं बल्कि शिवकालीन पारंपरिक खेलों का मैदान बनाया जा रहा है। असल में आदित्य ठाकरे का उद्देश्य उस परिसर में बसे रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की अवैध झोपड़ियों को बचाना है.पूर्व मंत्री और यूबीटी के विधायक आदित्य ठाकरे ने कुर्ला स्थित महाराणा प्रताप शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) परिसर के जंगल को काटकर स्विमिंग पूल बनाए जाने का आरोप लगाया था जिसके जवाब में लोढ़ा बोल रहे थे। आदित्य ठाकरे को निशाने पर लेते हुए मंत्री लोढ़ा ने कहा कि रोहंगिया और बांग्लादेशी को समर्थन देने वाले को यह मालूम होना चाहिए।



कुर्ला के आईटीआई परिसर में पिछले दो महीनों से 'पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर' के नाम पर एक पारंपरिक मराठी खेलों का मैदान तैयार किया जा रहा है। आगामी 13 अगस्त को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य देशी और पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई के विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो और अन्य खिलाड़ियों को भी प्रवेश मिल सके, इस उद्देश्य से पिछले हिस्से में एक पगडंडी और द्वार निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।इस पगडंडी के कारण आईटीआई के बाहर बसी रोहिंग्या-बांग्लादेशियों की अवैध झोपड़ियों को बाधा पहुंचेगी।, शायद यही डर आदित्य ठाकरे को सता रहा है। मुंबई में पहली बार पारंपरिक मराठी खेलों का मैदान बन रहा है, इसका स्वागत करने के बजाय, वह रोहिंग्या-बांग्लादेशियों की अवैध झोपड़ियों को बचाने की बेकार कोशिश क्यों कर रहे हैं?

Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 12th July, 2025 | 06:30 PM | Pune |

Venue: Atlantis Events & Party Venue, Sacred World Mall, Vitthal Rao Shivarkar Rd, Wanwadi, Pune, Maharashtra - 411040.
Name: Shubhangi Gupta | Mob. No.: 9136007135
Nippon Life India Asset Management Limited | CIN : L65910MH1995PLC220793
Good gets better
Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**श्री हरिलाल भगवती मनपा सामान्य अस्पताल, बोरिवली, मुंबई - 400101**

**ई-निविदा सूचना**

**क्रमांक: एचओ/बीएच/1554/ दिनांक : 03.07.2025**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री हरिलाल भगवती मनपा सामान्य अस्पताल, बोरिवली (प.), मुंबई – 400103 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए महा ई-निविदा के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं.

ई-निविदा सूचना से संबंधित विवरण www.mahatenders.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है. ई-निविदा के विवरण इस प्रकार हैः

| अ. क्र. | विवरण | महा निविदा क्रमांक | ई-निविदा जांच शुल्क ₹ | ईएमडी (₹) | ऑनलाइन बोली डाउनलोडिंग की आरंभिक तिथि एवं समय | ऑनलाइन बोली जमा की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हरिलाल भगवती मनपा सामान्य अस्पताल, बोरिवली (प) मुंबई – 103 के पैथोलॉजी लैब में उपयोग के लिए 3 वर्षीय वारंटी और 5 वर्षीय सम्पूर्ण अनुरक्षण अनुबंध के साथ ऑटोलोडर के साथ 5 पार्ट डिफ. हेमाटोलॉजी एनालाइजर की एसआईटीसी. | 2025_एमसीजीएम_1197152 | ₹ 1452/- + 18% जीएसटी | 28,000/- | 09.07.2025, 16.00 बजे | 16.07.2025, 18.00 बजे तक |
| | टिप्पणी : - बयाना रकम जमाराशि (ईएमडी) का ऑनलाइन भुगतान, निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक करना अनिवार्य है. - शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल महाटेंडर्स वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा. | | | | | |

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त के पास किसी भी समय बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा सभी ई-निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.

हस्ता./-
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
श्री हरिलाल भगवती अस्पताल
बोरिवली (प), मुंबई – 400 103

पीआरओ/919/विज्ञा./2025-26

सड़क पर खुले में रखें खाद्य पदार्थ, काटे हुये फल और पेय पदार्थों का सेवन ना करें.

# ब्लैकमेल से तंग CA ने की आत्महत्या

**मुंबई।** सांताक्रूज के यशवंत नगर के एक 32 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट ने अपने निजी वीडियो को लेकर ब्लैकमेल किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राज लीला मोरे के रूप में हुई है, जिसने जहर खा लिया और तीन पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए दो व्यक्तियों राहुल परवानी और सबा कुरैशी को जिम्मेदार ठहराया।

वकोला पुलिस के अनुसार, एक महिला समेत दो आरोपियों के खिलाफ जबरन वसूली और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दोनों ने कथित तौर पर पिछले 18 महीनों में पीड़ित से उसके निजी वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देकर 3 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की। पीड़ित की मां ने कहा कि राज पिछले कुछ महीनों से मानसिक तनाव में था।

# देवनार डंपिंग ग्राउंड पर जमा कचरे को नष्ट करने के लिए तीन कम्पनियां आईं आगे

**मुंबई।** देवनार डंपिंग ग्राउंड पर जमा पुराने कचरे के वैज्ञानिक तरीके से निपटान (बायोरिमिडिएशन) के लिए मनपा की 2,368 करोड़ की निविदा में मंगलवार को तीन कंपनियां प्रमुख दावेदार के रूप में सामने आई हैं। यह कंपनिया नवयुग इंजीनियरिंग लिमिटेड, री सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड और एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड है। देवनार देश के सबसे पुराने और विषैले कचरा स्थलों में से एक है। नवयुग इंजीनियरिंग लिमिटेड ने वर्ष 2021 में आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा बायपास परियोजना के लिए अदानी एंटरप्राइजेज के साथ साझेदारी की थी।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पूर्व में मेरा नाम मनीष गोरधनदास झवेरी पिता गोरधनदास पन्नालाल झवेरी (Manish Gordhandas Jhaveri s/o Gordhandas Pannalal Jhaveri) था, जो कि बदलकर मैंने अपना नाम मनीष झवेरी पिता गोरधनदास पन्नालाल झवेरी (Manish Jhaveri s/o Gordhandas Pannalal Jhaveri) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

मनीष झवेरी s/o गोरधनदास पन्नालाल झवेरी
पता: 501-बी पूनम अपार्टमेंट
डॉ. एनी बेसानी रोड वर्ली, मुंबई 400018

## वोटिंग लिस्ट के पुनरीक्षण पर बवाल

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटिंग लिस्ट के पुनरीक्षण को लेकर बवाल मचा हुआ है। कारण चुनाव आयोग अपने नागरिकों से उसकी नागरिकता का प्रमाण मांग रहा है। चुनाव आयोग की तरफ से वोटिंग लिस्ट का पुनरीक्षण का काम शुरू भी कर दिया गया था और इसके लिए जो नियम बनाए गए थे। उस पर विपक्ष चिंता में डूब गया था क्योंकि लोगों से भारत की नागरिकता साबित करने को कहा जा रहा था। विपक्ष ने चुनाव आयोग के नियम पर सवाल उठाए लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने साफ कर दिया कि वो फैसला वापस नहीं लेंगे पर जैसे ही ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, चुनाव आयोग ने यू टर्न ले लिया। सुप्रीम कोर्ट में 10 तारीख को सुनवाई होगी। वहीं 9 तारीख को बंद का आह्वान किया गया है। अब स्थिति सड़क से लेकर अदालत वाली हो गयी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से बिहार में चुनाव आयोग के तरफ से चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर कोर्ट में भी मामला ले जाया गया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के बिहार के संयोजक राजीव कुमार का कहना है कि बिहार में गरीब मतदाताओं के पास आधार कार्ड और राशन कार्ड है और जो 11 दस्तावेज मांगा जा रहा है वह जमा करना मुश्किल होगा। बिहार के वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के मामले में अब तक 9 याचिका दाखिल की जा चुकी है। राष्ट्रीय जनता दल यानी आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा और एक्टिविस्ट योगेंद्र यादव ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इनके अलावा 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) और 'पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज' ने भी ईसीआई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज झा ने अपनी रिट याचिका में कहा है कि ये फैसला न सिर्फ जल्दबाजी में लिया गया है बल्कि गलत समय पर भी लिया गया है। उनका मानना है कि इससे करोड़ों वोटर मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। जिससे वोट देने का उनका संवैधानिक अधिकार छिन जाएगा। इसके अलावा मनोज झा ने ये भी कहा है कि आयोग ने फैसला करने से पहले राजनीतिक दलों के साथ कोई बातचीत नहीं की। उन्होंने ईसीआई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, अपारदर्शी बदलावों को सही ठहराने की कोशिश की जा रही है। इसके जरिए मुस्लिम, दलित और गरीब समुदायों को टारगेट किया जा रहा है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट क्या रूख अपनाता है, ये देखने वाली बात होगी। बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए में ही फूट है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता और एनडीए सहयोगी उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर चिंता जताई। कुशवाहा ने कहा कि ईसीआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदाता सूची में कोई भी वास्तविक मतदाता छूट न जाए। उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण में समय की कमी पर भी सवाल उठाए। कुशवाहा ने प्रवासी मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंका व्यक्त की और कहा कि कई लोगों के पास चुनाव आयोग द्वारा उल्लिखित दस्तावेज नहीं हैं, जिससे उनमें घबराहट है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के नेता उपेंद्र कुशवाहा ने निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम नहीं काटा जाना चाहिए। कुशवाहा ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कोई नई बात नहीं है और यह पहले भी होता रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को जनसंख्या को देखते हुए यह अभ्यास एक या दो साल पहले शुरू कर देना चाहिए था। कुशवाहा ने कहा कि बिहार एक ऐसा राज्य है जहां बहुत से लोग देश के विभिन्न हिस्सों में काम कर रहे हैं लेकिन वे बिहार के मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी मतदाताओं में यह डर है कि उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा। कुशवाहा ने कहा कि राज्य में रहने वाले लोगों के एक बड़े वर्ग में भी यही डर है। उन्होंने कहा कि बिहार में कई ऐसे लोग हैं जिनके पास ईसीआई द्वारा बताए गए दस्तावेज नहीं हैं। कुशवाहा ने कहा कि अब ऐसे लोगों में दहशत है कि उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा। हरनौत विधानसभा क्षेत्र, जिसमें मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का गांव कल्याण बिगहा भी शामिल है और जिसे नीतीश ने पहले भी कई बार जीता है, में ओबीसी कुर्मियों के साथ-साथ कुछ ईबीसी और ब्राह्मण परिवारों का वर्चस्व है। चुनाव आयोग की कवायद के कारण हाशिए पर पड़े ईबीसी जैसे लोगों को सबसे ज्यादा वंचित होने की आशंका है। कारण 10 फीसदी लोगों के पास ही चुनाव आयोग द्वारा मान्य दस्तावेज हैं। चुनाव आयोग का यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 14,19,21,325 और 326 और जनप्रतिनिधित्व कानून 1950 और उसके रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टोर्स रूल 1960 के नियम 21ए का उल्लंघन है। मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता साबित करने की जिम्मेदारी नागरिकों पर डाल दी है। आधार और राशन कार्ड जैसे सामान्य पहचान पत्र को बाहर करके यह प्रक्रिया हाशिए पर पड़े समुदायों पर नकारात्मक असर डालेगी। मतदाताओं के लिए न सिर्फ अपनी नागरिकता साबित करने के लिए, बल्कि अपने माता-पिता की नागरिकता साबित करने के लिए भी दस्तावेज पेश करने होंगे। चुनाव आयोग का यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 326 का उल्लंघन है। चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण को लागू करने के लिए अव्यवहारिक समय सीमा निर्धारित की है, विशेषकर निकट में नवंबर 2025 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों को देखते हुए। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं था। जिनके पास विशेष सघन पुनरीक्षण आदेश में मांगे गए दस्तावेज नहीं हैं।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*गायब दिखते नक्सली, गायब हैं जिनपिंग*
*खो मैनी गायब हुए, बदल रहा है रंग*
*बदल रहा है रंग, जहां मिल जाएं कूटो*
*नैन बहाए खून बहाने वाला भुट्टो*
*कह सुरेश कविराय नमो रोधी कब टिकते*
*जितने भारत के दुश्मन सब गायब दिखते*

# अवैध घुसपैठियों के साथ क्यों खड़े हुए विपक्षी दल

> अवैध घुसपैठ भारत की बड़ी समस्या है। एक अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 6 करोड़ बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अन्य मुस्लिम देशों से आए अवैध घुसपैठ रह रहे हैं। वास्तव में भारत के विभाजन के लिए मुस्लिम लीग जिम्मेदार थी लेकिन आज तो भारत में कई मुस्लिम लीग हैं। जिन्हें हम सेकुलर पार्टियां बोलते हैं उनमें से ज्यादातर मुस्लिम लीग से भी ज्यादा साम्प्रदायिक सोच वाली पार्टियां हैं।



भारत के दूसरे विभाजन की नींव कांग्रेस ने विभाजन के दौरान ही रख दी थी। हम लाख कोशिश कर लें लेकिन हमारी तीसरी पीढ़ी के बाद की कोई एक पीढ़ी इस विभाजन की गवाह बन सकती है। आप कितनी भी सम्पति इकट्ठी कर लें लेकिन एक दिन खाली हाथ देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाना ही होगा जैसा कि 1947 में एक बार हो चुका है। इसकी बड़ी वजह यह है कि आरक्षण के लिए सवर्ण समाज जिस महापुरुष बाबा साहब अम्बेडकर को कोसता है, उनकी एक सलाह को कांग्रेस के नेतृत्व ने मानने से इनकार कर दिया था। बाबा साहब चाहते थे कि विभाजन से पहले दोनों देशों में आबादी की अदलाबदली हो जाए लेकिन कांग्रेस ने उनकी इस सलाह को सिरे से नकार दिया। सरदार पटेल भी ऐसा चाहते थे लेकिन कांग्रेस में उस समय वही होता था जो गांधी और नेहरू चाहते थे। बाबा साहब का कहना था कि भारत से गरीब देशों ने विभाजन से पहले आबादी की अदलाबदली की है क्योंकि ऐसा न करना दूसरे विभाजन को जन्म देना होगा। उनका कहना था कि अगर आबादी की अदलाबदली नहीं होती है तो समस्या वहीं खड़ी रहेगी और देश दंगों की आग में जलता रहेगा। आजादी के बाद हम अपने देश को लगातार दंगों की आग में जलता देख रहे हैं क्योंकि कांग्रेस ने इसका इंतजाम विभाजन के दौरान ही कर दिया था। आजादी के बाद कांग्रेस लगातर ऐसे हालात पैदा कर रही है कि भविष्य में भारत का एक और विभाजन हो जाए। विभाजन के बाद इस देश में मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रूक गई और पाकिस्तान में भी बड़ी आबादी हिन्दुओं की रूक गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश धीरे-धीरे हिन्दुओं की बड़ी आबादी को खत्म कर चुके हैं और बची खुची को जल्दी ही समाप्त कर देंगे लेकिन भारत में मुस्लिमों की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। इसका पहला कारण तो यह है कि विभाजन के बाद भी भारत में मुस्लिमों का आना जारी रहा है और दूसरी सबसे बड़ी वजह यह है कि मुस्लिमों की जन्मदर हिन्दुओं के मुकाबले बहुत ज्यादा है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में हिन्दुओं का धर्मपरिवर्तन आज भी जारी है। भारत ने विभाजन के बाद एक बड़ी समस्या का सामना किया है और वो मुस्लिमों की अवैध घुसपैठ की समस्या है। अवैध घुसपैठ भारत की बड़ी समस्या है। एक अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 6 करोड़ बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अन्य मुस्लिम देशों से आए अवैध घुसपैठ रह रहे हैं। वास्तव में भारत के विभाजन के लिए मुस्लिम लीग जिम्मेदार थी लेकिन आज तो भारत में कई मुस्लिम लीग हैं। जिन्हें हम सेकुलर पार्टियां बोलते हैं उनमें से ज्यादातर मुस्लिम लीग से भी ज्यादा साम्प्रदायिक सोच वाली पार्टियां हैं। मुस्लिम लीग मुसलमानों के लिए समान अधिकार मांगती थी लेकिन ये पार्टियां तो मुस्लिमों के लिए विशेषाधिकार मांगती हैं। आप सोचिए पाकिस्तान से आए हिन्दुओं की सम्पत्ति को पाकिस्तान की सरकार ने 1948 में ही शत्रु सम्पत्ति कानून बनाकर कब्जे में ले लिया था लेकिन भारत में इस सम्बंध में कांग्रेस ने 1968 तक कोई कानून ही नहीं बनाया। एक तरफ पाकिस्तान ने अपने देश में हिन्दुओं की छोड़ी गई सम्पत्ति को 1948 में ही कब्जे में ले लिया और भारत में आज तक मुकदमें चल रहे हैं। कांग्रेस का कमाल तो यह था कि 1968 में कानून बनाकर उसने पाकिस्तान गए मुस्लिमों की सम्पत्ति को कब्जे में लेने की जगह संरक्षित कर दिया था। पाकिस्तान में विस्थापितों के पुनर्वास की कोई समस्या नहीं आई क्योंकि उसने हिन्दुओं की सम्पत्ति उनके हवाले कर दी थी लेकिन भारत में विस्थापित भटकते रहे क्योंकि यहां उन्हें मुस्लिमों द्वारा छोड़ी सम्पत्ति से दूर रहने को कहा गया था। ये मुस्लिम तुष्टिकरण की समस्या आज भी हमारे देश में बनी हुई है। पहले सिर्फ कांग्रेस ऐसा कर रही थी लेकिन अब भाजपा के अलावा अन्य विपक्षी पार्टियां भी इस काम में जुट गई हैं। भारत का विभाजन इसलिए नहीं होगा क्योंकि मुस्लिम ऐसा चाहते हैं बल्कि इसलिए होगा क्योंकि विपक्षी दल ऐसा चाहते हैं। विपक्षी दल मुस्लिमों को मुख्यधारा में शामिल होने से रोकने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। ये दल उन्हें विशेष होने का अहसास कराने के लिए देश की मुख्यधारा से जुड़ने नहीं दे रहे हैं। सभी विपक्षी दल एनआरसी का विरोध करते हैं क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि भारत में अवैध रूप से रह रहे मुस्लिमों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जा सके। कोई भी देश में अपने देश में किसी को नागरिकता बहुत सोच समझकर देता है लेकिन भारत में करोड़ो लोग अवैध घुसपैठ करके भारतीय नागरिक बनकर रह रहे हैं। ये घुसपैठिए न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रहे हैं बल्कि मतदाता बनकर सरकार भी चुन रहे हैं। ये घुसपैठिए विपक्षी दलों के बड़े वोट बैंक हैं इसलिए विपक्षी दल नहीं चाहते हैं कि इनके खिलाफ कोई कार्यवाही हो। चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के सत्यापन और पुनरीक्षण का काम शुरू कर दिया है। जब से चुनाव आयोग ने इस काम को शुरू किया है, देश के विपक्षी दल चुनाव आयोग के विरोध में खड़े हो गए हैं। इस काम को रूकवाने के लिए ये लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं ताकि अवैध घुपपैठियों का नाम मतदाता सूची से न हटे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक तो नहीं लगाई है लेकिन 10 जुलाई से इस पर विस्तार से सुनवाई करने का फैसला किया है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से कुछ लोगों को मताधिकार से वंचित करना चाहती है। इसका इस्तेमाल मतदाता सूचियों के आक्रामक और अपारदर्शी संशोधनों को सही ठहराने के लिए किया जा रहा है, जो मुस्लिम, दलित और गरीब प्रवासी समुदायों को असंगत रूप से लक्षित करते हैं। इसका भी विरोध किया जा रहा है कि इसकी शुरूआत बिहार से क्यों की जा रही है। सवाल यह है कि अगर यह सही है तो बिहार से शुरू करने में क्या बुराई है। कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग अपने मनमाने और अनुचित आदेश से राज्य में करोड़ो मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना चाहता है। इसे मौलिक अधिकारों का हनन बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। ममता बनर्जी ने इसे एनआरसी से भी ज्यादा खतरनाक बताया है। अगले साल बंगाल में चुनाव होने वाले हैं इसलिए वो अभी से मोर्चा खोकर बैठ गई हैं क्योंकि बंगाल में अवैध घुसपैठियों के भारी संख्या में होने का अनुमान है। चुनाव आयोग यह कार्यवाही संविधान के अनुच्छेद-326, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और निर्वाचन पंजीकरण नियमावली 1960 के नियमों के अनुरूप कर रहा है। सवाल यह है कि जब चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन कर रहा है तो इससे लोकतंत्र की हत्या कैसे हो रही है और कैसे नागरिकों के अधिकार छीने जा रहे हैं।

**– राजेश कुमार पासी**

## डी के शिवकुमार 'सीएम इन वेटिंग'!



चिक्कबल्लापुर में मीडिया से बातचीत में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया के बारे में कहा, "मेरे पास और क्या चारा है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है और उनका साथ देना है। मुझे इसमें कोई ऐतराज नहीं है। पार्टी हाईकमान जो कहेगा, जो फैसला करेगा, वो पूरा होगा, मैं अभी इस पर कुछ बोलना नहीं चाहता। लाखों कार्यकर्ता इस पार्टी के साथ हैं।' कर्नाटक की सियासत में एक बार फिर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि वह पूरे पाँच साल तक अपनी कुर्सी पर बने रहेंगे। इस बयान ने शिवकुमार और उनके समर्थकों के अरमानों पर पानी फेर दिया। शिवकुमार ने मजबूरी में सिद्धारमैया का साथ देने की बात कही लेकिन उनके बयान में छिपी निराशा साफ झलक रही थी। राजनीतिक पंडितों की माने तो डीके शिवकुमार का यह कहना कि मेरे पास और कोई रास्ता नहीं, मुझे उनके साथ खड़ा होना ही है। यह बयान उनकी उस हताशा को दिखाता है जो बार-बार हाईकमान के फैसलों से उपज रही है। दरअसल, कर्नाटक में कॉन्ग्रेस की सत्ता को मजबूत करने में शिवकुमार की मेहनत को कोई नकार नहीं सकता, फिर भी उन्हें बार-बार इंतजार करने को कहा जा रहा है। क्या वह हमेशा 'सीएम इन वेटिंग' बने रहेंगे या कोई बड़ा सियासी कदम भी उठा सकते हैं? इधर सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बातचीत में दो टूक कहा, "हाँ, मैं मुख्यमंत्री बना रहूँगा। आपको क्यों शक है?" उन्होंने भाजपा और जेडी(एस) पर नेतृत्व परिवर्तन की अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ डीके शिवकुमार ने सिद्धारमैया के बयान के बाद कहा, "मुख्यमंत्री के सामने मेरा कोई सवाल ही नहीं उठता। मैंने किसी से मेरे पक्ष में बोलने को नहीं कहा।' डीके ने यह भी जोड़ा कि कॉन्ग्रेस हाईकमान का जो भी फैसला होगा, वह उसे मानेंगे लेकिन उनके इस बयान में वह जोश और आत्मविश्वास नहीं दिखा, जो पहले उनके भाषणों में झलकता था। यह साफ है कि हाईकमान ने एक बार फिर सिद्धारमैया को प्राथमिकता दी है और शिवकुमार को इंतजार करने को कहा गया है। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कॉन्ग्रेस की जीत के बाद शिवकुमार को उम्मीद थी कि उन्हें सीएम की कुर्सी मिलेगी। उनकी मेहनत और संगठन कौशल ने पार्टी को 135 सीटें दिलाई थीं। सूत्रों की मानें तो उस वक्त ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले की बात हुई थी, जिसमें सिद्धारमैया और शिवकुमार बारी-बारी से सीएम बनते। लेकिन अब सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि वह पूरे कार्यकाल तक कुर्सी नहीं छोड़ेंगे और हाईकमान ने भी इस पर मुहर लगा दी है। बताया जाता है कि कर्नाटक की सियासत में जाति का एंगल हमेशा से अहम रहा है। डीके शिवकुमार ताकतवर वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं जो कर्नाटक की राजनीति में बड़ा प्रभाव रखता है। उनके समर्थकों का मानना है कि पार्टी ने उनके साथ नाइंसाफी की है। हाल ही में वोक्कालिगा समुदाय के कुछ धर्मगुरुओं ने भी शिवकुमार के पक्ष में बयान दिए थे। दूसरी तरफ सिद्धारमैया पिछड़े वर्ग (कुर्मी) से हैं, और उनका सामाजिक आधार भी मजबूत है। कॉन्ग्रेस हाईकमान ने सिद्धारमैया को समर्थन देकर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया। कॉन्ग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया था कि 100 से ज्यादा विधायक शिवकुमार को सीएम बनाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा था कि अगर कॉन्ग्रेस को 2028 में सत्ता में वापसी करनी है तो शिवकुमार को मौका देना होगा लेकिन हाईकमान ने हुसैन को नोटिस थमाकर चुप करा दिया। यह दिखाता है कि पार्टी में अनुशासन की आड़ में शिवकुमार के समर्थकों को दबाया जा रहा है। कर्नाटक विधानसभा में कॉन्ग्रेस के 138 विधायक हैं जिसमें से करीब 100 शिवकुमार के साथ माने जाते हैं। फिर भी हाईकमान ने सिद्धारमैया को प्राथमिकता दी। कॉन्ग्रेस हाईकमान ने इस पूरे मामले में सधी हुई चाल चली। सूत्रों के मुताबिक, बिहार चुनाव तक सिद्धारमैया को बनाए रखने का बहाना बनाया गया। हाईकमान को डर है कि सिद्धारमैया को हटाने से बिहार में पिछड़े वर्ग के बीच गलत संदेश जाएगा और भाजपा इसे भुनाएगी। साथ ही शिवकुमार के खिलाफ चल रही सीबीआई जाँच को भी फैसले में शामिल किया गया। 2019 में मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनकी जेल यात्रा को याद दिलाकर कहा गया कि अगर वह सीएम बने तो भाजपा जाँच एजेंसियों को और सक्रिय कर सकती है जिससे कॉन्ग्रेस को नुकसान हो सकता है। यही नहीं, मल्लिकार्जुन खरगे ने सिद्धारमैया के पक्ष में फैसला लेते हुए यह भी सुनिश्चित किया कि उनके बेटे प्रियांक खरगे का नाम भी सीएम की दौड़ में बना रहे। सूत्रों का कहना है कि सिद्धारमैया ने शिवकुमार के सामने प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ने की शर्त रखी थी लेकिन शिवकुमार ने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद गेंद हाईकमान के पाले में गई और खरगे ने यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया। जानकारों की माने तो शिवकुमार की स्थिति एमपी में ज्योतिरादित्य सिंधिया, छत्तीसगढ़ में टीएस सिंहदेव और राजस्थान में सचिन पायलट जैसी है, जिन्हें भी कॉन्ग्रेस ने लंबे समय तक इंतजार कराया। सिंधिया ने आखिरकार बगावत कर भाजपा का दामन थाम लिया जबकि पायलट ने धैर्य रखा। हालाँकि शिवकुमार ने अब तक तो कॉन्ग्रेस के प्रति वफादारी दिखाई है लेकिन उनके समर्थकों में बेचैनी बढ़ रही है। वोक्कालिगा समुदाय का गुस्सा और उनकी अपनी महत्वाकांक्षा देर-सबेर कोई बड़ा सियासी तूफान ला सकती है। क्या शिवकुमार बगावत करेंगे? यह संभावना कम लगती है क्योंकि वह कॉन्ग्रेस के लिए कर्नाटक में एक मजबूत चेहरा हैं लेकिन अगर हाईकमान बार-बार उनकी अनदेखी करता रहा तो उनके धैर्य की भी सीमा टूट सकती है। फिलहाल उन्होंने हाईकमान के फैसले को स्वीकार कर लिया है लेकिन उनके समर्थकों का मानना है कि यह शांति ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। कर्नाटक की सियासत में यह ड्रामा अभी थमा नहीं है। सिद्धारमैया की कुर्सी फिलहाल सुरक्षित है लेकिन शिवकुमार और उनके समर्थकों की बेचैनी बनी रहेगी।

**– रामस्वरूप रावतसरे**

## कहीं महंगा न पड़ जाये आस्था से मजाक

भारत की सांस्कृतिक परंपरा पर्वों की उस रंग-बिरंगी माला के समान है जिसका प्रत्येक मनका किसी ऋतु, किसी फसल, किसी प्राकृतिक तत्व या किसी लौकिक सत्य से बंधा हुआ है। यहां उत्सव केवल उल्लास नहीं, ऋतुओं का स्वागत है, आकाश-पवन-नदी का वंदन है, और भूमि माता के चरणों में अर्पित श्रद्धा है। मकर संक्रांति के साथ जब सूर्य उत्तरायण होता है तो वह मात्र खगोल घटना नहीं होती, वह अन्नदाता के हृदय में नई आशा की किरण भी जगाता है। छठ पूजा में सूर्य को अर्घ्य देते समय केवल एक देवता नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्रकाश व्यवस्था के प्रति आभार प्रकट किया जाता है किंतु दुःख की बात यह है कि आज इन्हीं पर्वों को उपहास का विषय बना दिया गया है, कभी सोशल मीडिया की मीम संस्कृति के माध्यम से तो कभी तथाकथित बुद्धिजीविता के नाम पर। आश्चर्य होता है जब छठ पूजा जैसे विराट और श्रमसाध्य पर्व को 'रिवर्स योगा' कहा जाता है या होली जैसे रंगों के उत्सव को जल अपव्यय की उपमा देकर बदनाम किया जाता है। हास्य की यह धारा जब आस्था का उपहास बनने लगे, तब वह केवल मनोरंजन नहीं, सांस्कृतिक विघटन का औजार बन जाती है। कुछ वर्ष पूर्व एक वेब सीरीज में छठ व्रत करने वाली स्त्रियों को 'गंवार और अंधविश्वासी' कहकर चित्रित किया गया। यह कोई अलग घटना नहीं बल्कि एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति का उदाहरण था जहां पर्वों को 'साइंटिफिक टेंपर' की कसौटी पर कसा जाने लगा किंतु बिना यह समझे कि ये पर्व ही तो भारतीय मानस का विज्ञान हैं, हमारे शरीर, पर्यावरण और समाज के सामूहिक संतुलन का जीवंत उदाहरण हैं। दीपावली के आते ही शोर उठता है 'पटाखे मत जलाओ, प्रदूषण होता है!' मानो पूरे वर्ष का पर्यावरणीय संतुलन केवल एक रात के दीपोत्सव से डगमगाने लगे। क्या किसी ने होली के पूर्व गांवों में की जाने वाली तालाब सफाई देखी है? क्या किसी एनजीओ ने छठ पूजा से पूर्व गंगा घाटों की सामूहिक सफाई की सराहना की है? नहीं, क्योंकि अब आलोचना का उद्देश्य सुधार नहीं, अपमान है। भारतीयता को 'पर्यावरण विरोधी' दिखाकर, पश्चिमी मानकों की श्रेष्ठता स्थापित करना है। क्या आपने कभी देखा है कि 'थैंक्स गिविंग' पर टर्की की बलि का मज़ाक उड़ाया गया हो? क्या 'ईस्टर' पर अंडों और चॉकलेट्स की बर्बादी के खिलाफ कोई अभियान चला? लेकिन भारत में तो हर त्योहार के साथ एक झूठा अपराधबोध जोड़ दिया जाता है। गणेश चतुर्थी को 'नदी प्रदूषण का पर्व', होली को 'जल बर्बादी का उत्सव', और दीपावली को 'ध्वनि और वायु प्रदूषण का महापर्व' कहकर प्रस्तुत किया जाता है। पर्व केवल पूजा नहीं होते. वे समाज की चेतना होते हैं। होली, जहां रंगों में जाति-वर्ग-भेद मिट जाता है; छठ, जहां स्त्री प्रकृति से तादात्म्य स्थापित करती है; गणेश चतुर्थी, जहां बुद्धि और बाधाओं के बीच संवाद होता है, इन सभी को 'जोक्स' के जरिए तुच्छ बना देना किसी सभ्यता की जड़ों को काटने जैसा है।

**– सचिन त्रिपाठी**

### आज का कार्टून

साभार




## क्या हम अपनी जड़ों से कटते जा रहे हैं?

रांची की धरती न केवल जंगलों, जल और जनजातीय आत्मा की पहचान रही है, बल्कि यहां की परंपराएं और सांस्कृतिक मेलों ने सदियों से इस धरती की आत्मा को जीवित रखा है। इन्हीं परंपराओं में एक "घुरती रथ मेला" भी है, जो न केवल एक धार्मिक आयोजन है बल्कि आदिवासी और स्थानीय ग्रामीण जीवनशैली का उत्सव भी है। हर वर्ष यह मेला रथ यात्रा के साथ आरंभ होता है और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पूरी श्रद्धा, समर्पण और सहयोग से संपन्न किया जाता है लेकिन विडंबना यह है कि आज वही ग्रामीण अपनी ही परंपरा के आयोजन में हाशिए पर खड़े कर दिए गए हैं — क्योंकि अब यह रथ मेला भी व्यवसायीकरण की चपेट में आ चुका है। रांची में घुरती रथ मेला कोई नया आयोजन नहीं है। यह सैकड़ों वर्षों से चली आ रही हमारी परंपरा है जिसे कुटे और आसपास के गांवों के पूर्वजों ने शुरू किया था। उनका उद्देश्य यह था कि धार्मिक रथ यात्रा के साथ-साथ एक मेला भी लगे जिससे आसपास के गांवों के लोग न केवल सांस्कृतिक रूप से जुड़ें बल्कि उन्हें स्थानीय उत्पाद बेचने और आर्थिक लाभ कमाने का अवसर भी प्राप्त हो सके। साल में एक बार लगने वाला यह मेला कई मायनों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक अस्थायी लेकिन महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। खेती के बाद के समय में जब गांवों में आर्थिक गतिशीलता कम हो जाती है, तब ऐसा मेला लघु उद्यम, हस्तशिल्प, पारंपरिक खानपान, लोकनृत्य और सांस्कृतिक विनिमय का जरिया बनता है। यह मेला सिर्फ एक जाति, धर्म या समुदाय का आयोजन नहीं। हिंदू, आदिवासी, ओबीसी, मुस्लिम, सभी इस मेला में सहयोग करते हैं — कोई स्टॉल लगाता है, कोई सुरक्षा देता है, कोई झूले चलाता है, कोई लाउडस्पीकर का प्रबंध करता है। ऐसे समय में जब देश में धर्म और जाति के नाम पर सामाजिक विभाजन फैलाने की कोशिशें हो रही हैं, घुरती मेला जैसे आयोजन एकता का जीवंत उदाहरण बनता हैं। इसे सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनाए रखना देश की साझी विरासत के लिए भी आवश्यक है। महिलाओं की भागीदारी : घरेलू काम से लेकर सामूहिक नेतृत्व तक इस मेले की नींव में स्थानीय महिलाओं की मेहनत भी छिपी होती है — चाहे वो रथ यात्रा के लिए प्रसाद तैयार करना हो, बच्चों के साथ पुआ-पकवान बेचना हो, या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य और गीत प्रस्तुत करना हो। परंतु यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि मेला में प्रबंधन, मंच और स्टॉल आवंटन जैसे निर्णयों में महिलाओं की भूमिका लगभग नगण्य हो गई है। इसलिए ज़रूरी है कि "घुरती मेला संचालन समिति" में कम से कम 40% महिला भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह मेला तब जाकर और जीवंत, और अधिक न्यायपूर्ण बनेगा। परंपरा पर मंडराता व्यवसायीकरण का संकट लेकिन बीते कुछ वर्षों से जो तस्वीर सामने आ रही है, वह बेहद चिंताजनक होते जा रहा है। अब यह मेला स्थानीय लोगों के लिए नहीं, बल्कि ठेकेदारों और बड़े व्यापारियों के लिए मुनाफा कमाने का मंच बनता जा रहा है। ऐसे में कुछ ग्रामीणों का कहना है कि उनके परंपरागत स्टॉलों को दरकिनार कर भारी किराए पर बाहरी दुकानदारों को जगह दी जा रही है। उनके पारंपरिक उत्पादों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मंच नहीं मिल रहा, और धीरे-धीरे उनका अपना मेला उनसे छिनता जा रहा है। यह स्थिति न केवल उसके साथ एक आर्थिक अन्याय है, बल्कि एक सांस्कृतिक विस्थापन भी है — जहाँ परंपरा को पूंजी के सामने झुका दिया गया है। विस्थापित ग्रामीणों की दोहरी पीड़ा कुटे गाँव और आसपास के इलाके के ग्रामीण पहले से ही हटिया रेलवे, औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण विस्थापन की मार झेल चुके हैं। उनकी जमीनें छिनी गईं, घर उजड़े, रोजगार छिना। अब जब वे मेले जैसे आयोजनों से कुछ सामाजिक और आर्थिक जुड़ाव पाते हैं, तो उन्हें वहां से भी दरकिनार कर दिया जाता है। हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में हुई हालिया बैठक में ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि अगर व्यवसायीकरण इसी तरह हावी रहा तो भविष्य में इस मेला का विरोध भी हो सकता है। यह चेतावनी सिर्फ एक आयोजन के लिए नहीं है, बल्कि यह हाशिए पर खड़े लोगों की पहचान बचाने की पुकार है। जन-नियंत्रण की अवधारणा : मेला हमारे गाँव का है, हमारी निगरानी भी हो अभी तक जो सबसे बड़ा संकट सामने आया है, वह है — स्थानीय जन-नियंत्रण का अभाव।

**– अशोक कुमार झा**

# बिहार में सरकारी नौकरी में डोमिसाइल पॉलिसी लागू

- सिर्फ राज्य की महिलाओं को 35% आरक्षण मिलेगा
- पहले दूसरे राज्य की महिलाओं को भी मिलता था

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को जनरल कैटेगरी में जोड़ा जाएगा। पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35% आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा। नीतीश कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को ये फैसला लिया गया। इसके साथ ही 43 एजेंडों पर मुहर लगी है।

बिहार में पहली बार बिहार युवा आयोग का गठन होगा। चुनावी साल में बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय नीतीश सरकार ने लिया है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा था कि सरकार बनने पर वह युवा आयोग का गठन करेंगे।






### दिव्यांग के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

सरकार ने एक नई योजना शुरू की है, जिसका नाम दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना है। इसका लाभ दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) अभ्यर्थियों को मिलेगा। उन्हें राज्य की किसी दूसरी सिविल सेवा तैयारी योजना से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में BPSC या UPSC की प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेते हैं, तो उन्हें मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 50 हजार रुपए और इंटरव्यू की तैयारी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

# पांच लोगों की हत्या से ठीक पहले का वीडियो आया सामने

## तंत्र-मंत्र करता दिखा नकुल

**महानगर नेटवर्क**
**पूर्णिया**

पूर्णिया में रानीपतरा के टेटगामा में पांच लोगों की बर्बरता से हत्या और शवों को जलाने का मुख्य आरोपी नकुल उरांव के तंत्र विद्या का एक वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में वह अपने घर में गांव के रामदेव उरांव के आठ वर्षीय बेटे सुमित कुमार को तंत्र विद्या के जरिए ठीक करने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। सुमित की मौत के बाद ही नकुल ने बाबूलाल उरांव के परिवार के पांच लोगों की हत्या की साजिश रची। बाबूलाल की पत्नी सीता देवी को डायन बताकर लोगो को गुमराह किया और बर्बर हत्याकांड को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि नकुल पांच साल पहले मजदूरी करता था। टेटगामा गांव में सड़क के किनारे दुकान भी खोली। चाय की दुकान को कुछ ही दिनों बाद लेलहा होटल बना दिया। आसपास के ईट भट्टा में काम करने वाले मजदूर और मिट्टी ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर चालकों के कारण लेलहा होटल चलता था। दुकान चलाने के दौरान ही नकुल उरांव का संपर्क मिट्टी माफिया से हुआ। इसके बाद मिट्टी कटाई का काम शुरू कर दिया। धीरे धीरे मिट्टी मफिया के साथ-साथ जमीन का कारोबार भी करने लगा। इसी बीच नकुल उरांव अपने घर में मां बिषहरी की पूजा पाठ के तरफ ध्यान देने लगा और तांत्रिक गतिविधि में कुछ समय देने लगा। गांव में उसकी दबंगई धीरे धीरे बढ़ने लगी। वह बाबूलाल उरांव की पत्नी सीता देवी पर आरोप लगाने लगा कि वह डायन है।



# बिहार युवा आयोग पर चिराग ने नीतीश को थैंक्यू कहा

## तेजस्वी बोले- हमारे वादे चुरा रही नकलची सरकार

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार की नीतीश सरकार ने राज्य में बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। जिसका उद्देश्य युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाना है। युवा आयोग में एक अध्यक्ष,दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो। लेकिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर उनके वादे चुराने का आरोप लगाया है। तो वहीं एनडीए के सहयोगी और लोजपा आर के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सीएम नीतीश का आभार जताया।



तेजस्वी यादव ने ट्वीट करते हुए कहा कि हम है आगे-आगे और हमारे पीछे-पीछे है 20 सालों की थकाऊ-उबाऊ,बिकाऊ-दिखाऊ खटारा सरकार। जो वादा हम करते हैं उसको यह नकलची एनडीए सरकार तुरंत कॉपी कर लेती है क्योंकि थके हुए लोगों के पास अपना कोई विज़न, रोड मैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। अब युवा प्रदेश बिहार इस नकलची और निकम्मी सरकार से छुटकारा चाहता है। दरअसल कुछ दिन पहले तेजस्वी यादव ने युवा चौपाल में ये वादा किया था कि अगर महागठबंधन की सरकार आई तो वो युवा आयोग का गठन करेंगे। लेकिन उनका ये वादा नीतीश सरकार ने पहले ही पूरा कर दिया। जिस पर तेजस्वी ने तंज कसा है। वहीं दूसरी तरफ एलजेपी-आर के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नीतीश सरकार को युवा आयोग के गठन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने आज 'बिहार युवा आयोग' के गठन को मंजूरी दे दी है, जो राज्य के युवाओं के हितों को समर्पित तरीके से आगे बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

# 4 दिन चलेगी बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा

## आसानी से नहीं मिलेगी एग्जाम सेंटर में एंट्री




**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

सेंट्रल सेलेक्शन बोर्ड ऑफ कांस्टेबल (CSBC), बिहार की ओर से पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का आयोजन 4 दिनों तक किया जाएगा। एग्जाम 16 जुलाई से शुरू होकर 3 अगस्त तक चलेगा। 16 जुलाई की परीक्षा के लिए आज एडमिट कार्ड जारी किया जा सकता है। हॉल टिकट आधिकारिक वेबसाइट csbc.bihar.gov.in पर जारी किया जाएगा, जिसे रजिस्टर्ड कैंडिडेट अपने एप्लीकेशन नंबर के जरिए डाउनलोड कर सकेंगे।

इस परीक्षा के जरिए बिहार पुलिस में कांस्टेबल के कुल 19838 पदों पर भर्तियां की जानी हैं। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थी आगे की चयन प्रक्रिया पीईटी, पीएसटी आदि में शामिल होंगे। एग्जाम का आयोजन राज्य भर में निर्धारित विभिन्न केंद्रों पर एक ही पाली में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा।

किसी भी रजिस्टर्ड कैंडिडेट को बिना एडमिट कार्ड के एग्जाम सेंटर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। हॉल टिकट के साथ अभ्यर्थी को एक आधिकारिक फोटो युक्त पहचान पत्र जैसे की आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी अनिवार्य रूप से लेकर जाना होगा। इनकी जांच के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। कैंडिडेट को 10:30 बजे तक एग्जाम सेंटर पर पहुंचना होगा। एग्जाम में शामिल होने के लिए करीब 16,73,586 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा 38 जिलों में 627 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

एग्जाम हॉल में मोबाइल आदि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को लेकर जानें पर प्रतिबंध लगाया गया है। अगर कोई भी अभ्यर्थी इन चीजों के साथ पकड़ा जाता है, तो उसे तुरंत परीक्षा केंद्र से बाहर कर दिया जाएगा। साथ ही सख्त कार्रवाई भी जा सकती है। एग्जाम गाइडलाइन संबंधी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# मुंगेर में नक्सली और STF के बीच मुठभेड़

- नक्सलियों ने 125 राउंड की फायरिंग
- STF ने 80 राउंड से दिया था जबाव, घायल नक्सली की तलाश जारी

**महानगर नेटवर्क**
**मुंगेर**

मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन तीसरे दिन भी जारी है। राजा सराय गांव के पास पहाड़ी जंगलों में एसटीएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और जिला पुलिस की टीमें तैनात हैं। बता दें कि शनिवार शाम 6:15 बजे एसटीएफ की विशेष टीम की मुठभेड़ तीन लाख के इनामी नक्सली सुरेश कोड़ा के दस्ते से हुई। करीब एक घंटे तक चली गोलीबारी में नक्सलियों ने AK-47 से 125 राउंड फायर किए। एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई में 80 राउंड गोलियां चलाईं।

**मुठभेड़ में घायल हुआ था नक्सली**

एसपी सैयद इमरान मसूद के अनुसार मुठभेड़ में सुरेश कोड़ा घायल हुआ। वह अपने साथियों बहादुर और नारायण कोड़ा के साथ अंधेरे और दुर्गम पहाड़ी रास्तों का फायदा उठाकर फरार हो गया। हवेली खड़गपुर थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है।

राजा सराय के ग्रामीण डर के कारण घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। स्थानीय लोगों को आशंका है कि घायल नक्सली कोई बड़ी वारदात कर सकता है। सुरक्षाबल लगातार जंगल में तलाशी अभियान चला रहे हैं।



### आखिर कहां हुई चूक

सूत्रों की मानें तो एसटीएफ की विशेष टीम ने नक्सली सुरेश कोड़ा के जत्थे को तीन तरफ से घेर लिया था। मगर राजा सराय गांव की गलियों एवं पहाड़ी रास्तों से पूरी तरह वाकिफ सुरेश कोड़ा ने आखिर एसटीएफ की तेजतर्रार टीम को चकमा दे दिया। दरअसल एसटीएफ टीम सुरेश कोड़ा को गांव में घुसते नहीं देख सकी। जब वह वापस जाने को निकल ही रहा था, तो टीम ने उसे ललकारा।

# नालंदा में बच्चों के विवाद में हिंसा,18 नामजद

**महानगर नेटवर्क**
**नालंदा**

नालंदा में रविवार को बच्चों के विवाद डबल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया है। एक लड़का और लड़की के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अभिषेक कुमार, कौशल कुमार, राज मोहित कुमार, सूरज कुमार, नवलेश कुमार, मिंता देवी और आदेश प्रसाद के तौर पर हुई है। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतका अन्नू की मां सुशीला देवी के बयान पर 18 नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। नामजद आरोपियों में कौशल कुमार उर्फ कालिया, प्रशांत कुमार, नवलेश महतो, कमली महतो, सुनील महतो, मिंता देवी, अभिषेक कुमार, सूरज कुमार, राज मोहित कुमार, संजय महतो, टुन्नी महतो, सुदामा कुमार, मुखिया महतो, पप्पू महतो, केडी वर्मा, महेश महतो, अंशु कुमार और दयानंद कुमार शामिल है। सदर एसडीपीओ-1 नुरुल हक ने बताया कि दीपनगर पुलिस को रविवार शाम सूचना मिली थी। डुमरावां गांव में मारपीट और गोलीबारी हुई है। 2 बच्चों की हत्या हुई है।




# भागलपुर में ऑटो ड्राइवर की हत्या

**महानगर नेटवर्क**
**भागलपुर**

भागलपुर में स्मैक पीने के दौरान बकाया रुपए नहीं देने पर अपराधियों ने एक ऑटो ड्राइवर को गोली मार दी। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 2 बुलेट पेट में लगी थी। मृतक की पहचान सार्जन कुमार(28) के तौर पर हुई है। घटना नवगछिया थाना क्षेत्र के तेतरी दोनिया टोला काली मंदिर के पास की है। मृतक के छोटे भाई राहुल कुमार ने बताया को सोमवार शाम को भैया के साथ था। करीब 7.30 बजे भाई ने घर जाने के लिए कहा। जाते समय गोली की आवाज सुनाई थी। लौटकर मौके पर पहुंचा तो देखा कि भैया को गोली लगी थी।



### 2 दिन पहले रची थी साजिश

पिता सुभाष राय ने सार्जन ऑटो चलाता था। शाम 6 बजे से बगीचे में था। अपने दोस्तों के साथ बैठकर स्मैक पी रहा था। इस दौरान पैसे को लेकर विवाद हो गया। उसके दोस्तों ने ही गोली मार दी। हत्या की साजिश 2 दिन पहले ही रची थी।

# यह नया बिहार है, अपराधियों की ठोकाई शुरू हो गई है

## पटना एनकाउंटर पर बोले जीतनराम मांझी

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

पटना में कारोबारी गोपाल खेमका हत्याकांड के आरोपी राजा उर्फ विकास के पुलिस एनकाउंटर के बाद राजनीति गर्मा गई है। केंद्रीय मंत्री एवं हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के सुप्रीमो जीतनराम मांझी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष को घेरा है। मांझी ने कहा कि यह नया बिहार है, यहां अपराधियों की ठोकाई शुरू हो गई है। आरजेडी पर तंज कसते हुए उन्होंने यह भी कहा कि आपराधिक घटनाओं का मतलब यह नहीं है कि अपराधियों के डर से हम शासन राक्षसों के हाथ में सौंप दें। यह वह बिहार नहीं है, जहां माफिया सीएम आवास में बठकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलवाते थे। जीतनराम मांझी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए गोपाल खेमका हत्याकांड के शूटर का पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का लिंक होने का दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि शूटर उमेश यादव ने साबित कर दिया कि तेजस्वी के लोग तकरीबन हर आपराधिक वारदातों में शामिल होते हैं। इनका इलाज भी शुरू हो गया है।

पटना के नामी कारोबारी गोपाल खेमका की शुक्रवार देर रात उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस शूटर उमेश यादव और मास्टरमाइंड अशोक शाह को गिरफ्तार कर चुकी है।



**व्यापार**

# जून में 2.6% रह सकती है महंगाई दर

## 20 जरूरी चीजों में 16 के दाम घटे

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

जून में लगातार आठवें महीने महंगाई से राहत मिली है। दाल, चावल, तेल और सब्जियां जैसी 20 जरूरी चीजों में से 16 के दाम 24% तक घटे हैं। केवल 4 चीजें 30% तक महंगी हुई हैं। तुअर (अरहर) दाल सबसे ज्यादा सस्ती होने वाली कमोडिटी में शामिल है। सन फ्लावर ऑयल के दाम सबसे ज्यादा बढ़े हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के एसेंशियल कमोडिटी इंडेक्स से ये जानकारी सामने आई है। जून में यह -1.8% पर रहा। लगातार दूसरे महीने इसका शून्य नीचे रहना, जरूरी चीजें सस्ती होने का संकेत है। दरअसल, देश में रिटेल महंगाई लगातार घट रही है। मई तक इसमें लगातार 7वें महीने कमी आई। अब जरूरी चीजों के दाम संकेत दे रहे हैं कि जून में भी ये सिलसिला जारी रहा। सरकारी डेटा के मुताबिक, अक्टूबर 2024 तक लगातार बढ़ने के बाद नवंबर से महंगाई हर महीने घटी है। जून में 2.6% रह सकती है महंगाई दर इकोनॉमिस्ट दीपान्विता मजूमदार ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि जून में रिटेल महंगाई दर 2.6% रहेगी।



### दुनियाभर में तेल की कीमतें स्थिर

दुनियाभर में खाद्य तेलों के दाम नियंत्रण में हैं, खास तौर पर पाम ऑयल और सोयाबीन तेल की कीमतें स्थिर हैं। देश में इन्हीं की खपत ज्यादा होती है। दक्षिण अमेरिका से सप्लाई बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सन फ्लावर ऑयल के दाम भी अब कम होने लगे हैं, क्योंकि मांग कमजोर है। इसके चलते अब भारतीय बाजार में भी खाद्य तेल के दाम कम होने के आसार हैं। जून तक टमाटर की कीमतें घटने के बाद जुलाई के पहले हफ्ते में इसके भाव जून के मुकाबले बढ़ गए।

# UCB क्षेत्र डिजिटल बदलाव के लिए तैयार

**मुंबई।** नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और ट्रांसयूनियन सिबिल ने संयुक्त रूप से 'सहकार ट्रेंड्स' रिपोर्ट का पहला संस्करण 2025 क्रेडिट कॉन्फ्रेंस के दौरान जारी किया। अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों द्वारा CIBIL को दी गई जानकारी पर आधारित यह रिपोर्ट दर्शाती है कि, मार्च 2025 तक अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (UCBs) का कुल पोर्टफोलियो बैलेंस 2.9 लाख करोड़ तक पहुँच गया है। मार्च 2020 के मुकाबले बीते पाँच वर्षों में इसमें 1.8 गुना की वृद्धि देखने को मिली है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में दो अंकों की दर से वृद्धि हुई है, जो उधारी की बढ़ती मांग और विस्तृत बाजार पहुँच के कारण संभव हो सकी है। तकनीक-आधारित बदलाव की दिशा में आह्वान के बीच UCB सेक्टर एक मज़बूत वित्तीय समावेशन के वाहक के रूप में उभर रहा है।

# सेंसेक्स 270 अंक ऊपर 83,713 पर बंद

**महानगर नेटवर्क**
**मुंबई**

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार (8 जुलाई) को सेंसेक्स 270 अंक से ज्यादा चढ़कर 83,713 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 61 अंक की तेजी रही, ये 25,523 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी रही। टाइटन का शेयर करीब 6% से ज्यादा गिरा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर करीब 4% चढ़कर बंद हुआ। जोमैटो, एशियन पेंट्स और NTPC के शेयरों में तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में तेजी और 23 में गिरावट रही। NSE के फार्मा, हेल्थकेयर सेक्टर्स गिरकर बंद हुए। IT, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स चढ़कर बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 7 जुलाई को सेंसेक्स करीब 10 अंक चढ़कर 83,443 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में कोई बदलाव नहीं हुआ, ये पिछले क्लोजिंग वाले स्तर (25,461) पर ही बंद हुआ

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट रही। BEL, टेक महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट 2.4% तक गिरे। कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर में 3% की तेजी रही।






# पूर्वान्कारा मुंबई में 8 सोसाइटियों को रिडेवलप करेगा

**मुंबई।** भारत के सबसे भरोसेमंद और प्रशंसित रियल एस्टेट डेवलपर्स पूर्वान्कारा लिमिटेड को मुंबई के चेंबूर में आठ आवासीय सोसाइटियों के पुनर्विकास के लिए पसंदीदा डेवलपर के रूप में चुना गया है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो लगभग 4 एकड़ में फैले 1.2 मिलियन वर्ग फीट से अधिक की कुल विकास क्षमता की है और जिसका अनुमानित सकल विकास मूल्य (जीडीवी) 2,100 करोड़ रुपये है। कंपनी मुंबई के ब्रीच कैंडी, पाली हिल और लोखंडवाला में प्रतिष्ठित पुनर्विकास परियोजनाओं के अलावा अब चेंबूर में इस नए प्रोजेक्ट की घोषणा की है। ये रणनीतिक पहल पश्चिम क्षेत्र में पुनर्विकास खंड में पुरवणकारा के बढ़ते पदचिह्न को दर्शाती है, जो गुणवत्ता और अखंडता के साथ शहरी स्थानों को पुनर्जीवित करने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# ओडिसी इलेक्ट्रिक ने लांच किया नया रेसर नियो

**महानगर नेटवर्क**
**मुंबई**

भारत के तेजी से उभरते प्रीमियम इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर ब्रांडों में शामिल ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने आज अपने लोकप्रिय स्कूटर रेसर का नया और उन्नत संस्करण रेसर नियो लॉन्च किया। दमदार परफॉर्मेंस, आधुनिक फीचर्स और उन्नत बैटरी टेक्नोलॉजी के साथ रेसर नियो को खासतौर पर भारतीय यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 52,000 (ग्राफीन बैटरी) और 63,000 (लिथियम-आयन बैटरी) रखी गई है। रेसर की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, नया रेसर नियो पहले से कहीं अधिक भरोसेमंद और यूज़र-फ्रेंडली फीचर्स के साथ आया है। इसे शहरों और कस्बों में रोज़ाना सफर करने वालों के लिए तैयार किया गया है। इसमें 250 वॉट की मोटर दी गई है, जिसकी टॉप स्पीड 25 किमी प्रति घंटा है।



# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने किया लॉन्च 'इंटरनेशनल रुपे सिलेक्ट डेबिट कार्ड'

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपना पहला वैश्विक भुगतान साधन इंटरनेशनल रुपे सिलेक्ट डेबिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कदम बैंक के आधुनिक, समावेशी और वैश्विक रूप से सुलभ बैंकिंग समाधान प्रदान करने के उद्देश्य का हिस्सा है। यह कार्ड रुपे-डिस्कवर नेटवर्क के सहयोग से एटीएम, पीओएस टर्मिनल और ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर ग्लोबल स्तर पर स्वीकार किया जाता है – जो इसे अक्सर अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोगों और उन ग्राहकों के लिए आदर्श बनाता है जो अपनी बैंकिंग ज़रूरतों को ऑनलाइन पूरा करना चाहते हैं। एनपीसीआई द्वारा जारी इस डेबिट कार्ड में कई प्रीमियम सुविधाएं शामिल हैं। इसमें प्रत्येक तिमाही में दो बार देश के हवाई अड्डों पर लाउंज में निशुल्क प्रवेश और साल में एक बार अंतरराष्ट्रीय लाउंज का निशुल्क उपयोग शामिल है। साथ ही इसमें 10 लाख का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और स्थायी विकलांगता कवर प्रदान किया जाता है। कार्डधारक हर तिमाही में एक निशुल्क गोल्फ सत्र, एक वेलनेस सेवा, कैब सेवा प्रदाताओं की ओर से एक यात्रा कूपन और वर्ष में एक बार एक प्रीमियम हेल्थ चेकअप का लाभ भी उठा सकते हैं।इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपातकालीन नकद सहायता, देशभर में चौबीसों घंटे कंसीयज सेवाएं, अधिक लेनदेन सीमा और संपर्क रहित भुगतान जैसी सुविधाएं भी इस कार्ड के साथ मिलती हैं।

# द बॉडी शॉप ने लिमिटेड-एडिशन शिया रेंज लॉन्च की

**मुंबई।** इस सीज़न, द बॉडी शॉप लेकर आया है अपनी नई और लिमिटेड-एडिशन (एलई) रेंज जो खास, खुशबूदार और बेहद सीमित समय के लिए उपलब्ध हैं। इस बार ब्रैंड ने गोल्डनबेरी की ताज़गी और सैफ्रॉन बॉडीकेयर कलेक्शन की गहराई भरी देखभाल का अनुभव पेश किया है। ये शानदार उत्पाद उन सभी के लिए हैं जो अपनी त्वचा से प्यार करते हैं और उसकी सही मायनों में देखभाल करना चाहते हैं।

शिया एंड गोल्डनबेरी बॉडी बटरः द बॉडी शॉप का प्रतिष्ठित फॉर्मूला अब एक नए ट्विस्ट के साथ शिया एंड गोल्डनबेरी बॉडी बटर। यह 96 घंटे तक स्किन को नमी देता है और उसे मुलायम, कोमल और भीतर से पोषित करता है। इसकी ताज़ा, फलों जैसी सुगंध इसे खुद के लिए या किसी प्रियजन के लिए एक बेहतरीन तोहफ़ा बनाती है। यह बॉडी बटर घाना के कम्युनिटी फेयर ट्रेड शिया बटर और ब्राज़ील के ऑर्गेनिक बबासु तेल से तैयार किया गया है। यह सिर्फ मॉइश्चराइज़र नहीं, बल्कि एक गहरी स्किन केयर रिचुअल है। यह नॉन-स्टिकी, नॉन-ग्रीसी है और बहुत रूखी त्वचा के लिए एकदम उपयुक्त है अब अपने शरीर से प्यार करना और भी अच्छा महसूस होगा।

# एएनजे ग्रुप ने FY25 की पहली तिमाही में 500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स हासिल किए

**मुंबई।** भारत की अग्रणी डिज़ाइन और बिल्ड फर्मों में से एक,मुंबई मुख्यालय वाली एएनजे ग्रुप ने पहली तिमाही में 500 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट्स हासिल कर जबरदस्त शुरुआत की है। इस तिमाही में कंपनी ने Amazon (हैदराबाद में 92,000 वर्ग फुट), Coca-Cola (अहमदाबाद में 90,000 वर्ग फुट) और ZEISS (बेंगलुरु में 2,50,000 वर्ग फुट) जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के साथ प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स के ज़रिए अपने पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

पिछले तीन महीनों में पूरे भारत में 10 लाख वर्ग फुट से अधिक कार्यक्षेत्रों की डिलीवरी करके,एएनजे ने टियर 1 और टियर 2 शहरों में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# SDG इंडेक्स में यूपी की ऐतिहासिक छलांग

## योगी बोले- ये सिर्फ आंकड़ा नहीं

महानगर संवाददाता
लखनऊ



उत्तर प्रदेश ने सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के इंडेक्स में बड़ी छलांग लगाते हुए पूरे देश में 29वें स्थान से सीधे 18वें पायदान पर जगह बना ली है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि प्रदेश के हर नागरिक की जिंदगी में आए सकारात्मक बदलाव का प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वैश्विक मानकों पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के सापेक्ष उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है। यह उपलब्धि केवल स्कोर का मामला नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाले परिवर्तन की पुष्टि है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018-19 में 42 अंकों के साथ 'परफॉर्मर' श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश ने 2023-24 तक 25 अंकों की वृद्धि के साथ 67 का स्कोर हासिल कर 'फ्रंट रनर' राज्यों की श्रेणी में प्रवेश किया है। 2018-19 में एसडीजी इंडेक्स में 29वें स्थान पर रहा उत्तर प्रदेश आज 2023-24 में 18वें स्थान पर आ गया है। यह प्रगति इस अवधि में किसी भी राज्य द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी छलांग है। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में किसी एक राज्य द्वारा किया गया यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीतिगत स्पष्टता, योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन और व्यापक जनसहभागिता का परिणाम है।

### महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण को लेकर प्रतिबद्धता

सीएम योगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं, जैसे हर घर जल, हर घर बिजली, कन्या सुमंगला, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री आरोग्य योजना, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन कायाकल्प और ओडीओपी ने एसडीजी लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के माध्यम से आम जन का जीवन बदला है और व्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बेटियों की शिक्षा और महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियानों ने सामाजिक चेतना को नई दिशा दी है। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच और ग्रामीण इलाकों में पोषण संबंधी सुधारों का भी विशेष उल्लेख किया गया।

# स्कूल में बच्चों के साथ एडीएम ने खाया मिड-डे मील

**शाहजहांपुर।** जिले में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने मंगलवार को विकासखंड मदनापुर के करनपुर पड़री स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। उन्होंने गांव के लोगों से बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में कराने की अपील की। एडीएम ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अच्छी सुविधाओं के साथ अभिभावकों के खाते में ड्रेस, जूता-मोजा, बैग आदि के लिए 1200 रुपये भेजा जा रहा है। साथ ही पका पकाया मिड-डे मील भोजन भी प्रत्येक स्कूल में मिल रहा है। अच्छे शिक्षक बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। कुछ प्राइवेट स्कूल जो बिना मान्यता के संचालित है, वे बच्चों का भविष्य बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि गांव में भ्रमण करके अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराएं।

# बिजली निजीकरण के खिलाफ हड़ताल आज

## देशभर के 27 लाख कर्मचारी होंगे शामिल

महानगर संवाददाता
लखनऊ



नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर में लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी उत्तर प्रदेश में किए जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आज यानी 9 जुलाई को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ उप्र के एक लाख से अधिक बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी ,जूनियर इंजीनियर और अभियंता पूरे दिन कार्यालयों अथवा कार्य स्थल के बाहर आकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे।
विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को यहां बताया कि नौ जुलाई को होने वाली हड़ताल केंद्र और राज्य सरकारों की निजीकरण की नीति के विरोध में की जा रही है। उन्होंने बताया कि नौ जुलाई की हड़ताल में बिजली के साथ रेल, बैंक, बीमा, बीएसएनएल, पोस्टल, केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारी, निजी कल कारखानों के कर्मचारी और मजदूर सम्मिलित होंगे।
संघर्ष समिति ने बताया कि नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की नोटिस में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दें कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का फैसला बिजली कर्मचारियों के व्यापक हित में वापस लिया जाये।

### सरकार से की आरक्षण की मांग

उन्होंने बताया कि 10 राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के मांगपत्र में भी उप्र में दो विद्युत वितरण कंपनियां के निजीकरण के निर्णय को निरस्त करने की मुख्य मांग है। इससे पहले बिजली कर्मचारियों ने आंदोलन के क्रम में जेल भरने का भी ऐलान किया है। इसे लेकर पावर कॉरपोरेशन चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने जेल भरो आंदोलन में शामिल होने की इच्छा रखने वाले सभी कर्मचारियों की सूचना मांगी थी। इसके लिए एक फॉर्मेट जारी कर दिया गया थी। सभी डिस्कॉम को निर्देश दिए गए हैं कि वे फॉर्मेट पर कर्मचारियों का पूरा ब्योरा भरवा कर उपलब्ध करवाएं। इसे लेकर भी भारी आक्रोश हो गया था।

# हिस्ट्रीशीटर के घर मनमाने तरीके से देर रात नहीं जा सकती पुलिस : हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस को एक ऐसे व्यक्ति के घर देर रात तक जाने से रोक दिया है, जिसकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर एवं न्यायमूर्ति अनिल कुमार दशम की खंडपीठ ने समुंदर पांडेय की आपराधिक रिट याचिका पर दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार, प्रयागराज के पुलिस आयुक्त और संबंधित एसएचओ को नोटिस जारी करते हुए पुलिस को रात में 'असमय' घरों का दौरा करने से रोक दिया। साथ ही इस मामले को 11 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।
खंडपीठ ने खड़क सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य के प्रसिद्ध मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। इसमें यह माना गया कि पुलिस हिस्ट्रीशीटर आदि के घरों का मनमाना तरीके से असमय पर दौरा नहीं कर सकती है। याचिका में याची की हिस्ट्रीशीट खोलने को चुनौती दी गई है। कहा गया है कि हिस्ट्रीशीट अप्रासंगिक सामग्री पर आधारित है। दावा किया गया है कि इसकी आड़ में पुलिस याची को परेशान कर रही है क्योंकि पुलिसकर्मी अनियमित समय पर याची के घर में घुस रहे हैं और थाने ले जा रहे हैं। इससे उसकी निजता के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है और उसके परिवार के सदस्यों को मानसिक कष्ट हो रहा है।

### पुलिस को ज्यादा विरोध का सामना नहीं करना होगा

अपराधियों की धरपकड़ के लिए ज्यादातर पुलिस देर रात ही छापेमारी करती है। हाफ एनकाउंटर और एनकाउंटर की ज्यादातर घटनाएं भी रात में ही होती रही हैं। इन्हें लेकर कई बार अपराधियों के परिवार वालों ने घर आकर उठाने का आरोप भी लगाया है। यह माना जाता है कि देर रात कार्रवाई से पुलिस को ज्यादा विरोध का सामना नहीं करना पड़ता है। छापेमारी में अपराधी घर पर मिल गया तो उसे उठा ले जाती है। अगर नहीं मिला तो परिवार वालों को पुलिस धमकाती है। अगर यही सब दिन में हो तो भीड़ लग सकती है और लोग वीडियो वगैरह बनाकर वायरल कर सकते हैं। अब नए निर्देश के बाद माना जा रहा है कि पुलिस को उसी हिसाब से अपनी कार्रवाई को अंजाम देना होगा।

## केशव मौर्य ने अखिलेश पर कसा तंज

# सपा का कांवड़ पथ निर्माण ऐलान ढोंग

महानगर संवाददाता
लखनऊ



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कांवड़ यात्रा और धार्मिक मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला है। अखिलेश यादव के कांवड़ पथ निर्माण के हालिया ऐलान को मौर्य ने 'नौटंकी' करार दिया और सपा पर सत्ता में रहते हुए हिंदू भावनाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। मौर्य ने कहा कि सपा का 'फर्जी PDA' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूला अब जनता के बीच नहीं चलेगा और 2047 तक सपा-INDI गठबंधन के लिए सत्ता के दरवाजे बंद हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि रामभक्तों पर गोलियां, शिवभक्तों पर लाठियां, कांवड़ियों को भजन तक नहीं करने दिया, नवरात्र और दीपावली में अंधेरा किया, मेडिकल कॉलेज से बाबा साहब अंबेडकर जी का नाम हटाया, कब्रिस्तानों की बाउंड्री बनवाई, लेकिन हिंदुओं के अंत्येष्टि स्थल नहीं बनाए। केशव मौर्य ने अखिलेश के कांवड़ पथ निर्माण के ऐलान को ढोंग बताते हुए कहा कि अब कहते हैं, कांवड़ियों के लिए पथ बनाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का विरोध करते-करते अब मथुरा-वृंदावन धाम के निर्माण का भी विरोध कर रहे हैं।

### लोगों की आस्था के साथ धोखा

बता दें कि 7 जुलाई को अखिलेश यादव ने कांवड़ यात्रा को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा कि अगर सपा सत्ता में आती है, तो कांवड़ियों के लिए विशेष पथ बनाए जाएंगे। इस बयान को सपा की ओर से हिंदू मतदाताओं को लुभाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि, अखिलेश ने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी ने धार्मिक आयोजनों, खासकर कुंभ और कांवड़ यात्रा, में लोगों की आस्था के साथ धोखा किया है। केशव मौर्य ने अखिलेश के इस बयान को पाखंड करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा ने सत्ता में रहते हुए रामभक्तों और शिवभक्तों पर अत्याचार किए, कांवड़ियों को भजन-कीर्तन करने से रोका, और धार्मिक आयोजनों में बाधा डाली। मौर्य ने सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश अब सत्ता के वियोग में तड़प रहे हैं।

# आरओ/एआरओ परीक्षा की उल्टी गिनती शुरू

**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। मंगलवार को आयोग में सभी जिलों के नोडल अफसरों की बैठक बुलाई गई है। 27 जुलाई को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी प्रारंभिक परीक्षा का सफल आयोजन आयोग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। बैठक में अफसरों को परीक्षा संबंधी प्रक्रिया और नए नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आयोग परीक्षा से 10 दिन पहले प्रवेश पत्र जारी करेगा। परीक्षा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 पिछले साल 11 फरवरी को प्रदेश में 58 जिलों के 2387 केंद्रों में हुई थी। आरओ/एआरओ के 411 पदों पर भर्ती के लिए 10,76,004 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली बार आयोग की किसी परीक्षा के लिए इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। यह परीक्षा डेढ़ साल बाद दोबारा आयोजित की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाल-बाल बचीं शिक्षा राज्यमंत्री गुलाबदेवी



**हापुड़।** यूपी के हापुड़ में भीषण हादसा हो गया। कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 9 स्थित छिजारसी चौकी के पास मंगलवार की दोपहर को माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में राज्यमंत्री मामूली रूप से घायल हो गई। हालांकि वह बाल-बाल बच गईं। वहीं उनकी गाड़ी समेत तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको रामा अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानजय सिंह भी अस्पताल पहुंचे और उनका हाल जाना। जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी दिल्ली से अमरोहा आ रही थीं। जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग 9 स्थित छिजारसी चौकी के पास पहुंची तो उनके काफिले से आगे चल रही तीन गाड़ियां अचानक रुक गई। जिसके चलते उनको एस्कॉर्ट कर रही गाड़ी उन गाड़ियों से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं राज्य मंत्री गुलाब देवी की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें वो मामूली रूप से घायल हो गई। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का लंबा जाम लग गया।

# योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंदी अफसरशाही से त्रस्त

## सीएम को लिखा पत्र, कहा- नहीं करने दे रहे हैं काम



**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अफसरशाही पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अधिकारियों पर कोई निर्देश नहीं मानने और अपने लोगों को अनुचित लाभ देने का आरोप लगाया है। वह नीतियों को ताक पर रखकर अपने स्तर से फैसले ले रहे हैं और पत्रावलियों को ही गायब कर रहे हैं। नंदी ने अपने पत्र में कुछ मामलों में बरती गईं अनियमितताओं का जिक्र भी किया गया है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। नंदी के लगाए गए आरोपों की जांच के निर्देश के साथ मामले की पूरी रिपोर्ट तलब की गई है। सूत्रों के मुताबिक मंत्री के आरोपों के ठोस जवाब शीर्ष स्तर के अधिकारी तैयार कर रहे हैं। सीएम को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि काम में अड़ंगा डालने के लिए अफसरशाही अपने स्तर पर फाइलें मंगाकर डंप कर रही है। साथ ही कई पत्रावलियों में ऐसे प्रस्ताव हैं, जो नियम विरुद्ध होने के बावजूद अपने स्तर से अधिकारी पारित कर रहे हैं। कुछ लोगों को अनुचित लाभ देने के लिए नीतियों के विरुद्ध जाकर प्रस्ताव पारित किए गए हैं। नंदी के पत्र के मुताबिक दो साल से तमाम फाइलें बार-बार मांगने के बाद भी अफसरों ने नहीं दी। आखिर क्यों? इस जवाब में विभाग में तैनात एक पूर्व अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों ने मना किया है। इस पर मंत्री ने पिछले वर्ष 7 अक्तूबर को ऐसी मामलों की सूची सीएम आफिस भेजी। 29 अक्तूबर को एक हफ्ते के अंदर सभी फाइलों को पेश करने के निर्देश दिए गए, लेकिन छह महीने बाद भी फाइलें नहीं दी गईं। इसी तरह विभाग में कामकाज का बंटवारा सक्षम स्तर से कराने के निर्देश तीन साल पहले दिए थे, लेकिन मामले की फाइल ही लापता हो गई। ऐसे ही एक केस में कोर्ट की टिप्पणी के बाद एक वरिष्ठ अधिकारी को हटाया जा चुका है।

## महिला ने किया चौंकाने वाला खुलासा

# कैफे की आड़ में अवैध धंधा चला रहे दो सगे भाई



**बरेली।** जिले के संजयनगर में कैफे की आड़ में दो सगे भाई लंबे समय से अफीम और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे थे। इसमें उनकी बहन भी शामिल थी। सोमवार को बरेली एएनटीएफ ने आरोपियों की बहन और असम निवासी महिला प्रियंका दास को गिरफ्तार किया तो इसका खुलासा हुआ। पूछताछ में प्रियंका दास ने बताया कि चार दिन पहले वह अपनी साथी लक्षीदास के साथ अफीम और हेरोइन लेकर बरेली आई थी। उसने अफीम कैफे संचालक जगजीत, उसके भाई गुरप्रीत उर्फ गोपी और इनकी बहन सिमरन निवासी मेगा सिटी संजयनगर को दे दी। रुपये देने पर हेरोइन की डिलीवरी भी तीनों भाई-बहनों को देनी थी। प्रियंका के पास से 211 ग्राम हेरोइन, एक मोबाइल और 71120 रुपये बरामद हुए। प्रियंका को लेकर टीम जगजीत के मेगा सिटी स्थित घर पहुंची। वहां जगजीत की बहन सिमरन मिली तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दोनों भाई फरार हो गए।
जगजीत और गुरप्रीत संजय नगर रोड पर आफ्टर डार्क नाम से एक कैफे चलाते हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों भाई कैफे की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी करते थे। इसकी जानकारी बहन सिमरन को भी थी। सिमरन की दोस्ती जगजीत की जमानत कराने के दौरान गुवाहाटी में प्रियंका दास से हो गई थी। तब से प्रियंका नगालैंड और असम से मादक पदार्थ लाकर भाई-बहनों को सप्लाई करती थी। सूत्र बताते हैं कि एएनटीएफ चार दिन से इस मामले में अंदरखाने जांच पड़ताल व दबिश दे रही थी। टीम ने मुकदमा दर्ज कराने से पहले स्थानीय पुलिस से कोई जानकारी साझा नहीं की फिर भी किसी तरह छापेमारी की सूचना लीक हो गई।

# विद्यालयों के विलय के खिलाफ शिक्षकों ने भरी हुंकार

**गोरखपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के मर्ज (विलय) के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को गोरखपुर के सिविल लाइंस स्थित बेसिक शिक्षा कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन हुआ। इस धरने में 5000 से अधिक शिक्षकों ने हिस्सा लिया, जिनमें बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाएं भी शामिल रहीं। सुबह से ही शिक्षक धरना स्थल पर जुटने लगे थे। दूर-दराज के ब्लॉकों जैसे बेलघाट, कौड़ीराम, बड़हलगंज आदि से कई शिक्षक या तो स्कूल नहीं गए, या एमडीएम भोजन करवाकर तुरंत धरना स्थल के लिए रवाना हो गए, जिससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हुई। धरना दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें शिक्षक नेताओं ने विद्यालयों के विलय को शिक्षा विरोधी कदम बताते हुए कड़ा विरोध जताया। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ईएल अवकाश, पदोन्नति जैसी 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। उन्होंने कहा कि विद्यालय विलय की बजाय अन्य समाधान तलाशे जाएं ताकि छात्रों और शिक्षकों के हित सुरक्षित रह सकें। इस दौरान रसोइयों ने भी उत्साहपूर्वक धरने में सहभागिता निभाई।

# सपा नेता ने अखिलेश से मिलकर पुलिस पर लगाया रिश्वत का आरोप, पिता ने खोली पोल



**शाहजहांपुर।** जिले के रहने वाले युवक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से लखनऊ में मिलकर पुलिस पर रिश्वत का आरोप लगाया तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। युवक द्वारा लगाए गए आरोपों की अफसरों ने तुरंत जांच सौंप दी। पुलिस पर आरोप लगाने वाला युवक अब खुद ही कटघरे में खड़ा नजर आने लगा। जांच में सामने आया है कि तालिब ने न सिर्फ गलतबयानी की, बल्कि जिस फेसबुक पोस्ट पर उसे कार्रवाई की बात कह रहा था, उसका चालान किसी और वजह से हुआ था। अब पिता ने भी बेटे की पोल खोलकर रख दी। शाहजहांपुर के अल्हागंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी तालिब 1 जुलाई को एक फेसबुक वीडियो पोस्ट कर चर्चा में आया था। उसने कहा था कि जो अखिलेश यादव से टकराएगा, उसे रेल दिया जाएगा। उसने दावा किया कि इस पोस्ट को लेकर पुलिस ने उसका चालान किया और थाने से छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपए वसूले। 40 मिनट तक थाने में भी बैठाए रखा। सोमवार को वह लखनऊ में अखिलेश यादव से मिला और मंच से यह बात कही। इस पर अखिलेश यादव ने हंसते हुए कहा कि वह पुलिस से पैसे वापस दिलाएंगे। अब इस पूरे मामले की तह में सच कुछ और निकला है। तालिब के खिलाफ पुलिस ने राजनीति के कारण नहीं, बल्कि गांव की एक महिला की शिकायत पर शांति भंग में कार्रवाई की थी। मऊ गांव की रहने वाली महिला रुखसाना ने बताया कि उसका बेटा नाजिम, पिता के साथ काम करता था।

# होटलों की चेकिंग के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं : DGP



**मेरठ।** जिले की कमिश्नरी सभागार में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संदर्भ में बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा और प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में डीजीपी राजीव कृष्णा ने स्पष्ट तौर पर उन लोगों के प्रति सख्ती दिखाई है जो होटलों और ढाबों में चेकिंग को अंजाम दे रहे हैं। यूपी के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी की उच्च स्तरीय बैठक में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कोई समूह किसी दुकान या ढाबे पर चेक नहीं करेगा। उसके लिए फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को निर्देशित किया गया है। अलग-अलग राज्यों के अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है अलग-अलग स्थान पर अगर भीड़ बढ़ती है तो उसको लेकर अधिकारियों को अपडेट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 75 डेसीबल से ज्यादा डीजे साउंड की तीव्रता नहीं होगी। कांवड़ 10 फीट ऊंची और 12 फुट से ज्यादा चौड़ी नहीं होनी चाहिए। रुड़की से मुजफ्फरनगर के बीच में कावड़ और डीजे असेंबल होते हैं। वहां के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है अगर कांवरिया डीजे ऊंचा है तो कांवड़ को पहले ही स्थान पर रोका जाएगा।
वहीं प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पीने के पानी, सफाई और खाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। शुद्धता के साथ शिविर लगे और ढाबे चलें। सिंचाई विभाग को नहर में संतुलित मात्रा में पानी छोड़ने कहा गया है। कांवड़ नहर पटरी का काम समय से रिपेयर करना है। 700 किलोमीटर में से 25 किलोमीटर का काम बाकी है, दो-तीन दिन में काम पूरा होगा। अलग-अलग कारणों से पूर्व में हुई घटनाओं की समीक्षा की गई है। प्रमुख सचिव ने कहा कि बिजली कारणों से हुई घटनाओं को लेकर बिजली विभाग को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। पोल्स और ट्रांसफॉमर्स पूरी तरीके से कवर्ड होने चाहिए. परमानेंट होटल, ढाबे, शिविर सभी को सफाई और शुद्धता के बारे में प्रशिक्षित करने के आदेश दिए गए हैं।

# संपत्ति विवाद में बुजुर्ग समेत दो की हत्या

**वाराणसी।** वाराणसी जिले के कैंट थाना क्षेत्र स्थित प्रतापनगर कॉलोनी में मंगलवार सुबह दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। 78 वर्षीय रिटायर्ड जलकलकर्मी रूप चंद्र भारद्वाज और बेटी शिवकुमारी (50) की बेरहमी से हत्या कर दी गई। शिवकुमारी गाजीपुर जिले के जलालाबाद हरदासपुर की निवासी थीं।
हत्या का आरोप मृतक के बेटे राजेश भारद्वाज उर्फ राजू और उसकी पत्नी पर लगा है। बताया जा रहा है कि परिवार में लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह इसी विवाद को लेकर फिर से कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी पुत्र ने ईंट और सिल-बट्टे से हमला कर अपने पिता और बहन की जान ले ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। मौके पर अपर पुलिस आयुक्त अपराध राजेश कुमार सिंह, पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था शिवहरी मीणा, अपर पुलिस उपायुक्त नीतू और कैंट एसीपी नितिन तनेजा और कैंट इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्रा तैनात रहे। पुलिस के अनुसार, मौके से आरोपी को हिरासत में लिया गया है। साथ ही घटनास्थल से ईंट और लोहे की रॉड मिली है।

# बिजली गिरने से पहले बचाई जा सकेगी जान, बनेगी स्पेशल सैटेलाइट

**लखनऊ।** प्रदेश में हर साल बिजली गिरने की वजह से कई जानें चली जाती हैं। इन घटनाओं को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार नई योजना बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसके तहत यूपी का अपना एक अलग उपग्रह होगा, जो बिजली गिरने जैसी स्थिति में समय रहते सटीक जानकारी दे सकेगा। जिससे हर साल बिजली गिरने की स्थिति में मासूम लोगों की जान बचाई जा सकेगी। सीएम की भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के अध्यक्ष डॉ वी नारायणन से मुलाकात हुई। इस दौरान उनके बीच रिमोट सेंसिंग तकनीक और राज्य के लिए अलग उपकरण की संभावनाओं को लेकर बात हुई। इस दौरान सीएम योगी ने राज्य में बिजली गिरने की वजह से हो रही मौतों को लेकर चिंता जताई और इसे लेकर उनसे बात की। सीएम योगी ने इसरो प्रमुख से राज्य की तकनीकी और आपदा प्रबंधन से जुड़े विषयों को लेकर भी बात की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए अलग से उपग्रह विकसित करने का सुझाव दिया जो समय रहते ख़राब मौसम और आकाशीय बिजली गिरने जैसी आपदाओं के बारे में जानकारी दे सकें। उन्होंने कहा कि अगर राज्य का अपना एक विशेष उपग्रह हो तो और भी ज्यादा सही और सटीक जानकारी मिलेगी।

# आज योगी आदित्यनाथ सरकार रचेगी इतिहास

## एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर लगेंगे 37 करोड़ पौधे




**लखनऊ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार आज एक नया इतिहास रचेगी। प्रदेश के मुखिया के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम पर आज 9 जुलाई को एक दिन में 37 करोड़ पौधारोपण प्रदेश भर में किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में 'पौधरोपण महाभियान-2025' का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया जाएगा। इसके लिए नर्सरियों और अन्य स्थानों पर 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। सीएम योगी के निर्देश पर सभी मंत्री जनपदों में रहकर पौधरोपण करेंगे। महाभियान के लिए नामित नोडल अधिकारियों ने आवंटित जनपदों में मंगलवार को पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

### सीएम योगी करेंगे पौधारोपण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना भी विभागीय कार्यक्रम के तहत उक्त जिलों में पौधरोपण करेंगे। मुख्यमंत्री यहां जनसंवाद भी करेंगे और कार्बन क्रेडिट के तहत सात किसानों को चेक भी प्रदान करेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं, प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राज्यमंत्री जनपदों में पहुंचकर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाएंगे।



# दिल्ली में ओवरएज्ड वाहनों पर फ्यूल बैन से 1 नवंबर तक राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 15 साल पुरानी पेट्रोल और 10 साल पुरानी डीजल गाड़ियों पर लगी ईंधनबंदी फिलहाल हटा दी गई है। लेकिन अधिकारियों की मानें तो राष्ट्रीय राजधानी में ओवरएज हो चुके वाहनों पर होने वाली कार्रवाई अब पहली नवंबर से अमल में लाई जाएगी। इस बार ओवरएज हो चुके वाहनों पर लगा प्रतिबंध केवल दिल्ली तक ही सीमित नहीं रहेगा। यह दिल्ली के साथ-साथ पांच एनसीआर जिलों में भी लागू होगा।

बता दें कि पिछले दिनों राष्ट्रीय राजधानी में ओवरएज हो चुके वाहनों को फ्यूल देने पर रोक लगा दी गई थी। इस नियम की काफी आलोचना हो रही थी। इसको लेकर सियासत भी खूब हो रही थी। आप लगातार दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर हमले बोल रही थी। इसके बाद दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण निकाय से इस नियम को वापस लेने के लिए पत्र लिखा था। ताजा जानकारी के मुताबिक, दिल्ली सरकार की ओर से 1 जुलाई से ओवरएज हो चुके वाहनों को फ्यूल नहीं देने के अपने फैसले की समीक्षा करने के लिए गुजारिश किए जाने के बाद मंगलवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक आयोजित की गई। इसी बैठक में निर्णय लिया गया कि दिल्ली में पुराने वाहनों पर होने वाली कार्रवाई अब एक नवंबर से अमल में लाई जाएगी।

# यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को दी जाएगी फांसी

**महानगर नेटवर्क**

**यमन**

यमन के एक नागरिक तलाल अब्दो मेहदी की हत्या में दोषी करार दी गईं भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को फांसी दी जाएगी। यमन में सरकारी अधिकारियों और तलाल के परिवार के साथ बातचीत में शामिल एक सामाजिक कार्यकर्ता सैमुअल जेरोम बास्करन ने बताया है कि निमिषा की फांसी की तारीख मुकर्रर कर दी गई है। जेरोम ने कहा कि जेल के अधिकारियों ने उन्हें फांसी की तारीख बताई है। कि निमिषा पर जिस शख्स की हत्या का आरोप है उसके परिवार से अब भी बातचीत चल रही है, हालांकि कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। यमन के उस परिवार को 10 लाख डॉलर की पेशकश की गई थी। यह रकम चुकाने के लिए स्पॉन्सर्स से मदद ली जा रही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि निमिषा की जान बचाने के लिए

## भारत सरकार दे सकती है दखल



भारत सरकार भी दखल दे सकती है। निमिषा केरल के पलक्कड़ की रहने वाली हैं। उनकी मां का नाम प्रेमा कुमारी है और वह किसी के घर में नौकरी करती हैं। पिछले साल वह यमन में ही थीं। निमिषा कई साल तक यमन में नर्स की नौकरी करती थीं। 2017 में उन पर यमनी नागरिक की हत्या के आरोप लगे। यमन में मृतक तलाल के ही सहयोग से निमिषा क्लीनिक चलाती थीं। रिपोर्ट में बताया गया कि मानसिक और शारीरिक शोषण से तंग आकर उन्होंने तलाल की हत्या कर दी थी। यमन की निचली अदालत ने पहले निमिषा प्रिया को मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। यमन के राष्ट्रपति राशद अल आलिमी ने भी निमिषा की सजा पर मुहर लगा दी। निमिषा की सजा माफ होने का एक ही रास्ता था। अगर तलाल का परिवार पैसे के बदले उन्हें रिहा करने पर राजी हो जाता तब निमिषा की फांसी रुक सकती थी।

# प्रधानमंत्री जन धन योजना के निष्क्रिय खातों को बंद करने का कोई निर्देश नहीं : वित्त मंत्रालय




**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और वित्त मंत्रालय ने उस खबर का खंडन किया है जिसमें बैंकों को निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि डीएफएस, वित्त मंत्रालय द्वारा बैंकों से निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने से संबंधित मीडिया में आई खबरों के बाबत वित्तीय सेवा विभाग ने कहा है कि उसने बैंकों से निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के लिए नहीं कहा है। दरअसल, डीएफएस द्वारा 1 जुलाई से पूरे देश में जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को अपनाने के लिए तीन महीने का एक अभियान शुरू किया गया है। बैंक इस अभियान के दौरान सभी देय खातों का पुनः केवाईसी भी करेंगे। वित्तीय सेवा विभाग निष्क्रिय पीएमजेडीवाई खातों की संख्या की निरंतर निगरानी करता है और बैंकों को सलाह दी गई है कि वे अपने खातों को परिचालन में लाने के लिए संबंधित खाताधारकों से संपर्क करें। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पीएमजेडीवाई खातों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है और निष्क्रिय पीएमजेडीवाई खातों के बड़े पैमाने पर बंद होने की कोई घटना विभाग के संज्ञान में नहीं आई है।

# छांगुर की आलीशान कोठी पर गरजा बाबा का बुलडोजर

**महानगर नेटवर्क**

**बलरामपुर**

यूपी के बलरामपुर में धर्मांतरण व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की मधुपुर स्थित आलीशान कोठी पर मंगलवार को बुलडोजर गरजा। सुबह 10.30 बजे प्रशासनिक टीम ने इसे गिराने की कार्रवाई की शुरू की।

इससे पहले सुबह 9.00 बजे भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी छांगुर के आवास पहुंचे। प्रक्रिया पूरी करने के बाद करीब 10 बजे दो बुलडोजर बुलाए गए। लेकिन, मकान का गेट नहीं खुला। पुलिस ने गेट काटने के लिए गैस कटर मंगाया। इसके बाद गेट का लाक काटकर टीम और बुलडोजर घर के अंदर पहुंचे। सीओ उतरौला राघवेंद्र सिंह ने घर का

## CM बोले- सभी अपराधियों की संपत्तियां होंगी जब्त



निरीक्षण किया। बायें तरफ से निर्माण ढहाने की कार्रवाई शुरू की गई। गेट के दायें तरफ बने दो मंजिला इमारत में कुछ लोग रह रहे थे। उन्हें घर से बाहर निकलने को कहा गया है। बुलडोजर कार्रवाई शुरू होने से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। देखने वालों का तांता लगा रहा। इससे पहले सोमवार शाम करीब 6:30 बजे तक छांगुर की कोठी पर पुलिस बल के साथ पहुंची प्रशासन की टीम ने गेट पर बेदखली का नोटिस चस्पा किया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि बेदखली के नोटिस के बाद मधपुर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। तहसीलदार ने बताया कि सात दिनों में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन अपने स्तर से अतिक्रमण को गिरवाएगा। प्रशासन की कार्रवाई के बाद छांगुर की आलीशन कोठी में रह रहे लोगों ने आक्रोश जताया। छांगुर की बहू साबिरा पहली बार बाहर आई और प्रशासन पर आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई से बच्चे डरे हैं। मामले में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आरोप मनगढ़ंत है। प्रदेश में गैर-मुस्लिम लड़कियों को बहला फुसलाकर कराए जा रहे धर्मांतरण के खिलाफ सिख व सिंधी समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस तरह का कुत्सित प्रयास करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने धर्मांतरण की साजिश रचने वाले अपराधियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।

# इस वर्ष गुरुकुल का राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में

**जयपुर।** हिंदी छंद शास्त्र के मर्मज्ञ, गुरुकुल के संस्थापक,महान कवि गुरु सक्सेना 'सांड़' (नरसिंह पुर म.प्र.) द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला गुरु सक्सेना काव्य गौरव सम्मान इस वर्ष सुप्रसिद्ध कवि कैलाश सोनी सार्थक को प्रदान किया जाएगा। इस बार गुरुकुल का राष्ट्रीय अधिवेशन और परिचर्चा राजस्थान के जयपुर में 25,26,27 जुलाई 2025 को आयोजित किया गया है। पच्चीस जुलाई को चर्चा सत्र का उद्घाटन, विभिन्न छंदों पर कार्यशाला, छब्बीस जुलाई को जयपुर में शाम को नौ भिन्न-भिन्न संस्थाओं द्वारा एक साथ शहर के अलग-अलग स्थानों पर नौ कवि सम्मेलन होगें। सत्ताइस जुलाई को शाम चार बजे इस आयोजन का सत्रावसान होगा। गुरु सक्सेना जी का अमृत महोत्सव है इसलिए इस



आयोजन में देश भर से केवल 75 बड़े कवियों को शामिल किया गया है। देश के ओज रस के शीर्ष कवि हरिओम पंवार, राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल जैसी विभूतियां भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगी। गुरूजी के नेतृत्व में संस्थापक सदस्य व महोत्सव संयोजक कवि सुरेन्द्र यादवेन्द्र और कवि किशोर पारीख इस अमृत महोत्सव को सफल बनाने में अथक प्रयत्न कर रहे हैं। मुंबई का प्रतिनिधित्व हास्य कवि व मंच संचालक सुरेश मिश्र करेंगे।

# प्रतापगढ़-सुलतानपुर-अयोध्या मार्ग होगा सिक्स लेन

**महानगर नेटवर्क**

**सुलतानपुर**

प्रतापगढ़ से अयोध्या तक 93 किलोमीटर लंबा राम वन गमन मार्ग छह लेन बनाया जाएगा। स्वीकृति के लिए लगभग दस हजार करोड़ रुपये की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) शासन को भेजी जा चुकी है। मुख्य बात यह है कि यह सड़क शहर के पश्चिम से होकर गुजरेगी। इससे पहले इसे चार लेन बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड की ओर से डीपीआर शासन को प्रेषित की गई थी। सिक्स लेन सड़क निर्माण के लिए विभाग की ओर से 90 मीटर चौड़ाई में भूमि चिह्नित की जा रही है। इस चौड़ाई में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की तर्ज पर सिक्स लेन का मार्ग व दोनों तरफ सर्विस रोड बनाया जाएगा। शहर के

## 93 KM की दूरी में दोनों तरफ बनेगी सर्विस लेन



पश्चिमी तरफ से बनने वाला सिक्स लेन कूरेभार के पास से प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग को क्रास कर पूरब की तरफ बनाया जाएगा। यह सिक्स लेन अहिमाने से मुख्य राजमार्ग से पश्चिम की ओर निकाला जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार मार्ग पर चार रेलवे ओवर ब्रिज (एक प्रतापगढ़ तथा तीन सुलतानपुर में) तथा तीन बड़े पुल (प्रतापगढ़ के सई नदी, सुलतानपुर में गोमती नदी तथा कूरेभार में शारदा नहर पर) बनाए जाएंगे। कंसल्टेंट कंपनी टीएएसपीएल (टेक्नोक्रेट्स एडवाइजरी सर्विसेज प्रालि) दिल्ली द्वारा डीपीआर बनाकर केंद्रीय राजमार्ग मंत्रालय को भेजी जा चुकी है। हालांकि, अभी इसे स्वीकृति नहीं मिली है। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता समृद्धि शुक्ला ने बताया कि मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकता है।

अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद वहां श्रद्धालुओं की आमद बढ़ गई है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य-प्रदेश, गुजरात व दक्षिण भारत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं।

# भगवान के दर्शन के लिए कुत्ते से क्रूरता

**मथुरा।** वृंदावन की शैय्या अस्पताल के पास स्थित पार्किंग में एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला जब एक श्रद्धालु अपनी कार में कुत्ते को बंद कर पूजा में चले गए। तेज धूप और बंद कार की गर्मी में कुत्ता बुरी तरह तड़पता रहा। आसपास के लोगों ने जब कार के अंदर कुत्ते की कराहने की आवाजें सुनीं तो उन्होंने तुरंत दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं खुल पाया। कुछ लोगों ने शीशा तोड़कर बाहर निकालने को कहा तो लोगों ने मना कर दिया। फिर ताला खोलने वाले को बुलाया। दरवाज़ा खुलते ही देखा कि कुत्ता अधमरा हो चुका था। स्थानीय लोगों ने पहले ही कार स्वामी से अनुरोध किया था कि वह कुत्ते को बाहर बांध दें, लेकिन श्रद्धालु ने बात अनसुनी कर दी।

## डसॉल्ट एविएशन के CEO का दावा

# 'ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने एक राफेल खोया'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

फ्रांस की दसॉल्ट एविएशन के CEO एरिक ट्रैपियर ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय राफेल को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया है। कंपनी के सीईओ ने इस बारे में स्पष्ट किया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक राफेल लड़ाकू विमान पाकिस्तान के किसी हमले की वजह से नहीं, बल्कि ऊंचाई पर हुई तकनीकी खराबी के कारण खोया था। भारत और पाकिस्तान के बीच 7 मई से शुरू हुई झड़प और भारत की ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई के दौरान पाकिस्तानी एयर फोर्स (PAF) ने यह दावा किया था कि उसने भारतीय वायुसेना के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया और उनमें तीन राफेल फाइटर जेट भी शामिल थे। पाकिस्तान ने



कहा था कि उसने राफेल जेट को मार गिराने के लिए J-10C मल्टी-रोल लड़ाकू विमान से PL-15E लॉन्ग-रेंज मिसाइलों को लॉन्च किया था। हालांकि, पाकिस्तान ने अपने दावों को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं किया था। राफेल लड़ाकू विमान बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने पाकिस्तान के उस दावे को झूठा और निराधार करार दिया, जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तानी वायुसेना (PAF) ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के तीन राफेल विमानों को मार गिराया। फ्रांसीसी वेबसाइट Avion Chasse ने ट्रैपियर के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा, 'झड़प के दौरान एक राफेल विमान को नुकसान जरूर हुआ था, लेकिन वह दुश्मन की किसी कार्रवाई से नहीं, बल्कि ऊंचाई पर तकनीकी खराबी के कारण हुआ था।' उन्होंने कहा, 'दसॉल्ट के स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम ने भी इस बात की पुष्टि की कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ऊंचाई पर संघर्ष करते हुए विमान में किसी भी तरह का शत्रुतापूर्ण संपर्क दर्ज नहीं किया गया।' ट्रैपियर ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डसॉल्ट को जो फ्लाइट लॉग्स भेजे गए, उनमें भी लड़ाई के दौरान किसी गोलीबारी से जुड़े नुकसान का कोई संकेत नहीं थे।'

# हवाई किराए पर नियंत्रण के लिए तंत्र बनाएगा DGCA

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने मंगलवार को कहा कि वह हवाई टिकटों में हुई भारी बढ़ोतरी को रोकने के लिए एक तंत्र लागू करेगा। हाल ही में महाकुंभ और पहलगाम आतंकी हमले के बाद हवाई टिकटों की कीमतों में उछाल देखा गया था। इसके साथ ही संसदीय समिति की बैठक में अहमदाबाद विमान हादसे के बाद हवाई सुरक्षा के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। बैठक में एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उनकी एयरलाइन के सभी विमानों में सीटों और अन्य सुविधाओं से जुड़ी अक्सर की जाने वाली शिकायतों को दूर करने के लिए आने वाले दो वर्षों में रिट्रोफिटिंग पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने उड़ान सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जो विमानन क्षेत्र की अब तक की सबसे घातक घटनाओं में से एक माना जा रहा है। लोक लेखा समिति के कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल के नेतृत्व में कुछ सदस्यों ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो का ऑडिट कराने की मांग की। इसके अलावा, हादसे की जांच रिपोर्ट कब आएगी, इसकी जानकारी की भी मांग की। जांच प्रक्रिया अभी भी जारी है, इसलिए अहमदाबाद विमान हादसे पर विस्तार से चर्चा नहीं हुई। हालांकि, सांसदों ने सुरक्षा से जुड़ी व्यापक चिंताओं का मुद्दा उठाया। बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि समिति के सदस्य विमान सुरक्षा के मामलों को लेकर चिंतित हैं, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि विमान हादसे के बाद कई घटनाएं सामने आई हैं और हर यात्री चाहता है कि उसकी यात्रा सुरक्षित हो। सांसदों ने अधिकारियों से हवाई टिकट की कीमतों की 'मनमानी' बढ़ोतरी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले और महाकुंभ के दौरान टिकटों की उपलब्धता की तुलना की। जब एक अधिकारी ने कहा कि डीजीसीए एयरलाइनों से बात करेगा और इस प्रकार की बढ़ोतरी रोकने के लिए सहमति बनाएगा, तो एक भाजपा सांसद ने आश्चर्य जताया कि क्या यह अनुचित प्रथा सहमति की कमी से जारी रहेगी, जबकि कुछ अन्य सांसदों ने कहा कि विमानन नियामक के पास कार्रवाई करने की शक्ति है।



# हिंदुओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले मंत्री को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार

**पोनमुडी।** द्रविण मुनेत्र कड़गम (DMK) के सीनियर नेता और तमिलनाडु के पूर्व मंत्री के पोनमुडी के अश्लील भाषण को लेकर हाई कोर्ट ने फटकार लगाई है। पोनमुडी ने हिंदू धार्मिक पहचान को सेक्स पोजीशन के साथ जोड़ा था। कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में पुलिस उचित कार्रवाई नहीं कर पाती है तो सीबीआई जांच के आदेश दिए जाएंगे। कोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस वेलमुरुगन ने कहा, आजकल इन नेताओं को लगता है कि संविधान के आर्टिकल 19 के तहत उन्हें असीमित छूट मिल गई है। ऐसे में मूक



दर्शक नहीं बना जा सकता है। हम ऐसे लोकतंत्र में रहते हैं जहां अलग-अलग समुदाय के लोग रहते हैं। जज ने कहा कि राजनेताओं को भाषण देते वक्त ध्यान रखना चाहिए कि यह देश हम सभी का है। ना तो यह किसी एक व्यक्ति का और ना ही किसी पार्टी का देश है। सभी को पता होना चाहिए कि हम बहुत सारे धर्मों और संस्कृतियों को मानने वाले लोगों के बीच में रहते हैं। उन्होंने कहा, सभी माइक लेते हैं और इतना बोल जाते हैं जैसे कि वह कोई राजा हैं। उन्हें लगता है कि राजा के खिलाफ तो कोई कुछ कर नहीं सकता। लेकिन कोर्ट यह सब देखते हुए भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। जस्टिस ने कहा, दुर्भाग्य कहें या सौभाग्य, यह अपनी तरह का पहला मामला है। पोनमुडी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह कह रहे थे, महिलाएं कृपया गलतफहमी ना पालें। इसके बाद पोनमुडी चुटकुला सुनाना शुरू करते हैं। वह कहते हैं, एक आदमी सेक्स वर्कर के पास जाता है। सेक्स वर्कर पूछती है कि वह शैव है या वैष्णव। आदमी कुछ नहीं समझ पाता है तब सेक्स वर्कर कहती है कि पट्टई तिलक शैव का है और नामम जो लंबवत तिलक होता है वह वैष्णव लगाते हैं।

# सशक्त लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची अनिवार्य : सीईसी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को लोकतंत्र की मजबूती को लेकर बड़ा और स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची ही लोकतंत्र की नींव को मजबूत करती है।" उनके अनुसार, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की पहली शर्त "Pure Electoral Rolls" हैं, और चुनाव आयोग इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कर रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त का यह बयान उस समय आया है जब बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों में Special Intensive Revision (SIR) अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य डुप्लिकेट नामों को हटाना, मृत मतदाताओं का नाम सूची से निकालना, नए मतदाताओं को जोड़ना और प्रवासियों की सही जानकारी दर्ज करना है। ज्ञानेश कुमार ने यह भी बताया कि आयोग अब डिजिटल सत्यापन, आधार से लिंकिंग, और जिओ-टैगिंग जैसे तकनीकी उपायों के माध्यम से मतदाता सूचियों को और अधिक त्रुटिरहित बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि गुणवत्ता पर भी फोकस ज़रूरी है। मतदाता सूची में एक भी फर्जी नाम लोकतंत्र की पारदर्शिता को प्रभावित करता है।

# अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट पर सीबीआई की कार्रवाई

## नोएडा के कॉल सेंटर से ब्रिटेन-आस्ट्रेलिया में हो रही थी ठगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन चक्र-V के तहत, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध सिंडिकेट पर कार्रवाई की है। नोएडा स्थित एक कॉल सेंटर से परिष्कृत तकनीकी सहायता देने के नाम पर विदेशी नागरिकों के साथ ठगी की जा रही थी। इस संबंध में सात जुलाई को सीबीआई ने एक समन्वित ऑपरेशन के तहत नोएडा में तीन स्थानों पर छापेमारी की थी। इसमें नोएडा के विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित एक धोखाधड़ी कॉल सेंटर भी शामिल है। सीबीआई ने पीड़ितों के समय क्षेत्र के साथ इस ऑपरेशन को सावधानीपूर्वक अंजाम दिया था। इसके परिणामस्वरूप छापे के दौरान चल रही लाइव घोटाले की कॉल का पता चला। विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, सीबीआई ने सिंडिकेट की जांच के लिए RC 07/2025 के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया था। यह मामला, माइक्रोसॉफ्ट सहित प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों के तकनीकी सहायता कर्मचारियों के रूप में सामने आया था। धोखेबाजों द्वारा विदेशी नागरिकों को उनके उपकरणों के साथ छेड़छाड़ का झूठा दावा कर उन्हें धोखा दिया जा रहा था।

# BJP की सरकार मिडिल क्लास को कर रही परेशान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

आप नेता आतिशी ने बिजली, पानी के बाद गाड़ी का मुद्दा उठाते हुए बीजेपी सरकार को घेरा है। आतिशी ने कहा, 'बीजेपी की सरकार ने 6 महीने में दिल्ली की मिडिल क्लास को परेशान करने की कोई कसर नहीं छोड़ी। बिजली, पानी के बाद गाड़ी को लेकर परेशान किया। बीजेपी ने10 साल पुरानी गाड़ियों को बैन कर दिया, ये बिना सोचे कि गाड़ियों की हालत कैसी है।'

आतिशी ने गाड़ी के मुद्दे पर कहा कि जब दिल्ली की जनता ने इस नीति का विरोध किया तो दिल्ली बीजेपी की सरकार ने CAQM को एक लेटर लिखा। जो फर्जीवाड़ा है। अब कहते हैं कि वो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और केस डिसमिस हो जाएगा। फिर कहेंगे कि कोर्ट का आदेश है। आतिशी ने कहा कि बीजेपी से मांग है कि 10 साल पुरानी गाड़ियों को लेकर एक कानून लेकर आएं। चाहे आर्डिनेंस लेकर

## आतिशी ने बिजली, पानी का मुद्दा उठाया





आएं। विपक्ष इनको सहयोग देगा। आतिशी ने ये भी कहा कि अब बीजेपी सरकार के पुरानी गाड़ियों को सड़क से हटाने के तुगलकी फरमान से दिल्ली की जनता बेहद चिंतित और परेशान है।

### विधवा पेंशन घोटाले पर क्या कहा?

आतिशी ने कहा, 'भाजपा पहले ही 25000 विधवाओं की पेंशन काट चुकी है। अब वो कहानी गढ़ रही है कि 60 हजार महिलाओं की पेंशन काट दी जाए। जो लोग बिलकुल असहाय होते हैं, वही पेंशन लेने आते हैं। उनके पास रिक्शा के भी पैसे नहीं होते। भाजपा बहाने ढूंढ-ढूंढकर पेंशन काट रही है। भाजपा गरीब विरोधी पार्टी है। ये चेहरा सामने आ रहा है।' दिल्ली में गाड़ियों को लेकर हाल के फैसलों की बात करें तो, दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पुराने वाहनों पर प्रतिबंध से संबंधित नीति पर कुछ बदलाव किए हैं। दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई 2025 से 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से पुरानी पेट्रोल/CNG गाड़ियों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन न देने की नीति लागू करने का ऐलान किया था। इसका उद्देश्य प्रदूषण कम करना था, क्योंकि दिल्ली में करीब 55-62 लाख पुराने वाहन हैं, जो प्रदूषण का एक बड़ा कारण माने जाते हैं।

# हिंदू धर्म में भगवान शिव का अत्यंत प्रिय महीना श्रावण मास



हिंदू धर्म में श्रावण मास को भगवान शिव का अत्यंत प्रिय महीना माना जाता है। इस माह में यदि कोई व्यक्ति न केवल पूजा-पाठ करे बल्कि अपने घर के वातावरण को भी शुद्ध और सकारात्मक बनाए, तो शिव कृपा अत्यंत शीघ्र प्राप्त होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में रखी कुछ नकारात्मक वस्तुएं धन हानि, मानसिक तनाव, और रोगों का कारण बनती हैं। श्रावण जैसे पवित्र माह में इन वस्तुओं को घर से बाहर करना न केवल शिव की कृपा दिलाता है, बल्कि सुख-शांति और समृद्धि भी लाता है। आइए जानते हैं वे चीजें जिन्हें तुरंत घर से हटाना चाहिए...

### टूटी हुई मूर्तियां और तस्वीरें

वास्तु शास्त्र में स्पष्ट कहा गया है कि घर में किसी भी देवी-देवता की टूटी या खंडित मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। ऐसी मूर्तियां घर में नेगेटिव एनर्जी फैलाती हैं और पूजा का फल भी बाधित होता है। श्रावण मास में भगवान शिव की कृपा पाने के लिए टूटी हुई मूर्तियों और पुराने, फटे चित्रों को किसी पवित्र स्थान पर प्रवाहित कर देना चाहिए।



### बंद घड़ियां और खराब इलेक्ट्रॉनिक सामान

घर में बंद पड़ी घड़ियां या खराब उपकरण समय और ऊर्जा के रुकने का प्रतीक होते हैं। ये घर में प्रगति को रोकते हैं और नेगेटिविटी फैलाते हैं। श्रावण माह में इन्हें या तो ठीक करवा लेना चाहिए या फिर घर से बाहर कर देना चाहिए, ताकि समय की गति बनी रहे और शिव कृपा से जीवन में विकास हो।

### सूखे और कांटेदार पौधे

घर के बगीचे या बालकनी में रखे सूखे या कांटेदार पौधे वास्तु दोष उत्पन्न करते हैं। ये मानसिक तनाव, कलह और दरिद्रता का कारण बनते हैं। श्रावण में हरे-भरे तुलसी, बेला, मदार जैसे शुभ पौधे लगाना और कांटेदार या मरे हुए पौधों को हटाना लाभकारी होता है।

### फटी हुई चादरें, परदे या पुराने कपड़े

घर में फटे या गंदे कपड़े रखने से देवी-देवता की कृपा दूर हो जाती है। विशेष रूप से श्रावण मास में जब शिव कृपा प्राप्त करना हो, तब ऐसे वस्त्रों को घर से हटाकर जरूरतमंदों को दान कर देना चाहिए। इससे न केवल पुण्य प्राप्त होता है, बल्कि घर में शुद्धता और पॉजिटिविटी आती है।

### झाड़ू को गलत स्थान पर रखना

झाड़ू को धन की देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, लेकिन अगर इसे गलत स्थान पर रखा जाए (जैसे पूजा घर, रसोई या खुली जगह), तो यह वास्तु दोष पैदा करता है। श्रावण मास में झाड़ू को हमेशा छिपाकर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखें और रात में झाड़ू लगाने से बचें।

# मानसून में स्किन रखें चमकदार

मानसून का सीजन चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत दिलाता है लेकिन स्किन के लिए कई प्रॉब्लम भी साथ लाता है। अगर आप सही स्किन केयर रूटीन को फॉलो नहीं करते हैं तो इस मौसम में गर्मी और चिपचिपाहट के कारण त्वचा से जुड़ी परेशानी हो सकती है। इस सीजन में स्किन पर पिंपल और डलनेस के कारण चेहरे का ग्लो कम हो जाता है। स्किन की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए आप प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये त्वचा के लिए लाभदायक है और स्किन के ग्लो को बढ़ाते हैं। जानते हैं कुछ ऐसे फेस पैक जिसका इस्तेमाल आप कर सकते हैं।



### मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक



मुल्तानी मिट्टी का पेस पैक बारिश के मौसम में लगाना फायदेमंद है। ये स्किन को साफ कर इसे चमकदार बनाता है। इसका इस्तेमाल बहुत पहले से होते आ रहा है। इस मौसम में चिपचिपी त्वचा की समस्या देखने को मिलती है और इस परेशानी को कम करने लिए आप मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल से बने फेस पैक का यूज करें। इसको बनाने के लिए एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल डालकर एक पेस्ट तैयार करें। इसे अपने फेस पर लगाएं और सूखने दें फिर पानी से साफ कर लें।

### नीम का बना पैक



बरसात के मौसम में संक्रमण होने का खतरा रहता है और स्किन से जुड़ी परेशानी भी बढ़ जाती है। इस परेशानी का हल है नीम से बना फेस पैक। इसके लिए आप मुल्तानी मिट्टी को लें और इसमें नीम का पेस्ट और गुलाब जल डालकर तैयार करें। नीम से बने फेस पैक को आप 15-20 मिनट तक के लिए रखें। टाइम बीत जाने के बाद फेस वॉश कर लें।

### चंदन से तैयार करें

चेहरे पर ग्लो और रंगत निखारने के लिए आप चंदन का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक चम्मच चंदन पाउडर में आप हल्दी को मिक्स करें। अब इसमें गुलाब जल डालकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगा लें। इसे 10-15 मिनट के बाद साफ कर लें।



# हरी साड़ी के साथ किस रंग के ब्लाउज पहनें?



शादी-ब्याह हो या कोई स्पेशल इवेंट ज्यादातर महिलाएं साड़ी पहनना पसंद करती हैं। साड़ी खूबसूरती में चार चांद जो लगा देती है। ऐसे में अगर आप भी जल्द ही किसी इवेंट का हिस्सा बनने वाली हैं और इसके लिए ग्रीन कलर की साड़ी पहनने का सोच रही हैं, तो ये आर्टिकल आपके बड़े काम का साबित हो सकता है। गौरतलब है कि ज्यादातर महिलाएं जिस कलर की साड़ी पहनती हैं, उसके साथ उसी रंग का ब्लाउज भी पेयर करती हैं। हालांकि, ज्यादा स्टाइलिश लुक के लिए आप चाहें तो कलर ब्लॉक कर सकती हैं। यानी साड़ी के साथ एक जैसा कलर पहनने की जगह किसी दूसरे रंग का ब्लाउज पहन सकती हैं। आइए जानते हैं कि ग्रीन साड़ी के साथ कौन-कौन से ब्लाउज रंग सबसे ज्यादा जंचते हैं।

### 1 रेड कलर

रेड और ग्रीन का कॉम्बिनेशन हमेशा से क्लासिक रहा है। खासकर अगर आपकी साड़ी डार्क ग्रीन कलर की है, तो रेड ब्लाउज पहनने से आपका लुक और ब्राइट नजर आएगा। यह कॉम्बिनेशन शादी, पार्टी या तीज-त्योहारों के लिए एकदम परफेक्ट है।

### 2 पिंक कलर

पिंक और ग्रीन का कॉम्बिनेशन भी एकदम फ्रेश लुक देता है। खासतौर पर अगर आपकी साड़ी हल्की ग्रीन शेड की है, तो फुशिया पिंक या बेबी पिंक ब्लाउज इसके साथ बहुत प्यारा लगेगा। यह लुक ऑफिस पार्टी या कैजुअल फंक्शन में भी पहना जा सकता है।

### 3 मरुन कलर

ग्रीन कलर के साथ मरुन रंग एकदम रिच लुक देता है। यह कॉम्बिनेशन खासतौर पर तब अच्छा लगता है जब आप थोड़ा ट्रेडिशनल और एलिगेंट लुक चाहती हों। मरुन ब्लाउज में जरी या कढ़ाई का काम हो, तो लुक और भी रॉयल बन सकता है।

### 4 आइवरी कलर

अगर आप सिंपल लेकिन एलिगेंट लुक चाहती हैं, तो ग्रीन कलर की साड़ी के साथ आइवरी या ऑफ व्हाइट रंग का ब्लाउज पहन सकती हैं। यह लुक बहुत ही ग्रेसफुल और क्लासी लगने वाला है।

### 5 ब्लैक कलर

ग्रीन कलर की साड़ी को ब्लैक कलर के ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं। ब्लैक एक ऐसा रंग है जो किसी भी साड़ी के साथ जंच जाता है। ब्लैक ब्लाउज पहनने से आपका लुक बोल्ड और स्टाइलिश दिखाई देगा।

# बारिश के मौसम में गलती से भी न खाएं ये साग

मानसून का मौसम हो और बाजार या खेतों में हरा-भरा साग न मिले ऐसा हो ही नहीं सकता है। यूं तो हर साग की अपने अलग अलग फायदे हैं। लेकिन इस मौसम में मिलने वाले कुछ साग डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए ठीक नहीं है। अगर ये मरीज इसका सेवन सावधानी से करें तो इनके लिए ये हरे पत्तेदार सब्जियां जहर का काम करती है। तो आइये जानते हैं किन सागों से परहेज करना चाहिए।



### पालक का सेवन डॉक्टर के निर्देशानुसार ही करें

*पालक आयरन और फाइबर से भरपूर होता है, लेकिन इसमें ऑक्जलेट्स की मात्रा अधिक होती है, जो किडनी स्टोन और ब्लड प्रेशर को प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही, पालक में सोडियम भी थोड़ा अधिक होता है, यदि हाई बीपी वाला मरीज इनका सेवन बगैर डॉक्टर की सलाह से या ज्यादा खा लें तो हाई बीपी वालों के लिए टेंशन की बात है। मेथी के साग से हाइपोग्लाइसीमिया का खतरा रहता है। हालांकि मेथी डायबिटीज कंट्रोल में मददगार मानी जाती है, लेकिन अधिक मात्रा में सेवन करने पर यह ब्लड शुगर को बहुत तेजी से गिरा सकती है, जिससे हाइपोग्लाइसीमिया का खतरा बढ़ सकता है।*

### चौलाई साग

चौलाई साग में विटामिन ए, सी और आयरन होते हैं, लेकिन मानसून में यह जल्दी संक्रमित हो सकती है। यदि अच्छे से न धोया जाए तो यह फूड पॉइजनिंग और इंफेक्शन का कारण बन सकती है, जिससे डायबिटिक या



हाई बीपी मरीजों की स्थिति और बिगड़ सकती है।


**इन बातों का रखें विशेष ध्यान**

साग हमेशा ताजा और अच्छी तरह धोकर ही खाएं। क्योंकि बारिश के मौसम में कीड़े और फंगस का खतरा बढ़ जाता है। बाजार के खुले साग से परहेज करें। घर में उगाया गया या पैक्ड बेहतर विकल्प हो सकता है। अत्याधिक मात्रा में न खाएं। डायबिटिक मरीजों को पोर्शन कंट्रोल बहुत जरूरी है। साग बनाते समय ज्यादा तेल, नमक या मसालों का इस्तेमाल न करें। हाई बीपी के मरीजों को खास तौर पर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। अगर ब्लड शुगर या बीपी बार-बार ऊपर-नीचे हो रहा है, तो डॉक्टर की सलाह से ही डाइट लें।

# चांदी का आभूषण पहनने के फायदे







हिंदी चांदी की चेन सिर्फ़ एक आभूषण नहीं है – यह एक पारंपरिक विकल्प है जो बच्चों के लिए कई स्वास्थ्य और सुरक्षा लाभ प्रदान करता है। पीढ़ियों से, माता-पिता चांदी पर भरोसा करते आए हैं क्योंकि इसमें ठंडक देने वाले गुण, त्वचा के अनुकूल गुण और नकारात्मक ऊर्जा या बुरी नज़र को दूर रखने की क्षमता होती है। आकर्षक लुक देने के साथ-साथ, चांदी पहनने से शरीर के तापमान को संतुलित करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और सूक्ष्म लेकिन सार्थक तरीकों से बच्चे की समग्र भलाई की रक्षा करने में मदद मिलती है।

### 1. जीवाणुरोधी और उपचार गुण

चाँदी में प्राकृतिक रोगाणुरोधी गुण होते हैं। यह बैक्टीरिया से लड़ने, संक्रमण को रोकने और समग्र त्वचा स्वास्थ्य का समर्थन करने में मदद कर सकता है। यह उन बच्चों के लिए विशेष रूप से सहायक है जिन्हें मामूली कट, चकत्ते या एलर्जी होने की संभावना है।

### 2. शरीर पर ठंडा प्रभाव

माना जाता है कि चांदी का शरीर पर ठंडा प्रभाव पड़ता है, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और बच्चों को शांत और कम चिड़चिड़ा रखने में मदद कर सकता है – विशेष रूप से गर्म जलवायु में।

### 3. रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है

कुछ पारंपरिक मान्यताओं का सुझाव है कि चांदी पहनने से शरीर में ऊर्जा को संतुलित करके प्रतिरक्षा में सुधार करने में मदद मिल सकती है। हालांकि वैज्ञानिक रूप से सिद्ध नहीं है, यह एक कारण है कि बड़े लोग छोटे बच्चों के लिए इसकी सलाह देते हैं।

### 4. हाइपोएलर्जेनिक धातु

चाँदी आमतौर पर संवेदनशील त्वचा के लिए सुरक्षित है, जो इसे उन बच्चों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है जिन्हें निकल जैसी अन्य धातुओं से एलर्जी हो सकती है।

### 5. सुरक्षा का प्रतीक

कई संस्कृतियों में, चांदी के आभूषणों को बुरी नज़र (नज़र) और नकारात्मक ऊर्जाओं से बचने के लिए एक सुरक्षात्मक आकर्षण या ताबीज के रूप में पहना जाता है। इस कारण से अक्सर नवजात शिशुओं को चांदी की चेन उपहार में दी जाती है।

### 6. रखरखाव में आसान और लंबे समय तक चलने वाली

चांदी की चेन टिकाऊ होती है, साफ करने में आसान होती है, और सालों तक चल सकती है।जो उन्हें बढ़ते बच्चों के लिए एक व्यावहारिक और भावनात्मक स्मृति चिन्ह बनाती है।

# शिक्षा की नई तकनीक से मिलेगा बच्चों को लाभ




संस्कृत भाषा विदेशी भाषा हिंदी भाषा और मराठी भाषा सहित धार्मिक शिक्षा की नई तकनीक के माध्यम से 50,000 से अधिक जैन बच्चे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करेंगे। गच्छाधिपति परम पूज्य आचार्य भगवंत राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराज,परम पूज्य आचार्य भगवंत मुक्ति वल्लभ सूरीश्वरजी महाराज परमपूज्य आचार्य भगवंत धर्म यश सूरीश्वरजी महाराज आदि ठाणा ने निश्रा प्रदान की थी, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया था। श्री धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा वर्ष 2025 में 1 कक्षा से 36 कक्षा तक के 25,000 विद्यार्थियों आयोजित धार्मिक परीक्षा के परिणाम में प्रथम क्रमांक में पास हुए 109 तेजस्वी विद्यार्थियों का श्री धार्मिक शिक्षण संघ ने भव्य सम्मान किया। श्री जैन धार्मिक शिक्षा संघ के उपाध्यक्ष श्री संजयभाई जीवनलाल शाह ने कहा कि यदि जैन शिक्षा को पांच वर्ष से 14 वर्ष की आयु तक विदेशी भाषा संस्कृत भाषा हिंदी भाषा और मराठी भाषा सहित धार्मिक शिक्षा की नई तकनीक के माध्यम से प्रदान किया जाए तो उनका विकास अवश्य होगा। धार्मिक शिक्षा की इस नई तकनीक से भारत ही नहीं बल्कि विश्व के देशों में रहने वाले जैन बच्चों को भी लाभ मिलेगा और भारत के सभी राज्यों में भी लाभ मिलेगा बच्चों में संस्कार की शुरुआत का पहला कदम पाठशाला ही है। जैन शासन का प्राण ही पाठशाला है। पाठशाला से निकलने वाले लड़के-लड़कियाँ भविष्य के जैन शासन के साधु-साध्वी,, सुश्रावक, सुश्राविका जैन ट्रस्टी, जैन स्वयंसेवक, जैन रक्षक बनेंगे। आज के समय में बच्चों को धार्मिक ज्ञान देना संस्था की पहली प्राथमिकता है। बच्चों में धार्मिक संस्कार होंगे तो उनका विकास अवश्य होगा, इसके लिए संस्था अथाग प्रयास कर रही है जैन धर्म के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य बच्चे बड़े होकर करेंगे। यह पाठशाला जैन धार्मिक शिक्षा के प्रसार और समाज सेवा में संस्था के बढ़ते योगदान को दर्शाता है। ट्रस्टी श्री अशोक नरसिंह चरला ने कहा मुंबई के 450 से अधिक स्कूलों में 1300 से अधिक शिक्षक अपना योगदान दे रहे हैं। आज मुंबई के स्कूलों में 50,000 से अधिक बच्चे धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। महिला विभाग की उपाध्यक्ष श्रीमती अल्पाबेन शाह ने कहा जैन धर्म विश्व का एक प्राचीन और वैज्ञानिक धर्म है, जो जीवदया, अहिंसा और आत्मशुद्धि पर जोर देता है। पाठशाला इस धर्म के मूल रूप के सिद्धांतों को बच्चों में रोपने का पवित्र कार्य करती है। पाठशाला के माध्यम से बच्चों को धार्मिक ज्ञान के साथ- साथ संस्कार, नैतिक मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी की शिक्षा दी जाती है। यह भविष्य की पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़े रखने का अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है, जो उन्हें विनय, विवेक और जीवदया जैसे गुण सिखाकर, आत्मा के महत्व को समझाता है। इस अवसर पर श्री जवाहरलाल मोतीलाल शाह, श्री सुरेशभाई देवचंद संघवी, श्री संजयभाई शाह, श्री अशोक नरसिंह चरला ,श्रीमती उषाबेन हेमेंद्र दोशी,श्रीमती अल्पाबेन संजयभाई शाह और श्री विमलेशभाई तथा श्री किरीटभाई फोफाणी ने अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए थे। इस अवसर पर अनेक महानुभावों और कई संस्थाओं के ट्रस्टीगण का श्री धार्मिक शिक्षण संघ ने सम्मान किया।

# गिल में 73 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने की क्षमता



**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम के हौसले बुलंद हैं। जसप्रीत बुमराह के बिना भारत ने एजबेस्टन में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। अब सीरीज का तीसरा टेस्ट लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर कल यानि 10 जुलाई से खेला जाएगा। क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस ग्राउंड पर भारत की कई यादें जुड़ी हुई है। 1983 का वर्ल्ड कप, नेटवेस्ट ट्रॉफी फाइनल भारत ने इसी ग्राउंड पर जीता था। यहां मिली पहली टेस्ट जीत भी यादगार रही। भारतीय क्रिकेट टीम ने 1932 में लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट खेला था। 54 सालों बाद भारत को इस ग्राउंड पर पहली टेस्ट जीत मिली। कपिल देव की कप्तानी में 1986 में यहां भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया था, उसमें रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर, मोहिंदर अमरनाथ, रोजर बिन्नी आदि दिग्गज शामिल थे। इसके बाद भारत इस ग्राउंड पर सिर्फ 2 टेस्ट ही और जीत पाया।

### सात दशक पुराने रिकॉर्ड पर गिल की नजर

शुभमन गिल ने बतौर कप्तान इस सीरीज के पहले मैच में शतकीय पारी खेली थी। दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 269 रनों की ऐतिहासिक और दूसरी पारी में 161 रन जड़े थे। वह भारत के लिए एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन (430) बनाने वाले बल्लेबाज बने। एजबेस्टन के बाद अब लॉड्र्स पर भी गिल की निगाहें एक बड़े रिकॉर्ड पर होगी। हालांकि इस रिकॉर्ड को गिल ही नहीं बल्कि ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल आदि कोई भी बल्लेबाज तोड़ सकता है।

### लॉड्र्स पर भारत बनाम इंग्लैंड हेड टू हेड आंकड़े

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 19 |
| इंग्लैंड ने जीते | 12 |
| भारत ने जीते | 3 |
| ड्रा | 4 |

### लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड के आंकड़े

- भारत के खिलाफ इंग्लैंड की सबसे बड़ी पारी- 653/4 (1990)
- भारत की सबसे बड़ी पारी- 454 (1990)
- सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय- दिलीप वेंगसरकर (508 रन)
- सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज- जो रुट (2022 रन)
- सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय- बिशन सिंह बेदी (17 विकेट)
- सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले इंग्लिश गेंदबाज- जेम्स एंडरसन (123)

लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे बड़ी टेस्ट पारी 184 रनों की है, जो सलामी बल्लेबाज वीनू मांकड़ ने 1952 में खेली थी। आज तक कोई भारतीय इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया है। लेकिन अब जिस तरह की बल्लेबाजी आज के भारतीय बल्लेबाज कर रहे हैं उसे देखते हुए ऐसा नहीं लगता है कि उनके लिए ये लक्ष्य ज्यादा मुश्किल होगा। फिलहाल, भारतीय बल्लेबाजों ने इस सीरीज के शुरूआती दो मैचों में प्रदर्शन किया है, उससे लगता है कि ये रिकॉर्ड अब टूट सकता है। भारत बनाम इंग्लैंड तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से शुरू होगा।

# रूट के विकेट पर अभी भी सदमें में इंग्लैंड टीम





**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट मैच गंवाने के बाद एजबेस्टन में शानदार वापसी करते हुए मुकाबले को 336 रनों से अपने नाम किया और सीरीज 1-1 से बराबरी पर लेकर आ गए। एजबेस्टन के मैदान पर टीम इंडिया की तरफ से जहां शानदार बल्लेबाजी देखने को मिली तो वहीं गेंदबाजों ने भी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह की जगह पर एजबेस्टन टेस्ट मैच में शामिल किए गए। तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके का पूरा फायदा उठाने के साथ कुल 10 विकेट अपने नाम किए। वहीं इस मैच में आकाश दीप की एक गेंद को लेकर अब तक चर्चा देखने को मिल रही है, जिसमें उन्होंने जो रूट को बोल्ड किया था। कई दिग्गजों के अनुसार वो एक नो-बॉल करार दी जानी चाहिए थी, और इंग्लैंड को अभी भी अपने उस खिलाड़ी का विकेट जाना पच नहीं रहा है। हालांकि, अब मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब यानी एमसीसी का भी बयान आ गया है।

एजबेस्टन टेस्ट मैच के चौथे दिन के आखिरी सेशन में जब इंग्लैंड की टीम को चौथी पारी में बल्लेबाजी करने का मौका मिला तो उन्होंने 30 रनों के अंदर अपने दोनों ओपनिंग बल्लेबाजों को गंवा दिया था। वहीं इसके बाद जो रूट ने पारी को एक छोर से संभालने क ा प्रयास किया लेकिन 11वें ओवर की दूसरी गेंद जो आकाश दीप ने फेंकी थी उसे रूट बिल्कुल भी नहीं समझ पाए और बोल्ड हो गए। इस गेंद को लेकर कुछ दिग्गजों का मानना था कि अंपायर को नो-बॉल देनी चाहिए थे, क्योंकि आकाश का पैर रिटर्न क्रीज के बाहर था। अब इसी पर एमसीसी की तरफ से भी बयान आ गया है, जिसमें एमसीसी ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन के मैदान पर चौथे दिन के खेल में आकाश की गेंद पर सवाल उठे थे, लेकिन ये नियमों के अनुसार पूरी तरह से सही था। गेंदबाज का गेंद फेंकते समय पैर रिटर्न क्रीज के अंदर होना चाहिए और उसे छूना नहीं चाहिए। पहला टच ही मायने रखता है। आकाश का उस गेंद पर पैर जमीन पर पड़ा तो वह क्रीज के अंदर था और इसीलिए गेंद पूरी तरह से लीगल थी।

# बुमराह की वापसी तय!



**नई दिल्ली।** तेंदुलकर-एंडरसन सीरीज अब 1-1 से रोमांचक पड़ाव पर है। इस सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 'क्रिकेट के मक्का' लॉड्र्स में 10 जुलाई से है। जहां दोनों ही टीमों की प्लेइंग 11 में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

एजबेस्टन में इंग्लैंड को 336 रन से हराने के बाद अब टीम इंडिया की नजर 10 से 14 जुलाई तक लॉड्र्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच पर है। भले ही टीम ने दूसरे टेस्ट में शानदार जीत दर्ज की हो, लेकिन टीम मैनेजमेंट कुछ बदलाव करने के मूड में है ताकि पांच मैचों की इस सीरीज में आगे भी जीत का सिलसिला बना रहे। लॉड्र्स में जसप्रीत बुमराह की वापसी तय मानी जा रही है। एजबेस्टन टेस्ट में उन्हें आराम दिया गया था। कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद पुष्टि की कि बुमराह लॉड्र्स टेस्ट में खेलेंगे। बुमराह की वापसी का मतलब है कि प्रसिद्ध कृष्णा आने वाले टेस्ट मैच में बाहर बैठेंगे। जो इस सीरीज में ज्यादा प्रभावशाली नहीं रहे हैं, वह टीम से बाहर हो सकते हैं। प्रसद्धि ने 2 टेस्ट मैचों में 4 विकेट लिए, लेकिन उनका गेंदबाजी एवरेज 55.16 और इकोनॉमी रेट 5.33 का रहा है। बुमराह की गैरमौजूदगी में डेब्यू करने वाले आकाश दीप ने एजबेस्टन में 10 विकेट लेकर सबको चौंका दिया था। उनके इस प्रदर्शन से यह माना जा रहा है कि उन्हें और मौके दिए जाएंगे।

# अविनाश जम्वाल ने देश को दिलाया रजत



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अविनाश जम्वाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। इससे पहले उन्होंने ब्राजील में भी इसी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। अब कजाकिस्तान के अस्ताना में भी ताकत का लोहा मनवाया। कजाकिस्तान के अस्ताना में 30 जून से 7 जुलाई तक विश्व मुक्केबाजी कप हुआ। विभिन्न मुकाबलों में अविनाश ने पूर्व ओलंपियन और मेजबान खिलाड़ियों को मात दी। फाइनल मुकाबले में अविनाश का सामना ब्राजील के यूरी फाल्काओ से हुआ।

दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल और ताकत का प्रदर्शन किया। मुकाबला रोमांचक मोड़ तक पहुंचा। आखिरकार 2-3 के करीबी बाउट में अविनाश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि इससे पहले अविनाश ने प्री-क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान के पूर्व ओलंपियन मलिक हसनओव को हराया। हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग संघ के महासचिव एसके शांडिल ने कहा कि लगातार दूसरी बार विश्व स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर यह साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में भारत की मजबूत उम्मीद बन चुके हैं। अमेरिका में हुई वर्ल्ड पुलिस बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिमाचल की बेटियों ने भी देश के लिए सम्मान हासिल किया। शिमला के रामपुर की रहने वाली मोनिका ने अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। किन्नौर की शशि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा किया।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पास टी20 सीरीज जीतने का मौका

**हरमनप्रीत को दिखाना होगा दम**



**नई दिल्ली।** भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे। फिलहाल, भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आज मैनचेस्टर में होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे। हरमनप्रीत पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने दूसरे मैच में वापसी की जिसमें वह एक रन ही बना सकी थी। उन्हें हरलीन देओल की जगह अंतिम एकादश में लिया गया जिन्होंने पहले मैच में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। हरलीन ने 23 गेंदों पर 43 रन बनाये थे, जिससे मंधाना को अपनी लय बनाए रखने में मदद मिली थी। इस श्रृंखला में भारत की स्पिनरों एन श्री चरणी (08 विकेट), दीप्ति शर्मा (06) और तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (04) ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और तेज गेंदबाज अमनजोत से थोड़ा और सहयोग चाहिए होगा। जहां तक इंग्लैंड की बात है तो अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज ने अर्धशतक लगाए थे और टीम को फिर से उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

# लॉड्र्स में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले टॉप 5 भारतीय




राहुल द्रविड़



सुनील गावस्कर



वीनू मॉंकड़



गुंडप्पा विश्वनाथ



दिलीप वेंगसरकर

**मुंबई।** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉड्र्स में खेला जाना है। सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत का लॉड्र्स में रिकॉर्ड कुछ खास नहीं। टीम इंडिया ने यहां 19 टेस्ट में से सिर्फ तीन जीते हैं। जिसमें सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले ये टॉप 5 भारतीय बल्लेबाज हैं।

लंदन के लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड दिलीप वेंगसरकर के नाम है। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने यहां चार टेस्ट मैच खेले और 72.57 के शानदार औसत से 508 रन बनाए। उनके बल्ले से तीन सेंचुरी और एक फिफ्टी निकली। लिस्ट में दूसरे पायदान पर राहुल द्रविड़ हैं। उन्होंने लॉड्र्स में अपने करियर में चार टेस्ट में 354 रन जुटाए। उनका औसत 59.00 का रहा। द्रविड़ ने यहां दो अर्द्धशतक और एक शतक जमाया।

पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने लॉड्र्स में पांच टेस्ट में 34.00 के औसत से 340 रन जोड़े। उन्होंने यहां दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं। गावस्कर लॉड्र्स में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले भारतीय क्रिकेटर हैं।

वीनू मांकड़ सूची में चौथे स्थान पर हैं। वह लॉड्र्स में दो टेस्ट मैचो में उतरे और चार पारियों में 83.25 की शानदार औसत से 333 रन बनाए। उन्होंने एक सेंचुरी और दो फिफ्टी लगाईं।

वहीं इस फेहरिस्त में पांचवें नंबर पर पूर्व बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ हैं। उन्होंने लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड में चार टेस्ट में 34.00 के औसत से 272 रन बटोरे। उनके बल्ले से यहां एक शतक और दो अर्धशतक निकले। भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान शुभमन गिल लॉड्र्स में पहली बार टेस्ट मैच खेलने उतरेंगे। वह इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज में शानदार फॉर्म में हैं। वह दो मैचों में 585 रन बना चुके हैं। गिल ने लीड्स में 147 जबकि बर्मिंघम में 269 और 161 रनों की पारी खेली। भारत ने बर्मिंघम में इंग्लैंड को 336 रनों से रौंदा, जिसमें गिल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। गिल अब लॉड्र्स में भी धमाल मचाने की फिराक में होंगे।

# फेडरल बैंक पुणे मैराथन के दूसरे संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू

**पुणे।** फेडरल बैंक पुणे मैराथन का दूसरा संस्करण, जिसे सह्याद्री रन के नाम से भी जाना जाता है, 23 नवंबर को सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है और इस मैराथन के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। फेडरल बैंक पुणे मैराथन का आयोजन स्ट्राइडर्स के सहयोग से किया जाएगा। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य पुणेकरों की अदम्य भावना, प्राकृतिक सुंदरता और फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता का जश्न मनाना है। इस प्रतियोगिता में चार श्रेणियां हैं । फुल मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किमी और 5 किमी चार श्रेणियां हैं और जिनके लिए पंजीकरण शुल्क है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक धावक https://stridersevents.in/events/info?FederalBankPuneMarathon2025 पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं । इस मैराथन रन के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता मिलिंद सोमन ने कहा, "फ़ेडरल बैंक के पहले संस्करण में अविश्वसनीय ऊर्जा और भागीदारी थी। पुणे वास्तव में एक ऐसा शहर है जो एक साथ चलता है, जो उस मैराथन दौड़ से यह साबित हुआ। इस मैराथन रन के दूसरे संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। मैं सभी को, अनुभवी धावकों और पहली बार इस मैराथन मे भाग लेने वालों को, इस रन के लिए पंजीकरण करने और इस प्रेरक रन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता हूँ। आइए हम सब मिलकर इस साल की सह्याद्री मैराथन को और भी शानदार, अधिक सक्षम और अधिक यादगार बनाएं ।"

***दौड़ का विवरण: आयोजन की तिथि: 23 नवंबर 2025***
***स्थान: पुणे***
***दौड़ श्रेणियाँ: फुल मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किमी और 5 किमी***
***पंजीकरण शुल्क: जीएसटी सहित 600 रुपए***

फेडरल बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी एम.वी.एस. मूर्ति ने कहा, "मैराथन रन के पहले संस्करण में हमें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। मैं दूसरे सीजन को और बड़ा, साहसिक और अधिक रोमांचक बनाने का वादा करता हूं । हम सभी उत्साही मैराथन धावकों को 23 नवंबर को हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं ।"

**15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025**

# हॉकी मध्य प्रदेश ने डिवीजन 'ए' में चंडीगढ़ को हराया



**रांची।** मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के पांचवें दिन हॉकी मिजोरम, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी झारखंड के बीच मुकाबला हुआ डिविजन 'ए' मुकाबलों में जीत हासिल की, जबकि मणिपुर हॉकी डिविजन 'बी' मुकाबलों में विजयी रही।

दिन के पहले डिविजन 'ए' मुकाबले में हॉकी मिजोरम ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को 11-0 से हराया। हॉकी मिजोरम की अग्रणी खिलाड़ी वनलालरिन्हलुई (9', 24', 25', 29', 33', 37') ने अजेय प्रदर्शन किया और उन्होंने ओपनर सहित छह गोल किए। एस्तेर लालरेमरुती (35', 58', 60') ने भी दूसरे हाफ में हैट्रिक लगाई, जबकि सी लालरुआत्सियामी (11') और के वनलालपेकी (15') ने पहले क्वार्टर में गोल करके व्यापक जीत की नींव रखी।

डिविजन 'ए' के एक अन्य मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी पंजाब को 3-1 से हराया। स्वीटी कुजूर (15', 30', 59') ने तीन गोल करके ओडिशा को जीत दिलाई। इस बीच, नवजोत कौर (54') ने आखिरी क्षणों में गोल करके पंजाब को थोड़ी उम्मीद दी, लेकिन यह बेकार गया। हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी चंडीगढ़ को दोपहर के डिवीजन 'ए' मुकाबले में 12-0 से हराया। नौशीन नाज (8', 9', 17', 44', 44', 53', 58') ने सात गोल करके मध्य प्रदेश की स्टार खिलाड़ी रहीं।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का एलान



**नई दिल्ली।** एक तरफ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम इंग्लैंड से लोहा ले रही है तो दूसरी तरफ महिला क्रिकेट टीम भी सीमित ओवरों की सीरीज में अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दे रही है। फिलहाल भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है, जिसमें टीम इंडिया 2-0 से आगे है। अब इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है।

भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम के बीच 16 जुलाई से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। यह मैच 16 जुलाई, 19 जुलाई और 22 जुलाई को खेले जाएंगे। सोफी एक्लेस्टोन और माइया बाउशियर को भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय महिला टीम में शामिल किया गया है। भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच तीनों वनडे क्रमशः 16, 19 और 22 जुलाई को साउथैम्प्टन, लॉड्र्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। अभी दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज खेली जा रही है, जिसके पहले दो मैच भारत ने जीते और तीसरा टी20 इंग्लैंड ने जीता। अब 9 जुलाई को चौथा टी20 और 12 जुलाई को पांचवां टी20 मैच खेला जाएगा।

सीनियर खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से बाहर रहने के बाद वनडे टीम में वापसी की है, जबकि बाउशियर को चोटिल नेट साइवर-ब्रंट के स्थान पर टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किए जाने के बाद वनडे टीम में भी रखा गया है। कमर की चोट के कारण पांच मैचों की सीरीज के अंतिम तीन टी-20 मैच से बाहर चल रही कप्तान साइवर-ब्रंट के वनडे सीरीज के लिए फिट होने की उम्मीद है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय महिला टीम- नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, सोफिया डंकले, एम्मा लैम्ब, टैमी ब्यूमोंट (विकेटकीपर), एमी जोन्स (विकेटकीपर), माइया बाउशियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन रिचड्र्स, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, लिन्सी स्मिथ और लॉरेन बेल।

# रणबीर ने तोड़ा प्रभास का रिकॉर्ड





**रणबीर कपूर जल्द 'भगवान राम' बनकर बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। लेकिन उनकी वापसी किसी दूसरी फिल्म से होगी, जो है- Love And War यूं तो रणबीर कपूर को लेकर 'एनिमल' के बाद से ही बज बना हुआ है। पर जब उनकी Ramayan का फर्स्ट लुक सामने आया, तो लोग उनके साथ यश को देखकर भी खुश हो गए, उनकी फिल्म का पहला पार्ट दिवाली 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगा। वहीं दूसरे के लिए दिवाली 2027 का इंतजार करना होगा। इस फिल्म से रणबीर कपूर ने प्रभास का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, लेकिन फिर भी पीछे रह गए।**

दरअसल 'रामायण' के पहले पार्ट का बजट 835 करोड़ है,वहीं दूसरे पार्ट को 700 करोड़ में बनाया जाएगा,जिसका टोटल बजट होता है 1600 करोड़। हाल ही में एक रिपोर्ट से पता लगा कि रणबीर कपूर एक पार्ट के लिए 75 करोड़ फीस वसूल रहे हैं,लेकिन इससे पहले प्रभास ने 'भगवान राम' बनकर इससे कई करोड़ ज्यादा वसूले थे। हाल ही में पता लगा कि 'रामायण' के एक पार्ट के लिए रणबीर कपूर ने 75 करोड़ वसूले हैं। जबकि, यह दो पार्ट्स में रिलीज की जाएगी. ऐसे में वो 'भगवान राम' बनने के लिए टोटल 150 करोड़ फीस ले रहे हैं। वहीं माता सीता बन रही साई पल्लवी को 6 करोड़ एक पार्ट के लिए मिले हैं. उनका टोटल भी 12 करोड़ होता है। दरअसल नमित मल्होत्रा 'रामायण' के दोनों पार्ट्स को 1600 करोड़ के बजट में तैयार कर रहे हैं। हालांकि, जहां कुछ लोगों को डर है कि इस फिल्म का 'आदिपुरुष' वाला हाल न हो जाए। तो कुछ ने प्रभास और मेकर्स को ट्रोल किया, जब रामायण का फर्स्ट लुक आ गया। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म आदिपुरुष में प्रभास ने 'भगवान राम' का किरदार निभाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस फिल्म के लिए 150 करोड़ वसूले थे। जो रिकॉर्ड रणबीर कपूर 1600 करोड़ी 'रामायण' से तोड़ चुके हैं। दरअसल प्रभास इंडियन सिनेमा के हाइएस्ट पेड एक्टर्स में से एक हैं।

# 150 करोड़ क्लब में शामिल हुई 'सितारे जमीन पर'

बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान की फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। आमिर खान की फिल्म सितारे ज़मीन पर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुयी है। यह फिल्म वर्ष 2007 की क्लासिक तारे ज़मीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल कही जा रही है। आमिर खान ने वर्ष 2022 में प्रदर्शित फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की असफलता के बाद फिल्मों से ब्रेक ले लिया था। आमिर ने 'सितारे जमीन पर' के जरिए शानदार वापसी की है।हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।फिल्म 'सितारे जमीन पर'बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। 'सितारे ज़मीन पर' ने दर्शकों का दिल छू लिया है। आमिर खान ने अपनी इस फिल्म से एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे सही मायनो में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट हैं। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'सितारे जमीन पर ' ने 18 दिनों में 150 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। फिल्म सितारे जमीन पर में 10 नए चेहरों की धमाकेदार लॉन्चिंग हुयी है। आमिर खान प्रोडक्शंस प्रस्तुत इस फिल्म में 10 राइजिंग सितारे अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभजैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर हैं। 'सितारे जमीन पर' में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख लीड रोल में हैं। इस फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है। इसका स्क्रीनप्ले दिव्य निधि शर्मा ने लिखा है। इस फिल्म को आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने रवि भागचंदका के साथ प्रोड्यूस किया है, जबकि निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना ने किया है।



# अहान के लुक को देख भावुक हुए पापा सुनील शेट्टी



**सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अब बड़े पर्दे पर अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। वह सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं, जो 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का दूसरा भाग है। हाल ही में अहान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक खास फोटो पोस्ट की, जिसमें वो और उनके पिता सुनील शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अब इसपर सुनील शेट्टी का रिएक्शन सामने आया है। आइए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है।**

बॉर्डर 2 से सामने आए अहान शेट्टी के फोटो को देखकर ऐसा लग रहा है कि जैसे बाप-बेटे नहीं बल्कि जुड़वां भाई हों। इस पोस्ट के साथ अहान ने लिखा, "हर बेटा कहीं न कहीं अपने बाप जैसा बनना चाहता है।" अब अपने बेटे की इस पोस्ट पर सुनील शेट्टी ने भी प्यार भरी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा, "चिप ऑफ द ओल्ड सोल यानी बिलकुल पिता जैसा।"फैंस ने भी जमकर तारीफ की कि अहान सेना की वर्दी में सुनील शेट्टी की कॉपी लगते हैं।

### 'बॉर्डर 2' की कहानी

फिल्म बॉर्डर 2 भी पहले भाग की तरह 1971 के भारत-पाक युद्ध की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

'बॉर्डर 2' अगले साल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं क्योंकि यह न सिर्फ देशभक्ति से भरपूर है, बल्कि इसमें नई और पुरानी पीढ़ी का दमदार मेल भी देखने को मिलेगा।

अहान ने हाल ही में वरुण धवन के साथ एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है।



# भारत की तरफ से ऑस्कर में गई थीं ये फिल्में

**ऑस्कर अवॉर्ड जीतना किसी भी फिल्म के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। आज तक किसी भी भारतीय फिल्म ने 'बेस्ट फिल्म' की कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड नहीं जीता है। लेकिन कुछ हिंदी फिल्में रही हैं जो या तो ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुई थीं या उन्हें भारत की तरफ से ऑस्कर एंट्री के तौर पर भेजा गया था। तो चलिए जानते हैं इन कमाल की फिल्मों के बारे में जो आपने नहीं देखीं तो जरूर देखना चाहिए।**

### लगान

आमिर खान की मल्टीस्टारर फिल्म 'लगान' को 'बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म' की कैटेगरी में ऑस्कर्स में नॉमिनेट किया गया था। फिल्म को भारत में काफी क्रेजी रिस्पॉन्स मिला लेकिन ऑस्कर्स में यह बाजी नहीं मार सकी।

### सलाम बॉम्बे

मीरा नायर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को भी 'बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म' की कैटेगरी में ऑस्कर्स में नॉमिनेशन मिला था। फैंस बहुत खुश थे, लेकिन इसे भी ऑस्कर अवॉर्ड नहीं मिला।

### रंग दे बसंती

नॉमिनेशन्स के अलावा उन टॉप फिल्मों की बात करें जिन्हें भारत की तरफ से ऑस्कर में एंट्री के तौर पर भेजा गया था तो इसमें पहला नाम है साल 2006 में आई आमिर खान की 'रंग दे बसंती' का।

### तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर भी भारत की तरफ से ऑस्कर्स में भेजी गई थी। लेकिन दिल छू लेने वाली इस कहानी को भी ऑस्कर में जगह नहीं मिली।

### मदर इंडिया

साल 1957 में आई 'मदर इंडिया' भी ऑस्कर में नॉमिनेट हुई थी। नरगिस और सुनील दत्त स्टारर यह फिल्म टॉप 5 तक पहुंचने में कामयाब रही थी।



# धुरंधर फर्स्ट लुक में दिखा रणवीर सिंह का गुस्सा

रणवीर सिंह ने आदित्य धर द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म के पहले लुक में अपना गुस्सा दिखाया है। प्रोमो के साथ ही धुरंधर की रिलीज डेट की भी घोषणा की गई। वैसे तो रणवीर ने अपने पूरे करियर में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह फिल्म अब तक की उनकी किसी भी फिल्म से अलग है। बॉलीवुड कलाकार रणवीर सिंह-अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' पांच दिसंबर को रिलीज होगी। निर्माताओं ने रविवार को इसकी जानाकरी दी। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक से प्रसिद्धि पाने वाले आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह आगामी फिल्म जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत की गई है। निर्देशक आदित्य के साथ ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी इसके निर्माताओं में शामिल हैं। अभिनेता रणवीर सिंह के 40वें जन्मदिन पर फिल्म निर्माताओं ने इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म की पहली झलक सोशल मीडिया मंचों पर साझा की। इसमें रणवीर को गंभीर अवतार में दिखाया गया और फिल्म के लड़ाई वाले दृश्यों की झलक भी थी। पिछले साल जुलाई में घोषित इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल मुख्य किरदारों में नज़र आएंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पहली झलक में शाश्वत द्वारा रचित एक उनकी अपनी धून है, जिसमें जैस्मीन सैंडलस ने स्वर दिए हैं। गीत के निर्माण में नए युग के उभरते कलाकार हनुमानकाइंड का भी सहयोग है।




# 31 जुलाई को रिलीज होगी 'किंगडम'




दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंगडम' 31 जुलाई को रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की आगामी फिल्म 'किंगडम' की रिलीज डेट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था। अब मेकर्स ने इसकी रिलीज तारीख की घोषणा कर दी है। विजय देवरकोंडा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जो उनकी आगामी फिल्म 'किंगडम' का नया प्रोमो है। इसकी शुरुआत में विजय को ऑफिसर की वर्दी में देखा गया। हालांकि, इसके बाद विजय को कैदी के अवतार में भी दिखाया गया, जिसमें वो अपने हक की लड़ाई लड़ते दिख रहे हैं। विजय ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि 'किंगडम' 31 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म किंगडममें विजय देवरकोंडा के अलावा भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है। फिल्म को सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमा के बैनर तले नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

# विश्व मंच पर भारतीय संगीत की चमक



**भारत, विशेष रूप से मुंबई के लिए एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक क्षण में, नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मंचन इंडिया वीकेंड की मेज़बानी करने जा रहा है। यह आयोजन न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित लिंकन सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स में 12 से 14 सितंबर, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा।**

तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में भारतीय संगीत और कलात्मकता का उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें भारत के बेहतरीन कलाकारों का शानदार समूह प्रस्तुति देगा। इनमें ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार शंकर महादेवन, गायन सम्राज्ञी श्रेया घोषाल, और प्रख्यात कलाकार सिद्धार्थ महादेवन, शिवम महादेवन, मामे ख़ान, उस्मान मीर, आमिर मीर, तबला वादक ओजस आधिया, और सितार वादक पुर्बायन चटर्जी शामिल हैं। डैमरॉश पार्क में होने वाले ये कार्यक्रम शास्त्रीय और आधुनिक संगीत का संगम प्रस्तुत करेंगे जहां रागों की आत्मीयता, लोक संगीत की परंपरा, सूफियाना गायकी की शक्ति और आधुनिक फ्यूजन की ऊर्जा मैनहटन के दिल में गूंजेगी।

सबसे अधिक प्रतीक्षित प्रस्तुतियों में से एक है सितार वादक पुर्बायन चटर्जी की,जो भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहरी समझ और आधुनिक दृष्टिकोण के लिए विश्वविख्यात हैं। इस विशेष मंचन के बारे में बात करते हुए पुर्बायन चटर्जी ने कहा,"मैं इस बेहद खास प्रस्तुति को लेकर अत्यंत उत्साहित हूं,जिसे मेरे गुरु समान शंकर महादेवन जी ने क्यूरेट किया है। श्रेया घोषाल, उस्मान मीर, मामे खान, और प्रतिभाशाली ओजस आधिया जैसे दिग्गजों की उपस्थिति इसे एक अनोखा संगम बनाती है। मैं अंबानी परिवार, NMACC की टीम और विशेष रूप से शंकर जी का इस सम्मान के लिए आभार प्रकट करता हूं।"

# नेहा कक्कड़ का लोगों ने खूब उड़ाया मजाक!



**नेहा कक्कड़ की पोस्ट कुछ ही समय में वायरल हो गई, जिसमें कई लोगों ने गायिका को उनके पहनावे के लिए खरी-खोटी सुनाई। कई लोगों ने मज़ाक में कहा कि उनका लुक सुपरमैन से प्रेरित है। नेहा कक्कड़ के हाल ही में किए गए परिधानों के चयन ने नेटिज़न्स को निराश कर दिया है। गायिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने हाल ही के स्टेज परफॉरमेंस की एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में नेहा सफेद टॉप के ऊपर नीली ब्रा पहने हुए नज़र आ रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने दो जोड़ी ट्रैक पैंट भी पहनी हैं, जिसमें सबसे ऊपर की परत थोड़ी छोटी या ढीली है। हालांकि, तस्वीरें शेयर किए जाने के तुरंत बाद, नेटिज़न्स कमेंट सेक्शन में पहुँच गए और गायिका को उनके आउटफिट के लिए ट्रोल किया। एक Reddit यूजर ने भी नेहा की कॉन्सर्ट की तस्वीरें प्लेटफॉर्म पर शेयर कीं और लिखा, "यह आउटफिट आखिर है क्या?"**



तस्वीरों में, नेहा एक सफ़ेद फुल-स्लीव फ़िटेड क्रॉप टॉप और उसके ऊपर एक ब्लू ब्रालेट-स्टाइल टॉप पहने हुए दिखाई दे रही हैं। उन्होंने अपने लुक को बैगी ग्रे स्वेटपैंट के साथ स्टाइल किया है, जिसे उन्होंने कमर पर पहना है, जिससे उनके ब्लू ट्रैक शॉर्ट्स का कमरबंद बाहर झांक रहा है। जबकि गायिका ने एक स्पोर्टी और बोल्ड फ़ैशन स्टेटमेंट और स्ट्रीटवियर वाइब दिया, उन्हें उनके पहनावे के लिए ट्रोल किया गया। सोशल मीडिया यूज़र्स के एक वर्ग ने उनके टॉप के ऊपर ब्रा पहनने के लिए उनकी आलोचना की। एक यूज़र ने लिखा, "ये कौन सा फ़ैशन है, नीचे लोअर और ऊपर के ऊपर ब्रा।" एक अन्य यूज़र ने लिखा,"सब कुछ ठीक है, लेकिन आपका ड्रेसिंग सेंस जीरो है।" तीसरे यूजर ने लिखा,"इसने तो अंदर का बाहर या बाहर का अंदर पहन लिया है, इसलिए कहते हैं कि शिक्षा ज़्यादा ज़रूरी है।" चौथे यूजर ने कहा, "अगर हमारे यहाँ कोई ऐसा नहीं करता तो लोग पागल हो जाते।"